# अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम

## *Social Activities* *News & Events*

## (०१.०९.२०२४ से ३१.०८.२५)

**Sawai Madhopur Unit: 31.08.2025**

सवाई माधोपुर में पुज्य गणिनी आर्यिका 105 श्री विशुद्ध मति माताजी एवं संघस्थ पट्टगणिनी आर्यिका 105 श्री विज्ञ मति माताजी ससंघ 7 पीछी का चातुर्मास जैन बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष मोहन लाल जैन एवं महावीर कुमार जैन के नेतृत्व में हो रहा है। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष मोहन लाल जैन एवं महामंत्री श्री महावीर कुमार जैन ही सारा कार्यभार कुशलता से संपन्न हो रहा है।

**Jhansi Unit: 30.08.2025**

**अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम – यूनिट झाँसी द्वारा एक विशेष प्रयास**

एक बैनर झाँसी यूनिट द्वारा बनवाया गया है, जो 3-4 दिनों में झाँसी के प्रत्येक जैन मंदिर में पहुँच जाएगा। इसमें यह प्रयास किया गया है कि परंपरागत अध्यक्ष, मंत्री आदि पदों की बजाय हर बैंक से कम से कम एक सदस्य को संपर्क सूत्र में शामिल किया गया है, ताकि समाजजन को किसी भी बैंक में कार्य हो तो वह संबंधित व्यक्ति से सीधा संपर्क कर सकें और कार्य आसानी से सम्पन्न हो सके। जो बैंक झाँसी शहर में हैं और जिनसे अभी कोई सदस्य नहीं हैं, उनके लिए भी यही सदस्य प्रयास करेंगे कि वहाँ भी समाजजन को सहयोग दिलवाया जा सके।
– रोनक जैन, सचिव, यूनिट झाँसी

**Bhopal Unit: 30.08.2025**

जैन बैंकर्स फोरम भोपाल की और से दस लक्षण पर्व पर आयोजित धर्म आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में लगभग 40 प्रतियोगियों ने भाग लिया, फोरम द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए, बच्चों ने अत्यंत ही रोचक ड्रेस पहनी.

**Jaipur Central Unit: 28.08.2025**

श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर चित्रकूट कॉलोनी सांगानेर जयपुर में आचार्य 108 सुंदर सागर जी महाराज चतुर्विघसंघ का चतुर्मास 22 पीछी का चल रहा है । इसमें अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट की ओर से भी विभिन्न कार्यक्रमों में प्रमुख भूमिका निभाई जा रही है जिससे जैन समाज में बैंकर्स फोरम को काफी अच्छी पहचान मिली है । तथा बैंकर्स फोरम के क्रिया कलापों की सराहना की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 27/08/2025 को भी साधु-संत के आहार के लिए चौका लगाया गया। जिसमें एक मुनी,एक आर्यिका,व एक छुल्लक जी को आहार कराने का सुअवसर प्राप्त हुआ। बैंकर्स फोरम की जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट की ओर से श्री महावीर प्रसाद जैन सपरिवार, श्री सुशील कुमार जैन सपरिवार श्री बाबूलाल जैन बिलाला सपरिवार, श्री बाबूलाल पापडीवाल सपरिवार, श्रीमति स्नेह लता जैन, श्रीपुलकित जैन सपरिवार ने सहभागिता प्रदान की

## Saharanpur Unit: 27.08.2025

जैन समाज सहारनपुर के लिए एक अत्यंत पुण्यकारी और आध्यात्मिक वातावरण से परिपूर्ण अवसर सुलभ हुआ है। अहो भाग्य तीर्थक्षेत्र श्री दिगंबर जैन मंदिर, जैन बाग, वीर नगर में परम पूज्य भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्शसागर जी महामुनिराज (ससंघ) विराजमान है।

* आज अ भा जैन बैंकर्स फोरम, शाखा सहारनपुर को संत भवन जैन बाग मन्दिरजी में दिनांक 27 अगस्त 2025 को सुबह 9:30 बजे अचार्य संघ को आहारचर्या कराने का परम सौभाग्य मिला ।*

आज सदस्यों ने मिलकर सामुहिक चोका लगाया, जिसमें दो महाराज, एक क्षुल्लक जी, नौ माता जी/ क्षुल्लिका जी को आहार देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आहार देने का सौभाग्य श्री अनिल कुमार जैन ( भगवती कालोनी), अनिल कुमार जैन ( ज्ञान गार्डन), श्री अरूण कुमार जैन, श्री राजीव जैन (मदन पुरी कालोनी), श्री सतीश जैन ( जैन बाग), श्री प्रवीण कुमार जैन, श्री मदन जैन, श्री बालेश जैन, श्रीमती कमलेश जैन, श्रीमती सुधीर जैन आदि को प्राप्त हुआ एंव पुण्य अर्जित किया।

## Bhopal Unit: 26.08.2025

**विद्या प्रमाण गुरुकुलम .. ज्ञान दान विद्या दान भोपाल**

आज सुबह अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम भोपाल को 108 मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के द्वारा भोपाल में स्थापित विद्या प्रमाण गुरुकुलम जिसमें पूरे देश के मेघावी छात्रों के रहने, खाने एवं संस्कारित शिक्षा देकर अच्छे नागरिक बनाने का प्रयोजन है में शांतिधारा करने एवं महाराजजी की पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. इस अवसर पर भोपाल फोरम द्वारा राशि Rs 51000 भी गुरुकुलम को प्रदान की गई, इस अवसर पर जैन बैंकर्स फोरम भोपाल के सदस्यों द्वारा आचार्यश्री विद्या सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण किया गया एवं दीप प्रज्वलन किया गया. फोरम की महिला सदस्यों ने पूजन हेतु मनमोहक सामग्री सजाने का कार्य किया गया. अपने प्रवचन में मुनि श्री प्रमाण सागर जी ने आगामी दस लक्षण व्रत को जीवन में उतारने पर जोर दिया साथ ही 14 सितंबर को सकल जैन समाज की क्षमा वाणी मनाने को कहा. सभी ने सामूहिक भोज किया.

## Gurgaon Unit: 25.08.2025

दिनांक 23 अगस्त 2025 शनिवार के दिन गुरुग्राम यूनिट के लगभग 18 सदस्यों ने गुरुग्राम फरीदाबाद रोड पर स्थित बंधवाड़ी विलेज में The Earth Saviours Foundation जहां बेसहारा लोगों को सहारा दिया जाकर पुण्य का कार्य किया है, को विजिट किया, जिसमें विशिष्ठ संरक्षक श्री पी के जैन GM SBI, परम संरक्षक श्री सोम प्रकाश जैन AGM SBI, संरक्षक श्री मुकेश जैन CMD OBC, अध्यक्ष श्री राजेश जैन, सचिव श्री डी सी जैन सहित यूनिट के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इनमें से कुछ पहली बार विजिट कर रहे लोगों ने संस्था का अवलोकन किया गया, जिसे देखकर अभिभूत हुए बिना नहीं रहे. तत्पश्चात निःसहाय और बेघर लोगों के लिए वस्त्र और के स्वयं के घरों पड़ी ऐसी सामग्री जो हमारे लिए अनुपयोगी और उनके काम आने वाली का, संस्था को समर्पण किया गया। इसके अलावा नगद धन राशि Rs. 20000 का डोनेशन भी संस्था को दिया गया। फोरम के वरिष्ठ सदस्यों श्री पीके जैन, श्री सोम प्रकाश जैन और श्री मुकेश जैन ने संस्था के संचालक को इस पुनीत मगर दुर्धर कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। संस्था के कार्यपालक द्वारा भी संस्था के इस परोपकारी कार्य बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए फोरम का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के पश्चात फोरम के सदस्यों के लिए सुस्वादु भोजन की व्यवस्था की गई जिसके प्रायोजक श्री सोम प्रकाश जैन एवं श्रीमति मंजू भाभी जी रहे। सभी सदस्यों द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया

## Bhopal Unit: 24.08.2025

जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा भावना योग का आयोजन किया गया

### Saharanpur Unit: 24.08.2025

आज दिनांक 24.08.2025 दिन रविवार को जैनबाग, सहारनपुर में 12.00 बजे आम सभा की मिटिंग श्री अनिल कुमार जैन ( भगवती कालोनी) की अध्यक्षता में हुई। जिसमें निम्न विषयों पर विचार हुआ। सभा की शुरुआत 9 बार णमोकार मंत्र पढकर हुई। राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन, दिल्ली में 28.09.2025 पर जाने पर विचार हुआ। सर्व सम्मति से सभी सदस्यों ने अधिवेशन में जाने पर सहमति जताई। उसी समय श्री अरुण कुमार जैन, श्री राजीव जैन ( राम जीवन नगर), श्री अनिल कुमार जैन एवं श्री सुधीर कुमार जैन ने अधिवेशन में जाने की सहमति दी। बाकी सदस्यों ने बाद में बताने के लिए कहा। सभी सदस्यों ने फोरम में नये सदस्य बनाने के लिए कहा। अभी तक 17 सदस्यों ने वार्षिक शुल्क जमा किया है। सभी 17 सदस्यों का 50 रुपये का शुल्क केन्द्र को भेजने के लिए बताया। प्रत्येक माह मिटिंग करने/ कोई धार्मिक अथवा सेवा कार्यक्रम करने का प्रस्ताव पास हुआ। बैंकिंग गोष्ठी करने पर

सहमति नहीं बन पाई। अगामी मिटिंग पर फिर र्चचा करने के लिए बात हुई। सहारनपुर जैनबाग में आचार्य श्री का 30 पिचछी का संघ विराजमान है। इसके लिए 27.08.2025 को बैंकर्स फोरम, सहारनपुर शाखा की तरफ से सामुहिक चौका लगाने की सहमति बनी, इसमें सभी सदस्य परिवार सहित सहयोग करेंगे एवं पुण्य अर्जित करेंगे। मिटिंग के अन्त में श्री अरुण कुमार जैन जी ( संरक्षक) की तरफ से सूक्ष्म जलपान की वयवस्था थी। जिसका सबने आनन्द लिया, और श्री अरुण कुमार जैन जी का धन्यवाद किया।

**Firozabad Unit: 24.08.2025**

अखिल भारतीय जैन बैकर्स फोरम फिरोजाबाद इकाई की त्रैमासिक बैठक कल शनिवार 23 अगस्त को अध्यक्ष अमित कुमार जैन के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में मंगलाचरण एवं स्वागत उद्बोधन चक्रेश कुमार जैन ने किया। मुख्य प्रबंधक जौली जैन SBI एवं सुधीर जैन ने वर्तमान कार्यकारिणी को पुनः 2025-28 के लिए मनोनीत बनाए रखने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया । सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से करतल ध्वनि के साथ अध्यक्ष अमित कुमार जैन, मंत्री अनिल कुमार जैन एवं कोषाध्यक्ष विनोद कुमार जैन को पुनः आगामी सत्र 25-28 के लिए मनोनीत किया। बैठक में मंत्री अनिल कुमार जैन ने राष्ट्रीय अधिवेशन के बारे में विस्तार से बताया. उपस्थित अधिकांश सदस्यों ने अधिवेशन में सहभागिता की स्वीकृति दी। डॉ. विनोद कुमार जैन, सुधीर जैन, सानू जैन PNB , चन्द्र प्रकाश जैन एवं राजेश जैन SBI ने भी अपने विचार रखे. अन्त में अध्यक्ष अमित कुमार जैन ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और अधिक से अधिक संख्या में उक्त अधिवेशन में शामिल होने का आव्हान किया।

## THA Ghaziabad Unit: 23.08.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आज दिनांक 23 अगस्त 2025 दिन शनिवार को आर्यका आर्षमति माताजी के पावन सानिध्य में जो 48 दिन का भक्तांमर महा विधान अतिशय क्षेत्र रानीला में चल रहा था आज उसका भव्य समापन समारोह एवं रथ यात्रा थी जिसमें अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से एक बस लेकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ जहां हम इस भव्य समारोह के साक्षी बने एवं माता जी के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ । रानीला जाने से पूर्व प्रातः गाजियाबाद से चलकर हम आचार्य गुप्तिसागर महाराज जी के गुप्तिधाम गन्नौर में एवं आचार्य सौरभ सागर जी के गन्नौर में ही सोभांचल मंदिर के दर्शन किए एवं गुप्तिधाम में सभी ने बड़े भक्ति भाव से आज शनिवार के दिन भगवान मुनिसुब्रत नाथ भगवान की प्रतिमा का जलाभिषेक एवं शांति धारा करने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ ।इस कार्यक्रम में शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन शाखा सचिव श्री अंकित जैन शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बी एस जैन शाखा सदस्य श्री शशि जैन पंजाब बैंक श्री सुखसागर जैन स्टेट बैंक श्री मयंक जैन आदि ने सह परिवार कार्यक्रम में सहभागिता की ।

## Jaipur Central Unit: 18.08.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के बैनर तले आज दिनांक 17 अगस्त 2025 को पींजरापोल गौशाला सांगानेर जयपुर में गायों को चारा, केले,व बंटा (cattle feed) खिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पींजरापोल गौशाला में लगभग6500 गायों को रखा गया है। गऊशाला में सारी क्रियाये प्राकृतिक तरीके से की जाती है। तथा सारे पशु भारतीय है।दुध दूहने से लेकर दही जमाना, मक्खन, बिलौना,छाछ, यहां तक कि गर्भाधान तक सभी क्रियाये प्राकृतिक तरीके से की जाती है। दूध,घी, दही, छाछ भी गायों की नस्ल अनुसार अलगअलग रखा जाता है, गायों को भी नस्ल वार अलग अलग जगह रखा जाता है ।कार्यक्रम में निम्नलिखित बैंकर्स नें भाग लिया।1)श्री सुशील कुमार जैन सपरिवार2)श्री आनंद प्रकाश जैन सपरिवार 3)श्री राकेश पाण्ड्या सपरिवार 4) श्री बाबूलाल जैन बिलाला सपरिवार 5)श्री पुलकित जैन सपरिवार 6)श्रीमति गुंजन जैन गायों को चारा खिलाने के लिए काफी संख्या में लोग जुटे हुए थे।गौशाला में कई किस्म की आयुर्वेदिक दवाई के पौधे भी जैविक खाद से तैयार किए जाते है। वहां से कई जैविक खाद से तैयार खाद्य पदार्थ , आयुर्वेदिक उपयोग की वस्तुए भी सदस्यों ने खरीदी। तथा डा. अतुल कुमार जी से जैविक खाद से तैयार कृषि उत्पाद के महत्व को समझा व उपयोग का तरीका सीखा विशेष रूप से महिलाओ ने ।

## Agra Unit: 17.08.2025

Pics of participation of members of Jain Bankers Forum, Agra in Shri Bhaktamber Stotra Deep Malika held on 16.08.2025 at Shri 1008 Parshwa Nath Digamber Jain Mandir,Shalimar,Agra.

**Jaipur Central Unit: 16.08.2025**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट की ओर से आचार्य 108 सुंदर सागर महाराज जी (22 पीच्छी) के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर चित्रकूट कॉलोनी सांगानेर जयपुर में चल रहे चतुर्मास के दौरान आज पांचवे दिन साधु-संतों के लिए चौका लगाया गया।चौके में एक आर्यिका तथा एक छुल्लिका का पडगाहन जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के चौके में हुआ।आज के चौके में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट से निम्नलिखित सदस्यों ने आहार दिया......

1)श्री बाबू लाल जैन बिलाला सपरिवार
2)श्री आनंद प्रकाश जैन  सपरिवार
3)श्री सुशील कुमार जैन सपरिवार
4)श्री पदम कुमार जैन  सपरिवार
5)श्री बाबू लाल पापडीवाल सपरिवार
6)श्री जितेन्द्र कुमार जैन

इसके अलावा स्थानीय समाज के लगभग 10-12 धर्मावलंबी व डूंगरपुर, बांसवाड़ा, सागवाडा, बाराबंकी, दिल्ली, लखनऊ इत्यादि जगह से आये लगभग 25-30 धर्मावलंबियों ने आहार दिया। इसी चौके में चार दीदी व दो ब्रह्मचारी ने भी आहार ग्रहण किया। सफलता पूर्वक आहार हो जाने के लिए अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के सभी सदस्यों को एवं सभी आहार दाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

**THA Ghaziabad Unit: 16.08.2025**

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आज दिनांक 16 अगस्त 2025 को प्रातः 10:00 बजे अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से श्री महावीर वाटिका, सेक्टर 10 वसुंधरा गाजियाबाद में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें तीन फीट या उससे ऊंचाई के फलदार वृक्ष एवं पर्यावरण वातावरण से संबंधित वृक्षों का रोपण किया गया। मुख्य रूप से आम, अमरूद, अनार, नींबू,  नीम आदि के वृक्ष सभी सदस्यों द्वारा लगाए गए एवं उनको पानी देकर सिंचित भी किया गया। साथ ही वहां के एक माली की साल भर के लिए यह जिम्मेदारी दी गई कि उन पौधों को हर दिन सिंचित करेगा एवं उनकी देखभाल करेगा। पिछले वर्ष जो हमारे द्वारा वृक्षारोपण कर वैशाली डिवाइडर पर वृक्षों के पौधे लगाए गए थे वे आज 7 से 8 फुट लंबे हो चुके हैं सभी को यह देखकर बहुत आत्मिक संतुष्टि का अनुभव हुआ एवं ऐसा लगा कि वास्तव में  हम लोगों के द्वारा किए गए प्रयास फलीभूत हो रहे हैं। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन, शाखा अध्यक्ष श्री विशालचंद जैन, शाखा कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन, शाखा उपाध्यक्ष श्रेयांश कुमार जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बीएस जैन, शाखा संयुक्त मंत्री श्री प्रदीप कुमार जैन शाखा, सदस्य श्री सुखसागर जैन श्री विकास जैन श्री अरुण कुमार जैन आदि ने अपनी सहभागिता दी। इस वृक्षारोपण में सहयोग करने के लिए महावीर वाटिका के दोनों मालियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

**Jaipur Central Unit: 15.08.2025**

आचार्य 108 सुंदर सागर महाराज जी 22पीच्छी का चतुर्मास श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर चित्रकूट कोलोनी सांगानेर जयपुर में चल रहा है।अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट की ओर से साधुसंतो के लिए लगाया चौके में आज ( 15 अगस्त 25 को )एक  मुनी एवम एक आर्यिका का पडगान हुआ। जिसमें समाज के लगभग 20 धर्मावलंबियों के साथ साथ अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के निम्न लिखित सदस्यों ने आहार देकर पुण्य लाभ प्राप्त किया...

1) श्री आनंद प्रकाश जैन सपरिवार
2) श्री सुशील कुमार जैन सपरिवार
3) श्री बाबूलाल पापडीवाल सपरिवार
4) श्री जी एल जैन
5) श्री पदम कुमार जैन सपरिवार
6) श्री बाबू लाल जैन बिलाला सपरिवार
7) श्री जितेन्द्र जैन

**Baran Unit: 15.08.2025**

अखिल भारतीय जैन बेंकर्स फोरम यूनिट बारां के सदस्य परिवारों द्वारा आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के समाधि स्थल पर दिगम्बर जैन नसियां जी बारां में स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर पोधा रोपण किया गया।

**Jaipur Central Unit: 13.08.2025**

आज दिनांक 14/08/2025 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के चौके में एक मुनी व एक छुल्लक जी का पडगान हुआ। आहार देने के लिए अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के श्री बाबू लाल जैन बिलाला सपरिवार, श्री सुशील कुमार जैन सपरिवार, श्रीबाबूलाल पापडीवाल सपरिवार, श्री पदम कुमार जैन सपरिवार श्रीमति गुंजन जैन, श्रीमती स्नेह लता जैन के अलावा समाज के कई धर्मावलंबीयों ने आहार दिया। जयपुर में आज बहुत भारी वर्षा होने के कारण कई जैन बैंकर्स जैसे श्री जी एल जैन, श्री आनंद प्रकाश जैन, श्री राकेश पाण्ड्या, श्री महावीर प्रसाद जैन इत्यादि रास्ते में ही फंस गये और चौका स्थल पर समय पर नहीं पहुंच सके। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट उन सभी का आभार प्रकट करती है जिन्होने अपने भाव बनाकर दिगम्बर मुनियो को आहार दिया व पुण्य लाभ प्राप्त किया। साथ ही जो साथी भारी वर्षा के कारण रास्ते में ही अटक गये किन्तु भाव तो बनाया। सभी के पुण्य की खूब-खूब अनुमोदना।

**Jaipur Central Unit: 13.08.2025**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट द्वारा लगाये गये चौके मे आज दिनांक 13/08/2025 को आचार्य श्री 108 सुंदर सागर जी महाराज को आहार करवाने का मौका जैन बैंकर्स जयपुर सेन्ट्रल यूनिट को मिला। आहार देने के लिए बैंकर्स फोरम से श्री सुशील कुमार जैन, श्री बाबूलाल जैन बिलाला,श्री बाबूलाल पापडीवाल, श्री पदम कुमार जैन, श्रीमति स्नेह लता जैन, श्रीमति गुंजन जैन, ने सपरिवार आहार दिया। इसके अलावा समाज के लगभग 30 धर्म प्रेमियों ने भी आहार दिया।आहार पश्चात गाजे-बाजे के साथ आचार्य श्री को मंदिर तक लेकर गये।

**Jaipur Central Unit: 10.08.2025**

चित्रकूट मंदिर जयपुर में चतुर्मास कर रहे 22 पिच्छी में से दिनांक 10/08/2025 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के अध्यक्ष श्रीबाबूलाल जैन बिलाला, महासचिव श्री जी एल जैन, उपाध्यक्ष श्री पदम कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री सुशील कुमार जैन ने चित्रकूट कोलोनी,सांगानेर जयपुर में दिगम्बर मुनि व आर्यिका को आहार दिया।

**Lalitpur Unit: 10.08.2025**

आज दिनांक 10/8/25 को श्री दिगंबर जैन अटा मंदिर जी ललितपुर के विशाल प्रांगण में परम पूज्य वैज्ञानिक संत आचार्य 108 श्री निर्भय सागर जी महा राज के ससंघ सानिध्य व उनके 39 वें वर्षा योग के मध्य अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर द्वारा साइबर क्राइम पर विशाल गोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि श्री सर्वेश त्रिपाठी जी क्षेत्रीय प्रबंधक,भारतीय स्टेट बैंक एवं श्री सुनील कुमार भारद्वाज जी क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम ललितपुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। श्री सुनील कुमार भारद्वाज क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध ने अपने उद्बोधन में साइबर क्राइम की रोकथाम हेतु बताया कि अनजान कॉल पर अपने बैंक विवरण व आधार कार्ड , पैन कार्ड आदि की व्यक्तिगत जानकारी न दें। उन्होंने अनजान वीडियोकॉल को रिसीव न करने,किसी के डर या झांसे में न आने एवं लालच से दूर रहने की सलाह दी।अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि वर्तमान में मोबाइल आदमी की जिंदगी का एक हिस्सा बन चुका है मोबाइल के एक ओर कुछ फायदे हैं तो दूसरी ओर बहुत सारे नुकसान भी हैं। किंतु नुकसान से बचने के लिए सजग रहना जरूरी है इसी जागरूकता हेतु उन्होंने बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया व सुझाव दिया कि यदि कोई दुर्घटना हो ही जाती है तो तत्काल साइबर थाने में 1930 नंबर पर सूचित करें। वहीं स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री सर्वेश त्रिपाठी जी ने जन जागरूकता,नियमित न्यूज पेपर पढ़ने,जन भागीदारी, एस एम एस अलर्ट एक्टिव रखने व खाते में मोबाइल नंबर अपडेट करने आदि की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि जिस प्रकार गुरु के आश्रित होने से जीवन सुखद होता है,उसी तरह से व्यक्ति को जागरूक रहकर लालच से दूर रहने की सलाह दी। साइबर सेल विभाग से आए श्री अवुल हसन ने कई प्रकार के फर्जी ऐप एवं APK फाइलों के बारे मे जानकारी दी व इनसे दूर रहने की सलाह दी।आचार्य श्री ने हैकिंग,फिशिंग,पहचान की चोरी,फिरौती आदि पर चर्चा की जो डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से किया जाता है। कार्यक्रम में दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति के अध्यक्ष श्री डॉ अक्षय जैन टड़ैया, महामंत्री श्री आकाश जैन संयोजक श्री सनत जैन खजुरिया, मंत्री कैप्टन राजकुमार जैन, बैंकर्स फोरम ललितपुर यूनिट के अध्यक्ष श्री विजय जैन लागोंन, मंत्री श्री राज कुमार जैन सर्राफ, श्री दिलीप जैन, श्री केवल चंद जैन, श्री महिपाल जैन, श्री सुरेंद्र सिंघई,श्री विशाल जैन,श्री सर्वज्ञ सतभैया,श्री प्रतीक जैन,श्री प्रियंक जैन श्री सौरभ जैन, श्रीमती शोभा जैन,श्री सुनील जैन के अतिरिक्त ललितपुर जैन समाज/पंचायत के श्री अनिल अंचल,श्री सतीश नजा,श्री अशोक दैलवारा,श्री आनंद जैन,श्री अटा मंदिर जी के प्रबंधक श्री मनोज बबीना,श्री अजय जैन ग़मचारी,श्री धन्य कुमार जैन ,श्री पारस जैन,श्री दिलीप चौधरी,श्री अक्षय अलया,श्री अनिल अलया,श्री राजेंद्र जैन,श्री संजीव जैन,श्री श्रेयांश जैन ग़दयाना,श्री

महेंद्र जैन पंचमनगर,श्री प्रभात जैन लागोंन एवं शिक्षक संघ के सभी सदस्य आदि लगभग 500 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन जैन बैंकर्स फोरम के संरक्षक श्री सनत जैन खजुरिया एवं दिगंबर जैन समाज पंचायत समिति के महामंत्री श्री आकाश जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की परमपूज्य वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज द्वारा काफी सराहना की गई व उन्होंने आयोजन कर्ता फोरम के सभी सदस्यों एवं पंचायत समिति को दोनों हाथों से आशीर्वाद प्रदान किया।

## Bhopal Unit: 07.08.2025

**भावना योग प्रशिक्षण कार्यक्रम भोपाल**

उपरोक्त संबंध में हमे यह सूचित करते हुए हर्ष होता है कि 108 मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के प्रसिद्ध भावना योग कार्यक्रम की प्रभावना हेतु उन्होंने सात दिन का एक शिविर लगाकर कुछ प्रशिक्षक तैयार किए थे.भोपाल फोरम के सह सचिव श्री राजेश जैन ने उपरोक्त शिविर में सफलता पूर्वक भाग लेकर एक भावना योग प्रशिक्षक बनने का गौरव प्राप्त किया है. हम सभी की और से उनको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं. श्री राजेश जैन बहुमुखी प्रतिभा के धनी एवं प्रभावी सामाजिक कार्यकर्ता है. जैन बैंकर्स फोरम कल दिनांक 8 अगस्त को श्री शांति नाथ जिनालय लालघाटी भोपाल में सुबह 9 बजे से साप्ताहिक भावना योग प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ कर रहा है, हमारी अग्रिम शुभकामनाएं.

## THA Ghaziabad Unit: 06.08.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आचार्य ज्ञान सागर महाराज जी की सुशिष्या सुज्ञानमती माताजी के पावन सानिध्य में विवेक विहार दिल्ली में उनके चातुर्मास के दौरान 40 दिन का शांति महामंडल विधान चल रहा है। आज दिनांक 6 अगस्त 2025 दिन बुधवार को इस शांति महामंडल विधान का पुनर्नजक बनने का सौभाग्य अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा को प्राप्त हुआ। आज का पाठ, शांति धारा एवं भोजन व्यवस्था सभी हमारी शाखा की ओर से की गई थी। इस शांति महामंडल विधान के अंतर्गत शाखा से 15 सदस्य परिवारों ने सहभागिता की एवं धर्म लाभ उठाया। शांति विधान पूर्ण भक्ति भाव से एवं संगीतकार की संगीतमय ध्वनि के साथ संपन्न हुआ पाठ के बाद विधिवत हवन सामग्री के माध्यम से मंत्रचार के साथ हवन आहुति प्रदान की गई। शाखा के संरक्षक श्री जेके जैन जी द्वारा इस पाठ का सौभाग्य हमारी शाखा को प्रदान करने के लिए विवेक विहार जैन मंदिर कमेटी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इन सभी क्रियाओ के साथ पाठ सउल्लास संपन्न हुआ।आज का शांति विधान वास्तव में एक विशेष धार्मिक अनुभूति वाला विधान रहा। ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सहभागिता करने वाले सभी सदस्यों के द्वारा बहुत ही हर्ष उल्लास के लिए साथ एवं पूर्ण रूप से मग्न होकर इस पाठ का आनंद लिया। सहभागिता करने वाले सभी परिवार सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई एवं साधुवाद

## Agra Unit: 03.08.2025

Pics of Sri Bhaktamber Vidhan & Chanwar Esthapit Utsav at Sri 1008 Aadinath Digamber Jain Mandir ,Pusp Vihar,Agra held on 03 08.2025 with the collaboration of Jain Bankers Forum,Agra .This programme sponsored by Sri Anil Jain ,Sanyojak, Jain Bankers Forum,Agra.On this occasion Sri Awani Jain,Rashtriya Varishtha Upadhyaksh,Sri J.B.Jain,Sanrakshak,Avdhesh Jain,Sanyojak,Sri Rajeev Jain,Adhyaksh,SriSatendra Jain,Upadhyaksh,Sri Pradeep Jain,Prachar mantri,Smt Arti Jain,Member,Sri L.K.Jain,Member,Sri Mahesh Jain,Sangthan Mantri,Sri Ajay Jain,Member & other members of forum were present.

## East Delhi Unit: 03.08.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता की अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ईस्ट दिल्ली शाखा की और से एक बैंकिंग संगोष्ठी आज दिनांक 3 अगस्त 2025 दिन रविवार को आर्यका सुज्ञानमती माताजी के पावन सानिध्य में श्री दिगंबर जैन मंदिर विवेक विहार दिल्ली में आयोजित की गई। सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन जी द्वारा जैन बैंकर्स फोरम के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री सुखसागर जी जैन रिटायर्ड सहायक महा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक एवं श्री सी एस जैन रिटायर्ड मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ़ बडौदा रहे।ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्य श्री सुख सागर जी जैन द्वारा बिजनेस लोन के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी - उन्होंने बताया कि किस प्रकार आज एक व्यवसायी ₹5 करोड़ तक का लोन बैंक से बिना किसी सिक्योरिटी, बिना किसी गारंटी के प्राप्त कर सकता है। नोएडा शाखा से श्री सी एस जैन द्वारा साइबर क्राइम जैसे ज्वलंत विषय पर विस्तार से अपने विचार रखें उन्होंने बताया कि आज किस प्रकार सभी व्यक्तियों को डिजिटल कॉल , लिंक, किसी लुभावने मैसेज से बचना चाहिए एवं किसी प्रकार का कोई रिप्लाई नहीं देना चाहिए ।कार्यक्रम का संचालन

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे के जैन जी द्वारा किया गया उन्होंने सभी का आह्वान किया कि यदि उन्हें किसी प्रकार की बैंकिंग समस्या है तो वह निश्चित रूप से उसकी जानकारी हमें दे ताकि उसका संबंधित बैंक के अधिकारियों से मिलकर निराकरण कराया जा सके ।इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज विवेक विहार द्वारा सभी उपस्थित जैन बैंकर्स का स्वागत सम्मान किया। ईस्ट दिल्ली शाखा द्वारा सभी वक्ताओं का तिलक पटका एवं मोमेंटो प्रदान कर स्वागत किया गया एवं विवेक विहार कमेटी के अध्यक्ष श्री नीरज कुमार जैन मंत्री श्री आरके जैन एवं उपाध्यक्ष श्री नवीन जैन का तिलक पटका एवं मोमेंटो प्रदान कर आभार सम्मान प्रदान किया गया इस कार्यक्रम में ईस्ट दिल्ली शाखा की ओर से अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार जी जैन, संयुक्त मंत्री श्री अशोक जैन एवं कोषाध्यक्ष श्री अतुल जैन जी द्वारा सहभागिता दी गई एवं साथ ही नोएडा शाखा से चार सदस्यों ने एवं ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा से छह सदस्यों ने सहभागिता की। इस अवसर पर माता जी के द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि जैन बैंकर्स फोरम एक ऐसी संस्था है जो आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के मार्ग को प्रशस्त करने में एवं आगे बढ़ाने में निरंतर अपना योगदान प्रदान कर रहा है जिसके लिए उन्होंने सभी सदस्यों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

| प्रवीण कुमार जैन | प्रदीप कुमार जैन | अतुल कुमार जैन | अशोक कुमार जैन |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष | संयुक्त मंत्री |

## THA Ghaziabad Unit: 02.08.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आज दिनांक 2 अगस्त 2025 दिन रविवार को भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हैंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से एक धार्मिक यात्रा कार्यक्रम अतिशय क्षेत्र रानीला रोहतक के लिए आयोजित किया गया। यात्रा कार्यक्रम बस द्वारा इंदिरापुरम एवं वैशाली क्षेत्र से चलकर सीधे रानीला मंदिर पहुंचा एवं सर्वप्रथम मंदिर जी में पूजा पाठ आदि बड़े भक्ति भाव से की गई । उसके उपरांत दोपहर 2:00 बजे आचार्य ज्ञान सागर महाराज के द्वारा अंतिम दीक्षित आर्यका आर्षमति माता जी के पावन सानिध्य में हमारे द्वारा संकल्पित 48 दीप भक्तांमर महा अर्चना पाठ आर्यका माताजी की अमृतवाणी के माध्यम से उन्हीं की वाणी से मंत्र उपचार के साथ पूर्ण हर्षोल्लास एवं नाचते गाते हुए सभी सदस्यों एवं उनके परिवार सदस्यों के द्वारा संपन्न किया गया। रानीला के बाद रोहतक के गजरथ मंदिर के भी दर्शन किए गए एवं रोहतक के दूसरे मंदिर में विराजमान आर्यका सरस्वती भूषण माता जी के दर्शन भी किए एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन, शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद्र जैन, शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बी एस जैन, शाखा सदस्य श्री सुखसागर जैन,, श्री अतुल कुमार जैन,श्री जीवनधर जैन देना बैंक, श्री विकास जैन एचडीएफसी बैंक आदि ने सपरिवार सहभागिता की। रोहतक में रोहतक शाखा के सचिव श्री विजय कुमार जैन जी ने सभी सदस्य एवं सदस्य परिवारों का बहुत स्वागत सम्मान किया एवं नाश्ते वगैरा की व्यवस्था गई जिसके लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया गया। इस यात्रा कार्यक्रम का संयोजन श्री सुखसागर जैन जी द्वारा किया गया एवं पूरे रास्ते उनके द्वारा भजन एवं अन्य प्रकार के कार्यक्रमों के द्वारा सभी सदस्यों का पूर्ण मनोरंजन किया जाता रहा जिसके लिए उनको शाखा की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## Kota Unit: 01.08.2025

दिनांक 30.07.2025को एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन कोटा इकाई के निर्विरोध चुनाव में हमारे केन्द्रीय समिति के कार्याध्यक्ष श्री आर के जैन को पुनः अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

महावीर कुमार जैन कोटा

## Lalitpur Unit: 29.07.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर के सभी सदस्यों को आज दिनांक 29 जुलाई को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अटा मंदिर जी में विराजमान परमपूज्य वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सौभाग्य प्राप्त करने वालों में संस्था के संरक्षक श्री सनत जैन खजुरिया,अध्यक्ष श्री विजय जैन लागोंन,मंत्री श्री राजकुमार जैन सर्राफ,श्री दिलीप जैन,श्री केवल चंद्र जैन, श्री रमेश चंद्र जैन, श्री सुनील जैन सर्राफ ,श्री अशोक जैन, श्रीमती शोभा जैन,श्री विशाल जैन मड़वैया,श्री प्रियंक जैन,श्री सुरेन्द्र सिंघई आदि शामिल थे। पाद प्रक्षालन के उपरांत सभी ने आचार्य श्री को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य भी प्राप्त किया। दिगंबर जैन पंचायत समिति द्वारा सभी सदस्यों का तिलक व माला पहना कर सम्मान किया गया। आचार्य श्री के द्वारा सभी सदस्यों को आशीर्वाद प्राप्त हुआ.

## Saharanpur Unit: 27.07.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, सहारनपुर यूनिट के सेवा कार्यक्रम की श्रृंखला में 27 जुलाई 2025 दिन रविवार को शाम 5.45 राम कृष्ण परंम हंस सकूल,रायवाला, सहारनपुर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। यह

कार्यक्रम आज हमारी यूनिट के संरक्षक श्री अरुण कुमार जैन जी 75 वे जन्म दिन के अवसर पर दूसरा कार्यक्रम है। श्री अरुण जी ने अपना जन्मदिन सुबह बच्चों के साथ मनाया, वही शाम को वृक्षारोपण करके मनाया। यह उनके जीवन में प्रथम अवसर आया होगा। इस अवसर पर फोरम के बहुत सदस्यों ने अपनी उपस्थित की। इस अवसर पर 15 से 30 पौधे रोपण किये। इस कार्यक्रम में संरक्षक श्री अरूण जैन जी, संरक्षक श्री राजीव जैन ( राम जीवन नगर), अध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन (भगवती कालोनी), मंत्री श्री सुधीर कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन ( ज्ञान गार्डन), श्री अनुज कुमार जैन (पारस पैलेस) ने सहभागिता दी।
अध्यक्ष: अनिल कुमार जैन ( भगवती कॉलोनी)
मंत्री : सुधीर कुमार जैन ( मदन पुरी कॉलोनी ) कोषाध्यक्ष: अनिल कुमार जैन ( ज्ञान गार्डन)

## Saharanpur Unit: 27.07.2025

आज दिनांक 27 जुलाई 2025 को मृदुभाषी, कर्मठ कार्यकर्ता, सहारनपुर जैन समाज के कोषाध्यक्ष एंव अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ( सहारनपुर यूनिट) के संरक्षक श्री अरुण कुमार जैन जी का जन्म दिन वनवासी कल्याण आश्रम में आदिवासी, गरीब बच्चों के साथ मनाया गया। आश्रम में लगभग 40 बच्चों को नाश्ता कराया गया। सभी बच्चों को बहुत अच्छा लगा और आनंद लिया। इस कार्यक्रम में वह, उनकी पत्नी श्रीमती शशी जैन, अध्यक्ष अनिल कुमार जैन ( भगवती कालोनी), मंत्री सुधीर कुमार जैन (मदन पुरी कालोनी), कोषाध्यक्ष अनिल कुमार जैन ( ज्ञान गार्डन), उपाध्यक्ष श्री मदन जैन, संरक्षक श्री राजीव जैन (राम जीवन नगर ), नरेश कुमार जैन, वी के जैन (भगवती कालोनी), बालेश कुमार जैन, प्रवीण कुमार जैन (मदन पुरी कालोनी) उपस्थित रहे।

## Agra Unit: 26.07.2025

Jain Bankers Forum, Agra provided Meal to Old age persons at Ram Lal Vradh Ashram, Sector-9, Awas Vikas Colony,Sikandra Agra on 26.07.2025. This programme was sponsored by Sri Satendra Jain, Upadhyaksh of forum. On this occasion Sri Awani Jain, Rashtriya varishtha upadhyaksh, Sri J.B. Jain Sanrakshak, Sri K.K. Jain, Karyakari Adhyaksh, Sri Satendra Jain, Upadhyaksh, Sri Avdhesh Jain, Sanyojak, Sri Anil Jain, Sanyojak, Sri Rakesh M. Jain, Sangthan Mantri, Sri Rajendra Kumar Jain, Prachar Mantri, Sri Suresh Jain & other members of Akhil Bhartiya Jain Bankers Forum, Agra were present.

## Lalitpur Unit: 26.07.2025

भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर शाखा के सभी सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,एवं ललितपुर शाखा के संरक्षक श्री सनत जैन खजुरिया के निर्देशन में श्री ज्ञानोदय अतिशय क्षेत्र के हरे भरे परिसर में वृहद वृक्षारोपण का कार्य संपन्न किया गया। आज सुबह 11 बजे शाखा के सभी सदस्य श्री ज्ञानोदय अतिशय क्षेत्र पर पहुंचे। सर्व प्रथम सभी सदस्यों ने मूलनायक भगवान मुनिसुब्रत नाथ की अतिशय कारी भव्य प्रतिमा जी के दर्शन किए व अति सुंदर सुसज्जित मनोज्ञ चौबीसी की वंदना की।तत्पश्चात सभी ने रिमझिम रिमझिम बारिश के बीच हरियाली युक्त परिसर में फलदार पौधे आम, अमरूद,नींबू व अन्य प्रकार के पौधे गुड़हल,पीपल,मीठा नीम आदि को आरोपित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री सनत जैन खजुरिया संरक्षक,श्री विजय जैन लागोंन अध्यक्ष,श्री राजकुमार जैन शाखा मंत्री,श्री रमेश कुमार जैन उपाध्यक्ष,श्री सुरेन्द्र जैन सिंघई,श्री सर्वज्ञ जैन,श्री मयंक जैन,श्री दिलीप जैन आदि उपस्थित रहे।

## Ghaziabad Unit: 25.07.2025

हमें आपको सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गाजियाबाद इकाई ने 25.7.25 शुक्रवार को के.डी.बी. स्कूल, कवि नगर, गाजियाबाद में सुबह 11:30 बजे कैरियर काउंसलिंग और बैंकिंग शैक्षिक ऋण पर एक सेमिनार का आयोजन किया! प्रारम्भ मे अतिथि वक्ताओं श्री रितेश जैन (हार्वर्ड पूर्व छात्र), श्री पी.के. अग्रवाल (पूर्व सीएम पीएनबी), विद्यालय की प्रिंसिपल मिस निवेदिता राणा, वाइस प्रिंसिपल मिस नम्रता दुबे और केडीबी स्कूल की समन्वयक मिस रूपा आहूजा का पटका पहनाकर स्वागत किया गया. कक्षा 11वीं और 12वीं के लगभग 250 छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। श्री रितेश जैन ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करने के लिए बहुत ही रोचक और उपयोगी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विभिन्न सरकारी कॉलेजों के बारे में भी बात की, जहां हम किफायती और गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। श्री पी.के. अग्रवाल ने विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदान की जाने वाली शैक्षिक ऋण सुविधा और इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए आवश्यकताओं के बारे में बात की और बचत खाता खोलने के लिए भी मार्गदर्शन दिया। विद्यालय की प्रिंसिपल मिस निवेदिता राणा और समन्वयक मिस रूपा आहूजा ने छात्रों के करियर और बैंकिंग गतिविधियों में मार्गदर्शन के लिए हमारे प्रयासों की सराहना की। सेमिनार का समापन लगभग 1:30 बजे श्री एस.के. जैन, इकाई अध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने स्कूल प्रबंधन और कर्मचारियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

हमने कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों को ठंडे पेय पदार्थ पेश किए। हम इस कार्यक्रम में समर्थन के लिए अपने सभी सदस्यों के आभारी हैं।

एस.के. जैन अध्यक्ष वी.के. जैन सचिव

## Gurgaon Unit: 25.07.2025

दिनांक 24 जुलाई 2025 को फोरम की गुरुग्राम यूनिट के तत्वाधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जैकमपुरा, गुरुग्राम में एक कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के लगभग 120 बच्चों ने और फोरम के लगभग 26 सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें विख्यात कैरियर काउंसलर श्री रितेश जैन हार्वर्ड एलम, Ex Director T.I.M.E. ने अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने बच्चों को उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा को लेकर पर प्रभावशाली उद्बोधन दिया। बच्चों ने प्रभावित होकर उनसे अपनी जिज्ञासा प्रकट कर समाधान प्राप्त किया। स्कूल के प्रिंसिपल श्री सुशील कन्वा ने श्री रितेश जैन जी शैली और प्रभावशाली उद्बोधन की सराहना की। फोरम के सचिव श्री डीसी जैन ने बच्चों और स्कूल स्टाफ को बैंक की एजुकेशन लोन और हाउसिंग लोन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। फोरम के वरिष्ठ संरक्षक श्री पी के जैन ने आश्वासन दिया कि फोरम आपकी हर संभव सहायता करने को सदैव तत्पर है। फोरम के ही सदस्य श्री प्रमोद जैन, जो इसी स्कूल में अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान करते हैं उनका स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा सम्मान किया गया। आयोजन में पधारे श्री रितेश जैन कैरियर काउंसलर, श्री नरेश जैन प्रधान जैन मंदिर जी बारादरी, स्कूल के प्रिंसिपल श्री सुशील कन्वा, स्कूल की अध्यापिका श्रीमति सीमा जैन का फोरम द्वारा मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर फोरम द्वारा स्कूल के प्रिंसिपल को 11000 का चेक, आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान किया। आयोजन के अंत में फोरम अध्यक्ष श्री राजेश जैन ने आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन का संचालन फोरम के सचिव श्री डीसी जैन किया.

## Gurgaon Unit: 23.07.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम यूनिट गुरुग्राम के बैनर तले डेंटिस्ट adda and Dr एरीज मेडिक्लिनिक द्वारा फ्री मेडिकल चेक कैंप का आयोजन दिनांक 20 जुलाई 2025 को Dew ड्रॉप अपार्टमेंट सेक्टर 47 में किया गया जिसमें कार्डियोलॉजिस्ट, डेंटिस्ट, फिजियोथैरेपिस्ट, हेयर प्लांटेशन एक्सपर्ट तथा आयुर्वेदिक डॉक्टर आदि की सेवाएं उपलब्ध थी, जिसका फोरम के सदस्यों ने भरपूर उपयोग किया। आयोजन में 100 मीटर रेस का भी आयोजन किया था जिसके 40 + के फॉर्मेट में फोरम के सचिव श्री डीसी जैन ने भाग लिया। सामने कोई प्रतिद्वंदी न होने से उन्हें वॉकओवर मिला तथा उन्हें मेडल, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। सभी डॉक्टर्स को फोरम की ओर से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## Aligarh Unit: 23.07.2025

20/7/2025 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉर्म के सदस्यों ने अलीगढ़ में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया।

## Agra Unit: 22.07.2025

Plantation programme was organized by Akhil Bhartiya Jain Bankers Forum, Agra on 22.07.2025 in the Park at Shri 1008 Aadinath Diga.ber Jain Mandir, Pushp Vihar, Colony, T.P. Nagar, Agra. On this occasion Sri Arun Rapariya, Rashtriya Sanrakshak, Sri Awani Jain, Rashtriya Varishtha Upadhyaksh, Sri J.B.Jain, Sanrakshak, Sri Rajeev Jain, Adhyaksh, Sri K.K.Jain, Karyakari Adhyakshh, Sri Satendra Jain, Upadhyaksh, Sri R.C.Jain, Koshadhyaksh, Sri Avdhesh Jain, Sanyojak, Anil Jain, Sanyojak, Sri Rakesh M. Jain, Member, Sri Anil Jain, Member, Sri Y.B.Jain,Member, Sri Rajendra Jain, Member, Dr.R.K.Jain, Sri Pooran Dabur, Sri Banti Grover ,Capt.Sheela Bahal & Anya Ganmanya purush evam mahilaye were present.

## THA Ghaziabad Unit: 20.07.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आज दिनांक 20 जुलाई 2025 रविवार के दिन अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के तत्वाधान में हमारे संरक्षक श्री जेके जैन जी के पत्नी श्रीमती कविता जैन जी की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर महिला आश्रम दरियागंज में वहां रहकर अध्यनरत लगभग 30 छात्रओ एवं 15 महिलाओं एवं वहां के स्टाफ सदस्यों को सुबह का नाश्ता एवं भोजन वितरित किया गया। यह सभी नाश्ते वगैरा

की व्यवस्था एवं प्रिपरेशन श्री जेके जैन के परिवार सदस्यों के द्वारा की गई थी। इस कार्यक्रम में शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन एवं परिवार, शाखा सचिव श्री अंकित जैन, शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन एवं परिवार, शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बी एस जैन, शाखा सदस्य श्री संजय कुमार जैन श्रीमती नेहा जैन एवं परिवार सदस्य आदि ने भाग लिया। सभी सदस्यों के द्वारा अपने हाथ से बच्चों एवं महिलाओं को भोजन एवं नाश्ता आदि कराया गया। वहां अध्यनरत बच्चों को श्री जेके जैन परिवार की ओर से स्टेशनरी भी वितरित की गई। जैन महिला आश्रम दरियागंज को हमारी शाखा द्वारा एक स्थाई सामाजिक प्रोजेक्ट के रूप में समय-समय पर उनका विभिन्न रूप में सहयोग प्रदान किया जाता है।

## Bhopal Unit: 18.07.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा, श्री 108 मुनि प्रमाण सागर जी के 39वे पावन वर्षायोग के उपलक्ष्य में अवधपुरी में 39 पौधों का पौधारोपण किया, एवं महाराजजी का आशीर्वाद प्राप्त किया सभी सदस्यों ने शंका समाधान में भी हिस्सा लिया एवं अपनी अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया.

## THA Ghaziabad Unit: 14.07.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के द्वारा आज दिनांक 14 जुलाई 2025 दिन सोमवार को करियर काउंसलिंग का कार्यक्रम वनस्थली पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 वसुंधरा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त काउंसलर श्री रितेश जैन जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के चित्र अनावरण के द्वारा किया गया उसके उपरांत आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। वनस्थली पब्लिक स्कूल के संस्थापक श्री विनोद जैन जी का माला पटका एवं मोमेंटो प्रदान कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रितेश जैन जी का भी माला पटका एवं मोमेंटो प्रदान कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया॥

इस कार्यक्रम में 11वीं कक्षा के लगभग 120 बच्चों ने भाग लिया। साथ ही कार्यक्रम में स्कूल के संस्थापक श्री विनोद जैन जी, वाइस प्रिंसिपल एवं अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। सभी बच्चों ने बड़े ध्यान से एवं रुचि से कार्यक्रम को सुना एवं उसका लाभ उठाया। स्कूल के संस्थापक श्री विनोद जैन जी ने कार्यक्रम को बच्चों के लिए बहुत ही उपयोगी एवं उचित मार्गदर्शन करने वाला बताया। करियर काउंसलिंग के बाद शाखा संरक्षक श्री जेके जैन जी द्वारा शिक्षा ऋण के बारे में भी बच्चों को जानकारी प्रदान की गई उन्होंने बताया कि यदि आवश्यकता हो तो किस प्रकार आसानी से बैंक के माध्यम से शिक्षा ऋण प्राप्त किया जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि आज हम पीएम विद्या योजना के अंतर्गत 3 करोड़ तक का शिक्षा ऋण बिना किसी गारंटी, बिना किसी सिक्योरिटी के प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन, शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद्र जैन, शाखा सचिव श्री अंकित जैन, शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बी एस जैन, श्री सुखसागर जैन, श्री प्रदीप कुमार जैन एवं श्री मयंक जैन ने अपनी सहभागिता दी। स्कूल प्रबंधन की ओर से सुरुचि पूर्ण brunch के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## Aligarh Unit: 13.07.2025

आज अलीगढ़ में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉर्म एवं जैन समाज की अन्य संस्थाओं की सहयोग से जैन बैंकर्स फॉर्म के सदस्यों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम में वृक्षारोपण किया। दिनांक 12 जुलाई 2025 को वीर शासन जयंती के अवसर पर जैन बैंकर्स के सदस्यों ने मंदिर जी में आरती एवं वीर शासन जयंती के बारे में चर्चा की।

## Bhopal Unit: 09.07.2025

हमे यह जानकारी देते हुए प्रसन्नता होती है कि जैन बैंकर्स फोरम। भोपाल द्वारा श्री भक्तामर जी स्त्रोत के समूहिक जूम पाठ किया गया, जिसमें 20 परिवारों ने भाग लिया एवं सभी ने इस प्रयास की प्रशंसा की. सभी की बहुत बहुत अनुमोदना !!!

## Ghaziabad Unit: 05.07.2025

We feel pleasure to inform you that a tree plantation program was organised at Mansapurn Mahavir kshetra Jiwan asha hospital Muradnagar today on 5.7.25 Saturday and got opportunity of darshan of Shri Mansapurn Mahavir Ji Mandir. We are thankful to our members for their participation in this program.

## Ghaziabad Unit: 02.07.2025

We feel pleasure to inform you that our unit secretary Sh.V.K. Jain CBI has given consent for Vishisht sadsya of Proposed Jain Bhawan, Vasundhara Ghaziabad. Sahyog amount Rs.101000/- of which part amount 26000/- has already been paid, remaining amount will be paid as per scheme. We are thankful to him for this noble cause.

## Bhopal Unit: 30.06.2025

हमे बताते हुए हर्ष होता है कि जैन बैंकर्स फोरम भोपाल के वरिष्ठ सदस्य एवं MP, SBI अधिकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री मदन जैन , SBI पेंशनर संघ के भोपाल सर्किल के भोपाल मॉड्यूल के चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर *निर्विरोध निर्वाचित* हुए है. जैन बैंकर्स फोरम भोपाल की और से श्री मदन जैन को शुभकामनाएं, बधाई हम कामना करते है एवं हमे आशा है कि पेंशनर संघ एवं फोरम को आपके अनुभव का लाभ मिलेगा.

## Bhopal Unit: 24.06.2025

हमे यह सूचित करते हुए हर्ष होता है कि जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा आयोजित प्रथम ऑनलाइन गायन/ भजन प्रतियोगिता के परिणाम जैन समाज भोपाल के प्रख्यात,आकाशवाणी गायक, दूरदर्शन गायक कलाकार, श्री विमल भंडारी, श्रीमति राजबाला भंडारी एवं श्री राजेश जैन हमारे उपसचिव की उपस्थिति में सम्पन्न किए गए, श्री भंडारी द्वारा गायन को विभिन्न पैरामीटर्स पर परख कर सर्वोत्तम कलाकार का चयन किया है, जैसा कि आप सभी को विदित है कि हमने महिलाओं की एक्टिविटीज बढ़ाने हेतु प्रथम बार यह आयोजन किया था इसमें पार्टिसिपेंट्स से गायन के वीडियो बनाकर बुलाए गए थे.

हमे परिणाम घोषित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है:-

🌹प्रथम श्रीमती मीनाक्षी जैन

💐द्वितीय श्रीमती अलका अरुण जैन

🌹तृतीय श्रीमती अल्पना जैन

इसी कड़ी में दिनांक 3 जुलाई से ऑनलाइन भक्तांबर पाठ भी प्रारंभ कर रहे है. पुरस्कार वितरण शीघ्र ही फोरम के कार्यक्रम में किया जाएगा

## Jaipur Unit: 22.06.2025

अर्हं ध्यान योग का विशेष सत्र आयोजित

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पार्श्व नाथ दिगम्बर जैन मंदिर थड़ी मार्केट मानसरोवर संत भवन में अर्हं परिवार जयपुर के अशोक जैन, कल्पना जैन ने अर्हम ध्यान योग का विशेष सत्र आयोजित किया। इसमें अन्य प्रशिक्षक अंतरप्पा (antarappa), सुनीता दीदी, ललिता दीदी और मुकेश जैन जी ने सहयोग किया। कार्यक्रम में जैन बैंकर्स जयपुर,मीरा मार्ग जैन मंदिर, एस एफ एस जैन मंदिर एवं टाइम बैंक ऑफ इंडिया से सदस्यों 100 व्यक्तियों ने हर्ष और उल्लास के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का संयोजन अशोक जैन पूर्व महा प्रबंधक यूनियन बैंक ने किया। योग कार्यक्रम में जैन बैंकर्स सुनील काला, पदम बिलाला, कमलेश पांड्या, मुकेश पांड्या, नरेंद्र सेठी, नरेन बड़जात्या, प्रज्ञा बड़जात्या ............... आदि भी सम्मिलित थे।

अशोक जैन ( Antarappa)

## Gurgaon Unit: 22.06.2025

**शरीर और आत्मा के लिए तोहफा है योग,**

**खुद को खुद से मिलाने का मौका है योग....**

अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर यूनिट के सदस्यों ने योग दिवस अर्हम ध्यान योग प्रणेता मुनि श्री प्रणम्य सागर जी मुनिराज के सानिध्य में दिनांक 21 जून 2025 को नोएडा में मनाया। जिसमें यूनिट के कई सदस्यों ने इसमें भाग लिया तथा आनंद का अनुभव किया. मुनि श्री ने पंच मुद्रा के बारे में बताया। अरिहंत मुद्रा, सिद्ध मुद्रा, आचार्य मुद्रा, उपाध्याय मुद्रा तथा साधु मुद्रा से होने वाले लाभ बताए। इसके अलावा उन्होंने पंच क्लैप से परिचय करवाया तथा उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। योग अभ्यास करने के लिए पूरा मैदान खचाखच भरा हुआ था। भाग लेने आए सभी आगंतुकों को योगा मेट और योगा टीशर्ट दी गई।

## Agra Unit: 22.06.2025

108 Acharya Shree Gyan Sagar Pathshala was held on 22.06.2025 at Sri 1008 Parshva Nath Digamber Jain Mandir Shalimar, Agra. In this Pathshala, Prize were distributed to winning participants and at end of programme "Swalpahar" provided to participants, members and guests. In this programme Sri Arun Raparia(Rashtriya Sanyojak),Sri J.B.Jain (Sanrakshak),Sri Rajeev Jain(President),Sri K.K.Jain(Karyakari

Adhyaksh),Sri Mahesh Chandra Jain(Secretary),Sri Satendra Jain(Joint Secretary),Sri Mahesh Chandra Jain(Sangathan Mantri),Sri Avdhesh Kumar Jain(Mukhya Sanyojak), Sri Anil Kumar Jain(Sanyojak),Sri Rajendra Kumar Jain(Member),Sri Pawan Kumar Jain(Member),Sri Pradeep Kumar Jain(Member),Sri Mahendra Kumar Luhariya(Member),Sri Sudesh Kumar Jain(Member),Sri Satish Jain(Member) of the forum,Sri Raj Kumar Jain 'Guddu' Vyavasthapak Shalimar Jain Mandir and other Sadharmi Bhai were present in the programme.

## Bhopal Unit: 21.06.2025

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा जैन पब्लिक स्कूल में भावना योग का आयोजन किया गया स्कूल के सभी छात्र स्टाफ और फोरम के सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया, कार्यक्रम में बच्चों ने योग दिवस पर अपना उद्बोधन भी दिया, बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया.

## THA Ghaziabad Unit: 21.06.2025

आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अर्हम ध्यान योग प्रणेता परम पूज्य 108 श्री प्रणम्य सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में शिवालिक पार्क नोएडा हॉट सेक्टर 33 में अर्हम ध्यान योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा शाखा के सदस्यों के द्वारा भी सहभागिता की गई। इस कार्यक्रम में शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन, शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन, शाखा सदस्य श्री अरुण कुमार जैन Mizho Bank, श्री सुखसागर जैन स्टेट बैंक, श्रीमती नेहा जैन एचडीएफसी बैंक, श्री वीके जैन बैंक ऑफ़ इंडिया श्री संजय जैन स्टेट बैंक आदि ने सपरिवार अपनी सहभागिता दी।

## Noida Unit: 20.06.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि दिनांक 19 जून 2025 को शाम 6:30 बजे अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा एवं नोएडा शाखा के द्वारा संयुक्त रूप से बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन अर्हम ध्यान प्रणेता परम पूज्य मुनि श्री 108 में प्रणम्य सागर जी महाराज के पावन सानिध्य मैं श्री दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 50 नोएडा पर आयोजित की गई। सर्वप्रथम श्री जे के जैन शाखा संरक्षक के द्वारा अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। *कार्यक्रम में व्यवसायिक लोन के संबंध में श्री सुखसागर जी जैन रिटायर्ड एजीएम एसबीआई के द्वारा जानकारी प्रदान की गई, साइबर क्राइम के संबंध में श्री सी एस जैन मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ़ बडौदा द्वारा जानकारी प्रदान की गई एवं हाउसिंग लोन, एजुकेशन लोन एवं डिसीज अकाउंट के बारे में शाखा संरक्षक श्री जेके जैन द्वारा जानकारी दी गई*। कार्यक्रम का संचालन श्री नवनीत कुमार जैन सचिव नोएडा शाखा एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री आरबी जैन अध्यक्ष नोएडा शाखा द्वारा किया गया। इस अवसर पर नोएडा जैन समाज के महासचिव श्री पंकज जैन जी को एवं कार्यक्रम में अपनी वार्ता देने वाले सभी वक्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परम पूज्य 108 प्रणम्य सागर जी महाराज का आशीर्वाद भी हमें प्राप्त हुआ एवं उन्होंने इस प्रकार के आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने से निश्चित ही समाज के लोगों की समस्याओं का समाधान हो पाता है। कार्यक्रम में ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन एसबीआई, शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन एसबीआई, शाखा सचिव श्री अंकित कुमार जैन बर्कले बैंक, शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन एसबीआई, शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन एसबीआई, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बीएस जैन, शाखा सदस्य श्री सुखसागर जैन एसबीआई, श्री अरुण कुमार जैन Muzio Bank, श्री संजय कुमार जैन SBI, श्री वी के जैन बैंक ऑफ़ इंडिया, श्री शशि कुमार जैन पीएनबी आदि ने अपनी सहभागिता दी, साथ ही नोएडा शाखा से शाखा अध्यक्ष श्री आरबी जैन ओबीसी, कार्यकारी उपाध्यक्ष श्री प्रदीप जैन पीएनबी, शाखा सचिव श्री नवनीत जैन एसबीआई, शाखा उपाध्यक्ष श्री अनिल जैन पीएनबी, शाखा उपाध्यक्ष श्री सी एस जैन बैंक ऑफ़ बडौदा, शाखा कोषाध्यक्ष श्री के के जैन एसबीआई, श्रीमती सीमा जैन RBI आदि ने अपनी सहभागिता दी।

कार्यक्रम के अंत में जैन समाज के महासचिव श्री पंकज जी द्वारा इस प्रकार के समाज के लिए उपयोगी कार्यक्रम दिए जाने के लिए जैन बैंकर्स के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

## THA Ghaziabad Unit: 20.06.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि दिनांक 19 जून 2025 को शाम 6:30 बजे अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा एवं नोएडा शाखा के द्वारा संयुक्त रूप से बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन अर्हम ध्यान प्रणेता परम पूज्य मुनि श्री 108 में प्रणम्य सागर जी महाराज के पावन सानिध्य मैं श्री दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 50 नोएडा पर आयोजित की गई। सर्वप्रथम श्री जे के जैन शाखा संरक्षक के द्वारा अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। *कार्यक्रम में व्यवसायिक लोन के संबंध में श्री सुखसागर जी जैन रिटायर्ड एजीएम एसबीआई के द्वारा जानकारी प्रदान की गई, साइबर क्राइम के संबंध में श्री सी एस जैन मुख्य प्रबंधक बैंक ऑफ़ बडौदा

द्वारा जानकारी प्रदान की गई एवं हाउसिंग लोन, एजुकेशन लोन एवं डिसीज अकाउंट के बारे में शाखा संरक्षक श्री जेके जैन द्वारा जानकारी दी गई*। कार्यक्रम का संचालन श्री नवनीत कुमार जैन सचिव नोएडा शाखा एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री आरबी जैन अध्यक्ष नोएडा शाखा द्वारा किया गया। इस अवसर पर नोएडा जैन समाज के महासचिव श्री पंकज जैन जी को एवं कार्यक्रम में अपनी वार्ता देने वाले सभी वक्तओ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परम पूज्य 108 प्रणम्य सागर जी महाराज का आशीर्वाद भी हमें प्राप्त हुआ एवं उन्होंने इस प्रकार के आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने से निश्चित ही समाज के लोगों की समस्याओं का समाधान हो पाता है। कार्यक्रम में ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन एसबीआई, शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन एसबीआई, शाखा सचिव श्री अंकित कुमार जैन बर्कले बैंक, शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन एसबीआई, शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन एसबीआई, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बीएस जैन, शाखा सदस्य श्री सुखसागर जैन एसबीआई, श्री अरुण कुमार जैन Muzio Bank, श्री संजय कुमार जैन SBI, श्री वी के जैन बैंक ऑफ़ इंडिया, श्री शशि कुमार जैन पीएनबी आदि ने अपनी सहभागिता दी, साथ ही नोएडा शाखा से शाखा अध्यक्ष श्री आरबी जैन ओबीसी, शाखा सचिव श्री नवनीत जैन एसबीआई, शाखा उपाध्यक्ष श्री सी एस जैन बैंक ऑफ़ बडौदा, शाखा कोषाध्यक्ष श्री के के जैन एसबीआई, शाखा सदस्य श्री प्रदीप जैन पीएनबी आदि ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम के अंत में जैन समाज के महासचिव श्री पंकज जी द्वारा इस प्रकार के समाज के लिए उपयोगी कार्यक्रम दिए जाने के लिए जैन बैंकर्स के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

## Saharanpur Unit: 15.06.2025

सभी को सादर जय जिनेंद्र। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम युनिट सहारनपुर के सेवा कार्यक्रम की श्रृंखला में 15 जून 2025 दिन रविवार को वनवासी कल्याण आश्रम, नबाब गंज चौक,पुलिस चोकी के सामने, कम्पनी बाग के निकट,सहारनपुर पर प्रातः 9:00 बजे किया गया। जिसमें वहाँ लगभग 30 बच्चों एंव स्टाफ को सुबह का नाश्ता कराया गया। इस कार्यक्रम में हमारे संरक्षक श्री अरूण कुमार जैन एंव श्री राजीव कुमार जैन, अध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन ( भगवती कालोनी),उपाध्यक्ष श्री मदन जैन, मंत्री श्री सुधीर कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन (ज्ञान गार्डन), श्री बालेश कुमार जैन, श्री राजीव कुमार जैन (मदन पुरी ) उपस्थित रहे।

अध्यक्ष: अनिल कुमार जैन ( भगवती कॉलोनी)

मंत्री : सुधीर कुमार जैन ( मदन पुरी कॉलोनी ) कोषाध्यक्ष: अनिल कुमार जैन ( ज्ञान गार्डन)

## Agra Unit: 14.06.2025

दिनांक 10.06.25 मंगलवार को जैन बैंकर्स फोरम द्वारा सेक्टर 11 स्थित श्री रामलाल वृद्धाश्रम जहां पर लगभग 25 वृद्ध एवं निराश्रित बुजुर्ग बंधु शरण लिए हुए हैं, वहां पर जैन बैंकर्स फोरम द्वारा उन बंधुओ के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री प्रदान की गई। वहां पर बुजुर्गों को दिये जाने वाले भोजन, रहने एवं सोने की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया तथा उनसे अनुरोध किया कि किसी अन्य वस्तु की जरुरत हो तो कृपया सूचित करें। इस अवसर पर फोरम यूनिट के अध्यक्ष श्री राजीव जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री के के जैन, उपाध्यक्ष श्री एस के जैन, सदस्य श्री यतेन्द्र बाबू जैन, श्री संजय जैन, श्रीमती यतेन्द्र बाबू व महामंत्री महेश जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर वृद्धाश्रम संचालन समिति द्वारा फोरम को उत्कृष्ट सेवाभाव के लिए साधुवाद एवं धन्यवाद दिया।

## Kota Unit: 09.06.2025

आज दिनांक09 .06.2025 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम कोटा इकाई के तत्वावधान में हमारे संरक्षक श्री आर के जैन साहब जो केन्द्रीय समिति के कार्याध्यक्ष भी हैं उनकी नातिन के जन्म दिवस के अवसर पर कोटा इकाई के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में राजकीय वृद्धाश्रम ,स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा में 20 वृद्ध स्त्री पुरुषों को भोजन कराया तथा सदस्यों द्वारा आश्रम को दान राशि भी भेंट की।इस कार्यक्रम के पुण्यार्जक श्री निखिल जी लवीशा जी जैन फरीदाबाद हैं।

## Agra Unit: 09.06.2025

दिनांक 08.06.25 दिन रविवार को जैन बैंकर्स फोरम द्वारा कालिका गौशाला में पशुओं के लिए चारा, हरा चारा एवं रातव की व्यवस्था की। फोरम के सदस्यों ने अपने हाथों से गायों एवं अन्य जानवरों को चारा खिलाया। गौशाला में दो बंदर के बच्चे भी थे जिनमें से एक बच्चे की एक आंख खराब है और दूसरे का सिर्फ एक हाथ है। उनके उचित इलाज हेतु भी कहा गया। इस अवसर पर फोरम यूनिट के अध्यक्ष श्री राजीव जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री के के जैन, उपाध्यक्ष श्री एस के जैन, सदस्य श्री यतेन्द्र बाबू जैन सपत्नीक व महामंत्री महेश जैन उपस्थित रहे। गौशाला संचालन समिति द्वारा इसके लिए धन्यवाद दिया।

महेश जैन,महामंत्री

## Agra Unit: 08.06.2025

Bhaktamber Path & Namokar Mantra Path was organised on the eve of Karuna Divas at Shri 1008 Aadinath Digamber Jain Mandir Pusp Vihar, Agra on 07.06.2025 by the members of Jain Bankers Forum, Agra.

## Jaipur Central Unit: 18.05.2025

जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट ने आदिनाथ स्वास्थ्य निधी आश्रम (वृद्धाश्रम), जौहरी बाजार जयपर मे संपर्क किया गया. संस्था प्रधान डाक्टर शीला जैन से वहां की आवश्यकताओं पर चर्चा की गई. वहां रह रहे महिलाओं एवम पुरुषों ने चार गद्दे रूई के बने हुए  की आवश्यकता बताई, जो उनको उपलब्ध करवा दिये गये हैं. इसमे हमारी जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के सदस्यों के साथ-साथ महासचिव श्री जी एल जैन का मुख्य योगदान रहा.

बाबू लाल जैन बिलाला, अध्यक्ष

## Jhansi Unit: 18.05.2025

**अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम – यूनिट झाँसी द्वारा एक विशेष प्रयास**

एक बैनर झाँसी यूनिट द्वारा बनवाया गया है, जो 3-4 दिनों में झाँसी के प्रत्येक जैन मंदिर में पहुँच जाएगा। इसमें यह प्रयास किया गया है कि परंपरागत अध्यक्ष, मंत्री आदि पदों की बजाय हर बैंक से कम से कम एक सदस्य को संपर्क सूत्र में शामिल किया  गया है, ताकि समाजजन को किसी भी बैंक में कार्य हो तो वह संबंधित व्यक्ति से सीधा संपर्क कर सकें और कार्य आसानी से सम्पन्न हो सके। जो बैंक झाँसी शहर में हैं और जिनसे अभी कोई सदस्य नहीं हैं, उनके लिए भी यही सदस्य प्रयास करेंगे कि वहाँ भी समाजजन को सहयोग दिलवाया जा सके।

– रोनक जैन, सचिव, यूनिट झाँसी

## Bhopal Unit: 16.05.2025

जैन बैंकर फोरम भोपाल के अध्यक्ष श्री प्रभात गोयल द्वारा महाराज श्री प्रमाण सागर जी महाराज के समक्ष जैन बैंकर्स फोरम को कैसे गतिशील बनाए संबंधी प्रश्न पूछा  साथ में  सचिव  श्री अनील जैन एवं समस्त कार्यकारणी सदस्यों ने आशीर्वाद लिया.

## Ujjain Unit: 15.05.2025

देवास गेट बस स्टैंड पर महावीर इंटरनेशनल केन्द्र उज्जैन द्वारा संचालित महावीर भोजनशाला में  15/5/25 को श्रीमती शांति देवी की पुण्य स्मृति में भोजन सहित मिष्ठान के लाभार्थी जैन बैंक फोरम उज्जैन के अध्यक्ष श्री राकेश जी जैन SBI और डॉक्टर मृदुला जैन एवं परिवार ,नीरा हवेली ,छाया नगर उज्जैन थे। इस अवसर पर दिगम्बर जैन बैंक फॉर्म उज्जैन के पदाधिकारी और सदस्यगण विशेष रूप से उपस्थित थे। इस भोजनशाला में प्रतिदिन उज्जैन के बाहर से आने वाले निर्धन एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को निशुल्क भोजन कराया जाता है. महावीर इंटरनेशनल केन्द्र उज्जैन बहुत बहुत अनुमोदना करता है।

## Jaipur Central Unit: 13.05.2025

जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के सदस्यो द्वारा अष्टापद- बद्रीनाथ(आदिनाथ भगवान व बाहुबली इत्यादि की मोक्ष स्थली) की यात्रा का कार्यक्रम दिनांक 03 मई 2025 से 10मई 2025 तक बनाया गया. जिसमें 24 यात्रियों ने यात्रा की. यात्रा का शुभारंभ श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर चित्रकूट कोलोनी,सांगानेर जयपुर के दर्शन से की गई. इसके पश्चात तिजारा,सिद्धांत क्षेत्र,अष्टापद(गरूग्राम),बडागांव,मुशायरों महावीर मंदिर(जीवनआशा हॉस्पिटल) तरूण सागरम, हस्तिनापुर, हरिद्वार ऋषिकेश, गंगानदी स्नान, व मंगला आरती, रामलीला,जानकी झूला, गीता भवन व जैन मंदिर के दर्शन, श्रीनगर(गडवाल),रुद्रप्रयाग, जोशीमठ,चमोली इत्यादि की बर्फीली वादियो  की यात्रा करते हुए अष्टापद-बद्रीनाथ पहुचे. वहां बद्रीनाथ मंदिर के दर्शन करके जैन मंदिर व आदिनाथ भगवान के चरणों के दर्शन करके माणागांव (भारत का अंतिमगांव) पहुंच कर सरस्वती नदी का उद्गम व पाण्डू भीम शिला के दर्शन कर वापसी की. यात्रा बर्फीले पहाडो से होकर हरिद्वार, मंगलायतन, मथुरा-चौरासी के दर्शन कर जयपुर 10 मई 25 को पहुचे .शुद्ध खाने-पीने की व आवास व्यवस्था भी यात्रा कं. द्वारा करवाई गई.

## Ujjain Unit: 07.05.2025

जैन बैंक फोरम उज्जैन के सचिव श्री विमलेश जैन द्वारा सुमति धाम में दिनांक 26 से 2 म ई तक लगातार 7 दिन मुनी महाराज के आहार हेतु चौका लगाया गया इसमें प्रतिदिन मुनि महाराज एवं आर्यिकाओं के आहार संपन्न हुए.

## Jhansi Unit: 06.05.2025

आज कर्गुवा जी मंदिर में नमोक्कार मंत्र का पाठ जैन बैंकर फोरम, झाँसी के पुण्यार्जन से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रविंद्र जैन जी एवं रौनक जैन जी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इसके उपरांत समूहिक नमोक्कार मंत्र पाठ सम्पन्न हुआ, जिसमें समाजजनों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

## Saharanpur Unit: 04.05.2025

सभी को सादर जय जिनेंद्र । आज दिनांक 4 मई 2025 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम यूनिट सहारनपुर में इस वर्ष के पहले सेवा कार्यक्रम में तुरियानंद गौशाला, मंडी समिति गेट के सामने, चिलकाना रोड, सहारनपुर पर गायों को हरा चारा गुड चोकर व हरी सब्जियां खिलाई गई । इस सेवा कार्यक्रम में अधिकतर सदस्य मौजूद थे सभी ने बड़े मनुभाव से गायों की सेवा की और उन्हें सब्जियां खिलाई इस कार्यक्रम में निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

श्री राजीव जैन संरक्षक ( रामजीवन नगर) ,अध्यक्ष अनिल कुमार जैन ( भगवती कॉलोनी),मंत्री सुधीर कुमार जैन (मदन पुरी कॉलोनी), कोषाध्यक्ष अनिल कुमार जैन ( ज्ञान गार्डन ) ,उपाध्यक्ष श्री मदन कुमार जैन ,श्री राजीव जैन ( मदन पुरी कॉलोनी) ,श्री सिद्धार्थ जैन (ज्ञान गार्डन ),श्री अनुज कुमार जैन ( पारस पैलेस), श्रीमती पूनम जैन आदि ।

अध्यक्ष : श्री अनिल कुमार जैन ( भगवती कॉलोनी)

मंत्री : श्री सुधीर Samjh जैन ( मदन पुरी)

कोषाध्यक्ष : श्री अनिल कुमार जैन ( ज्ञान गार्डन)

## THA Ghaziabad Unit: 01.05.2025

आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की और से हमारे संकल्पानुसार छटम Bhaktamer 48 दीप महाअर्चना पाठ 1 मई 2025 की रात्रि 7.00 बजे श्री दिगंबर जैन मंदिर (महावीर वाटिका) सेक्टर-3, वैशाली पर आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम मैं शाखा एवं जैन समाज के सदस्यों ने बड़ी संख्या मैं भाग लिया। सबसे पहले सभी ने भक्तामर स्त्रोत्र पर एक एक दीप प्रज्वलित किया। पाठ के बाद भक्ति भाव से आरती की। इस पाठ मैं शाखा के निम्न सदस्यों ने अपने परिवार सदस्यों के साथ भाग लिया:

1. श्री के वी एस जैन- संरक्षक
2. श्री जे के जैन- संरक्षक
3. श्री Sriyansh जैन- उपाध्यक्ष
4. श्री अंकित जैन- सचिव
5. श्री मयंक जैन- सदस्य
6. श्री अरुण जैन- सदस्य
7. श्रीमती नेहा जैन- सदस्य
8. कु० प्रतीति जैन- सदस्य

## Jhansi Unit: 30.04.2025

कल की संगोष्ठी का सकारात्मक प्रभाव आज देखने को मिला। आज मुझे तीन समाजजनों के कॉल प्राप्त हुए:

1. श्री मनोज जैन जी ने सीएम युवा स्वरोजगार योजना के विषय में जानकारी ली, जिसे विस्तारपूर्वक समझाया गया।
2. डॉ. संतोष जैन जी ने अपने पुत्र के लिए एजुकेशन लोन की जानकारी प्राप्त की, जिसमें उन्हें संपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया।
3. श्री सुनील जैन 'दाऊ' जी की माताजी की पेंशन रुकी हुई थी। जांच में पाया गया कि उनका आधार NPCI से लिंक नहीं था। अब उनका आधार NPCI से लिंक कर दिया गया है और उन्हें विश्वास दिलाया गया है कि शीघ्र ही पेंशन आनी प्रारंभ हो जाएगी।

यह सभी प्रयास जैन बैंकर फोरम, झाँसी की ओर से समाज सेवा की भावना से किए गए हैं।

रौनक जैन, सचिव

## Jhansi Unit: 29.04.2025

आज मंदिर जी प्रांगण में समाज के विशिष्ट समाजजनों के साथ एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर जैन बैंकर फोरम, झाँसी की ओर से यह जानकारी दी गई कि यदि किसी भी जैन समाजजन को बैंकिंग से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा हो, तो वे निःसंकोच फोरम से संपर्क कर सकते हैं। मुख्य व्यापारियों ने अपनी-अपनी समस्याएं साझा कीं, जिनका तत्काल समाधान भी सुझाया गया। इसके अतिरिक्त सीएम युवा स्वरोजगार

योजना की जानकारी दी गई, जिससे युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। समाज के वरिष्ठजनों को निवेश से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई, जिससे वे अपने धन का सुरक्षित और लाभकारी नियोजन कर सकें।
रौनक जैन,सचिव

## Bhopal Unit: 29.04.2025

साथियों कल 28 अप्रैल को जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा *अशोका गार्डन मंदिर में सेवारत पुजारी श्री जयंत जी के निवास पर जाकर उनके पैर के इलाज हेतु रु 10001 /की राशि भेंट की। हमारे फोरम की हमेशा भावना है:

मैत्री भाव जगत में मेरा
*सब जीवों से नित्य रहे
दीन दुःखी जीवों पर मेरे
उर से करुणा स्रोत बहे।।

हमारे फोरम के सचिव श्री अनिल जी, कोषाध्यक्ष श्री टी सी जी, एवं श्री विनोद जी,* शैलेन्द्र जी द्वारा पुजारी जी को राशि प्रदान की गई. मैं अपने सभी साथियों का, जिन्होंने * इस* पुण्य कार्य को करने में अपनी सहभागिता की , बहुत बहुत धन्यवाद और आभार मानता हूं, और श्री जी से प्रार्थना करता हूं कि सेवा और परोपकार की भावना हमेशा हम सभी के हृदय में बलवती होती रहे.
प्रभात गोयल,अध्यक्ष

## Lalitpur Unit: 28.04.2025

**जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर एवं जैन एम्बुलेंस सेवा समिति के सौजन्य से विशाल ऑस्टियोपोरोसिस ex(BMD)जांच एवं उपचार शिविर सम्पन्न**

दिनांक 27/4/ 25 को दि जैन पंचायत समिति के तत्वधान में जैन एम्बुलेंस सेवा समिति एवं अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर यूनिट के सौजन्य से दि.जैनअभिनंदोदय तीर्थ क्षेत्र क्षेत्रपाल मंदिर जी प्रांगण में आधुनिक मशीनों द्वारा विशाल BMDजाँच एवं उपचार शिविर सम्पन्न किया गया।शिविर की अध्यक्षता दि. जैन समाज के अध्यक्ष डॉ अक्षय जैन टड़ैया ने एवं शिविर का संचालन दिग. जैन पंचायत के संयोजक एवं अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सनत जैन खजुरिया ने किया।शिविर में ऑस्टियोपोरोसिस विशेषज्ञ श्री हरि मोहन दिनकर द्वारा मरीजों की जांच की है। डा.दिनकर ने अपने उद्बोधन में बताया कि 30 वर्ष की उम्र के बाद मनुष्य के शरीर की हड्डियों में कमजोरी एवं घिसाव प्रारम्भ हो जाता है एवं टूटने के जोखिम के साथ साथ जोड़ो में दर्द प्रारंभ हो जाता है इसके बचाव के लिए संतुलित जीवन शैली के साथ तनाव रहित जीवन, धूम्रपान एवं नशा की आदतों से बचाव एवं कैल्शियम व विटामिन डी युक्त समुचित भोजन करने से हड्डियों की कमजोरी व घिसाव से बचा जा सकता है।उन्होंने कहा कि 50 वर्ष की उम्र के बाद नियमित जांच एव उपचार आवश्यक है चिकित्सा जांच टीम में श्री प्रियंक गुप्ता एवं ,दीपेंद्र यादव सहयोगी रहे। शिविर में लगभग 140 लोगों ने अपनी जांच कराकर उपचार लिया।
शिविर को सफल बनाने में सर्व श्री सनत जैन खजुरिया, राजकुमार जैन सराफ ,महिपाल जैन ,सुरेन्द्र सिंघई सर्वज्ञ सतभैया , मयंक जैन, दिलीप जैन, प्रतीक जैन, केवल चंद जैन, मंदिर जी के प्रबंधक श्री अशोक दैलवारा,अजय आल्या आदि का विशेष सहयोग रहा।

## Gurgaon Unit: 27.04.2025

आज दिनांक 27 अप्रैल 2025 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स की गुड़गांव यूनिट की सिद्धांत क्षेत्र शिकोहपुर में आम बैठक हुई, जिसमें पुराने कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने पर सचिव श्री राजेश जैन जी ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की अनुमोदन की जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। उसके पश्चात नई कार्यकारिणी का गठन करने की प्रक्रिया श्री पी के जैन जी GM स्टेट बैंक आफ इंडिया की अध्यक्षता में की गई।
इस बैठक में निम्न पदाधिकारियो का चयन सर्व सम्मति से किया गया
1.श्री राजेश जैन - अध्यक्ष
2.श्री डी सी जैन - सचिव
3.श्री आदेश जैन - उपाध्यक्ष
4.श्रीमती प्रभारानी जैन सह सचिव और
5.श्री डी पी जैन कोषाध्यक्ष
सभी सदस्यों ने इन पदाधिकारियों की चयन की करतल ध्वनि से अनुमोद्रा की तथा नई टीम के सदस्यों को माला पहनकर सम्मानित किया गया।

## THA Ghaziabad Unit: 27.04.2025

हमें सुचित करते हुए प्रसन्नता है कि ट्रांस हिंडन Ghaziabad शाखा द्वारा आज 27.04.25 को दिगंबर जैन महिला आश्रम में लगभग 30 बच्चों, 16 महिलाओं एवं 10 कर्मचारियों को लंच, बच्चों को stationary एव सभी को फल आदि का वितरण किया गया। सभी बच्चों एवं महिलाओं को भोजन वितरण शाखा के सभी सदस्यों द्वारा अपने हाथ से किया। भोजन व्यवस्था में निम्न सदस्यों के द्वारा सहयोग किया गया:

Rs.1100/- श्री अंकुर जैन यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया

Rs. 1000/- श्री जेके जैन संरक्षक

Rs. 1100/- श्री अंकित जैन सचिव

Rs. 2100/- श्री अभिक जैन रामप्रस्था ग्रीन सदस्य

Rs. 1100/- श्री पारुल जैन वैशाली सदस्य

Rs.1000/- श्री सुखसागर जैन इंदिरापुरम सदस्य

Rs2000/- श्री निर्मल कुमार जैन कोषाध्यक्ष

Rs.1000/- श्री श्रेयांश कुमार जैन उपाध्यक्ष

Rs.500/- श्री सुनील कुमार जैन क्रॉसिंग रिपब्लिक

Rs.1000/- श्री अरुण जैन Miziho Bank वैशाली

Rs. 1100/- श्री केवीएस जैन संरक्षक

Rs.1000/- श्री मयंक जैन वैशाली

फल एवं स्टेशनरी का वितरण शाखा सदस्य श्रीमती नेहा जैन पत्नी श्री अभिषेक जैन Apex वैशाली की और से किया गया। इस कार्यक्रम में ट्रांस हिंडन Ghaziabad शाखा के सचिव श्री अंकित जैन, संरक्षक श्री केविएस जैन, श्री J.K.Jain, कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, उपाध्यक्ष श्री श्रेयांस कुमार जैन, सदस्य श्री मयंक जैन ने सहभागिता की।

## THA Ghaziabad Unit: 27.04.2025

हमें सुचित करते हुए प्रसन्नता है कि आज अहिंसा धर्म प्रभावना संस्था द्वारा आचार्य ज्ञानसागर महाराज जी द्वारा बनाई गई सभी संस्थाओं के padhadhiari एवं सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम आर्यिका अंतशमती माता जी के पावन सानिध्य में श्री दिगंबर जैन लाल मंदिर दिल्ली पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर ट्रांस हिंडन Ghaziabad शाखा के संरक्षक एव राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे के जैन द्वारा सभी को जैन बैंकर्स फोरम एव तीर्थंकर आदिनाथ ट्रस्ट के बारे मैं विस्तृत जानकारी दी। साथ ही ट्रांस हिंडन Ghaziabad शाखा के सचिव श्री अंकित जैन ने शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे मे जानकारी दी। इस अवसर पर फ़ोरम के सभी सदस्यों का स्वागत एव सम्मान किया गया । इस कार्यक्रम में ट्रांस हिंडन Ghaziabad शाखा के सचिव श्री अंकित जैन, संरक्षक श्री केविएस जैन, श्री J.K.Jain, कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, उपाध्यक्ष श्री श्रेयांस कुमार जैन, सदस्य श्री मयंक जैन ने सहभागिता की।

## Muzaffarnagar Unit: 27.04.2025

आज दिनाक 27.4.25- रविवार को दोपहर 3.00 बजे, श्री जैन मन्दिर चौडी गली मे जैन बैंकर्स फोरम, MZN यूनिट से श्री राजेंद्र कुमार जैन (SBI), श्री अदीश जैन ( PNB) श्री अशोक जैन ( PNB) श्री वाई. के जैन (सचिव) श्री पवन जैन जी, लक्ष्मण विहार एवम् प्रवीण कुमार जैन (अध्यक्ष )आदि ने परम पूजनीय 108 आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज की परम प्रभावक् शिष्या सुजानमति माता जी( अनिता दीदी) व अन्य सध्वीयो की वन्दना की/ दर्शन किये एवम् उनसे आगामी धार्मिक करवाई करने पर निर्देश प्राप्त किये. आदरणीय माता जी द्वारा पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के अवतरण दिवस एक मई (1.5.25) को प्रात: 8.30 बजे हमारी यूनिट के सदस्यों को सामूहिक रूप से आचार्य श्री की वन्दना/ पाद प्रक्षालन हेतु उपस्थित होने के लिए इक्छा व्यक्त की गई।

## Muzaffarnagar Unit: 27.04.2025

वितीय वर्ष 25-26 की प्रथम साधारण सभा का आयोजन दिनांक 26.4.2025 -शनिवार को प्रातः10.00 बजे,PNB यूनियन ऑफिस मे किया गया।जिसमे 12 सदस्यों ने भाग लेकर आगामी कारवाई के लिए अपने बहुमुल्य सुझाव दिये। उक्त मीटिंग मे सुझावों के अतिरिक्त निम्न कार्यक्रमो पर विचार कर इनको किया जाना प्रस्तावित है:-

1.धार्मिक कार्यो/ बैकिंग गोष्ठि आयोजन:-

आज (27.4.25- रविवार) दोपहर 3.00 बजे परम पूजनीय माता जी की वन्दना/ दर्शन के लिए जैन मन्दिर चौडी गली में जाना प्रस्तावित है.

2.भगवान् श्रीआदिनाथ के प्रथम पारणा दिवस,(अक्षय तृतीया) के उपलक्ष में ईक्षुरस (गन्ने के रस) का वितरण दिनाक 30.4.2025 दिन बुधवार को प्रात: 9.00 बजे से जानसठ अड्डे से A to Z Road पर लक्ष्मण विहार के बाहर स्थित ट्यूबवेल के समीप मेंन् रोड पर श्री विनोद मित्तल जी (जैन), मित्तल मशीनरी के अतिथ्य मे किया जायेगा।
3.प्रात::कालीन वंदना एवम् लघु प्रतिक्रमण पाठ पुस्तिका सभी सदस्यों को बैठक मे वितरित की गई और प्रत्येक जैन मन्दिर में 50 प्रति रखी जायेंगीं.
4.वार्षिक शुल्क उपस्थित सदस्यों द्वारा जमा कराया गया. सभी सदस्यों से पुनः अनुरोध किया गया कि वे अपना दोनों वर्षो का शुल्क यथा शीघ्र जमा कराएं।
5.कश्मीर में आंतकी हमले मे मारे गये लोगो को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रख कर सभा का समापन किया गया।

## Kota Unit: 27.04.2025

आज माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी ने रिटायर्ड ऑफिसर एसोसिएशन के परिंडे लगाओ परिंदे बचाओ अभियान का शुभारंभ किया इस अवसर पर कोटा दक्षिण के महापोर राजीव भारती वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज मेहता सहित कई सदस्य मौजूद रहे. हमारे साथी श्री आर के जैन केंद्रीय समिति के कार्याध्यक्ष की अगुवाई में माननीय लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम जी बिरला के सान्निध्य में परिण्डे लगाओ परिंदे बचाओ अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर परिंडे वितरण किये गए.

## Jhansi Unit: 25.04.2025

झाँसी जैन बैंकर फोरम के माध्यम से इस वर्ष हमारे फोरम में दो नए सदस्य जोड़े गए हैं, जिससे हमारा संगठन और अधिक सशक्त हुआ है। साथ ही वर्षों से निष्क्रिय पड़ा कर्गुवा जी जैन मंदिर का बैंक खाता सक्रिय करवाया गया है। इस खाते में पर्याप्त राशि जमा थी, जो अब पुनः बैंकिंग प्रणाली में आ गई है। मंदिर में सेवा दे रहे सभी workers के बैंक खाते खुलवाए गए हैं, जिससे अब उनकी वेतन राशि सीधे उनके खातों में स्थानांतरित की जा रही है। यह कदम हमारे समाज को आर्थिक रूप से अधिक संगठित और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल jain bankers jhansi dwara ki gayi है। Jaldi hi बैंकिंग से जुड़ी शिकायतों और उनके समाधान हेतु एक विशेष कैंप आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा गया है, जिससे समाजजन को बैंकिंग सुविधाओं का समुचित लाभ मिल सके। रौनक जैन, सचिव

## Lalitpur Unit: 24.04.2025

आज दिनांक 24 अप्रैल को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम शाखा ललितपुर के नेतृत्व में एवं दिगंबर जैन समाज पंचायत समिति ललितपुर के तत्वावधान में फोरम के सभी सदस्यों ने अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ मिलकर महानगर पालिका मुंबई के द्वारा दिगंबर जैन मंदिर तोड़े जाने के विरोध में एवं राजघाट स्थित दिगंबर जैन मंदिर से तीन प्रतिमाओं की अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किए जाने के विरोध में एक वृहद जलूस के रूप में दिगंबर जैन अटा मंदिर जी से जिलाधिकारी कार्यालय तक शांति मार्च किया जिसमें हजारों की संख्या में पुरुष एवं महिलाएं शामिल हुई। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर उक्त घृणित घटनाओं के विरोध में माननीय जिलाधिकारी महोदय को सभी संस्थाओं की ओर से ज्ञापन सौंपे जिसमें दोषियों के विरुद्ध शीघ्र कड़ी कार्यवाही करने की व उसी जगह नवीन भव्य मंदिर शासन द्वारा बनवाने व प्रतिमाओं की शीघ्र बरामदी व चोरों को पकड़े जाने की मांग की गई। जुलूस में प्रमुख रूप से शाखा संरक्षक श्री सनत जैन खजुरिया,शाखा अध्यक्ष श्री विजय कुमार जैन शाखा मंत्री श्री राजकुमार जैन, श्री सुनील सर्राफ श्री गौरव जैन श्री प्रतीक जैन,श्री महिपाल जैन श्री सर्वज्ञ जैन आदि शामिल रहे।

## Ghaziabad Unit: 23.04.2025

We feel pleasure to inform you that Akhil Bhartiya Jain Bankers forum Ghaziabad unit members along with shastri nagar Jain samaj peoples attended Diksha diwas of Munishri Gyat sagar ji maharaj and Achryapadarohan diwas of Achrya Shri Gey sagar ji maharaj on 23.4.25, Wednesday at Jain mandir Gulab vatika, loni Ghaziabad. We were also blessed by Achrya Shri Saurabh Sagar Ji Maharaj, who has reached there today. We are thankful to our members for joining this religious program.

## THA Ghaziabad Unit: 21.04.2025

20 अप्रैल 2025 को Kambadahalli - sarvenbelgola प्राचीन तीर्थ क्षेत्र के भट्टारक जो आचार्य विद्यानंद जी महाराज के 100 वी जन्म जयंती के अवसर पर कुंदकुंद भारती पधारे थे उनका वैशाली जैन मंदिर महावीर वाटिका में जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों के स्वागत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । इस अवसर पर उन्होंने सभी को अपना संबोधन भी दिया । इसमें ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के संरक्षक श्री जेके जैन, श्री केवीएस जैन,

शाखा सचिव श्री अंकित जैन, शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, शाखा सदस्य श्री अरुण कुमार जैन एवं समाज के कुछ सदस्यों द्वारा सहभागिता दी गई।

## Hissar Unit: 21.04.2025

जैन बैंकर फोरम हिसार के सदस्य श्री अनिल कुमार जैन की धर्म पत्नी श्री मति सरिता जैन ने रोहतक में हो रही पंचकल्याणक व्यवस्था में 1.25 लाख रुपए की सहयोग राशि 20-4-2025 को दी। हिसार की सरिता जैन धर्म पत्नी अनिल कुमार जैन को सम्मानित किया गया। उन के इस सहयोग की बहुत बहुत अनुमोदना।

## Gurgaon Unit: 06.04.2025

हमें यह बताते हुए हर्ष होता है कि फोरम की तरफ से अतिशय क्षेत्र तिजारा जी की यात्रा दिनांक 06.04.2025 दिन रविवार को आयोजित की गई। इस यात्रा में 34 सदस्यों ने सपरिवार सहभागिता की. बस सवेरे 7.00 बजे चल कर 10.00 बजे तिजारा जी पहुंचीं। वहां पर श्रीजी के दर्शन ,पूजा कर सबने भगवान की सामूहिक आरती की तथा भोजन करने के पश्चात गुड़गांव वापिस आए। इस यात्रा के दौरान सभी सदस्यों ने श्री भक्तामर जी का सामूहिक पाठ किया तथा भजन आदि प्रस्तुत किए। यात्रा की समाप्ति पर यूनिट सचिव श्री राजेश जैन ने सभी सदस्यों का यात्रा को यादगार बनाने तथा श्री महेश सिंगल जी को यात्रा के प्रयोजन के लिए धन्यवाद किया. इस यात्रा के प्रायोजक श्री महेश सिंगल जी थे.

राजेश जैन,सचिव

## Bhopal Unit: 05.04.2025

श्री वासपूज्य जिनालय बावडियाकला भोपाल में जैन बैंकर्स फोरम के तत्वाधान में श्रीमती रीता प्रभात गोयल,
श्रीमती अलका अरुण चौधरी के सौजन्य से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया.

## East Delhi Unit: 04.04.2025

जैन बैंकर्स फोरम , ईस्ट दिल्ली शाखा द्वारा दिनांक 29.3.2025 दिन शनिवार को एक निशुल्क बस द्वारा हस्तिनापुर की यात्रा की गई। जिसमें वहां की वंदना एवं दर्शनों का लाभ सभी श्रद्धालुओ ने पूरा उठाया , साथ ही श्री ऋषभ जी शास्त्री से स्वाध्याय लाभ भी लिया एवं श्री विवेक जैन C.A जी से भक्ति लाभ लिया। जैन बैंकर्स फॉर्म के श्री प्रवीण कुमार जैन , प्रदीप कुमार जैन , श्री जिनेश कुमार जैन , श्री अतुल कुमार जैन , एवं श्री सुख सागर जैन जी ने परिवार सहित इसमें भाग लिया.

## Hissar Unit: 01.04.2025

Shri Sushil Muni Jain, who is our member is Jain Banker Forum Hisar has given his talk which is given below:-

“जैन सभा हिसार श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा पीएलए हिसार के प्रतिनिधि सुशील मुनि जैन ने आज पाठकपक्ष के संवाददाता को स्थानक का अर्थ बताते हुए कहा कि जैसे मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा होते हैं, वैसे ही जैन धर्म में श्वेताम्बर स्थानकवासियों में मुंह पट्टी लगाते हैं, वस्त्र धारण करते हैं, संतों की रुकने की जगह, ध्यान लगाने, प्रवचन करने की जगह को स्थानक कहा जाता है। उन्होंने बताया कि जैन धर्म ईश्वर को सर्वशक्तिमान सत्ता के रूप में स्वीकार नहीं करता। जैसे मुसलमान अल्लाह को मानते है, गुरुद्वारों में गुरुओं को मानते हैं, वैसे ही हमारे यहां तीर्थंकरों को मानते हैं लेकिन जैन धर्म में सिद्ध भगवन्तों में आस्था रखते हैं। जो आत्माएं इस संसार से मुक्त होकर चली गई हैं, दोबारा इस संसार में नहीं आएंगी, जिनका जन्म-मरण नहीं होगा हम उनके अंदर आस्था रखते हैं। सुशील मुनि ने कहा कि हम ये मानते हैं कि कोई भी आत्मा या जीव अपने कर्मों के द्वारा ही आत्मा से परमात्मा बन सकता है। सुशील मुनि जैन ने बताया कि जैन धर्म में संसार के जितने भी गुरु हैं, उन सबको नमस्कार किया गया है। हम सब धर्मों के गरुओं को श्रद्धापूर्वक मानते है। जैन धर्म में जाति-पाति का कोई अर्थ नहीं है, कोई भी मनुष्य जैन धर्म को अपना सकता है. उन्होंने कहा कि इतिहास की बात करें तो जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव थे, जिनको आदिनाथ भी कहा जाता है, जिनको अन्य नामों से भी जाना जाता है। इन्होंने इस संसार को असि-मसि कृषि, व्यापार आदि का ज्ञान दिया। उन्होंने अपनी बेटियों के माध्यम से नारी जगत को शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि जैन वहीं है, जो अपनी इंद्रियों पर विजय प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जैन धर्म एक वैज्ञानिक धर्म है। भगवान महावीर का विजन पूरी तरह वैज्ञानिक था। भगवान महावीर स्वामी आपको यह भी बताते हैं कि जीवन कैसे जीना है। जैन धर्म में अंहिसा का प्रमुख स्थान है। जैन धर्म के लोग राष्ट्र धर्म को भी मानते हैं और राष्ट्र धर्म पर अपने प्राणों को हंसते हुए न्योछावर कर देते हैं। आज के समय में जैन धर्म को पढ़ने और जानने की जरूरत है। यह धर्म पूरी तरह से वैज्ञानिक है.”

## Bhopal Unit: 01.04.2025

*** भव्य गोद भराई कार्यक्रम श्री डी के जैन वास्तुविद***

उपरोक्त संबंध में हमे यह बताते हुए हर्ष होता है कि फोरम के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष श्री डी के जैन शाह साहेब , अतिशय क्षेत्र ऊन में होने वाले पंच कल्याणक में माता पिता बने है, का फोरम की और से बहुत बहुत अनुमोदना, फोरम की और से, दिनांक 29 मार्च को दोपहर 2.45 बजे से श्री पारसनाथ जिनालय शाहपुरा जैन मंदिरजी उनका गोद भराई कार्यक्रम किया गया, अधिक संख्या में सदस्यों ने सपरिवार कार्यक्रम में पहुंचकर धर्म लाभ लिया गोद भराई कार्यक्रम के उपरांत, फोरम की सामान्य सभा की गई, जिसमें चुनाव एवं आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा हुई।

आज की सामान्य सभा में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय...

1. अगले कुछ दिनों में सदस्यों के बीच एक भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें भजन वीडियो रिकॉर्ड करके प्रेषित करना होगा। पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल तीन सर्वश्रेष्ठ गायन का चयन करेगा और फोरम की अगली मीटिंग में विजेताएँ को पुरष्कृत किया जाएगा। तारीख घोषित होने के पूर्व अभ्यास कीजियेगा।
2. अगले कुछ ही दिनों में श्री भक्तामर स्त्रोत्र का पाठ ऑनलाइन Zoom app के माध्यम से सम्पन्न होगा। शेड्यूल घोषित होने के बाद जिन सदस्यों की सहभागिता सहमति प्राप्त होगी उन्हें काव्य नंबर आबंटित किया जाएगा।
3. फोरम की मीटिंग हर तीन माह में जरूर होगी। विविधता लाने के लिए सदस्यों के सुझाव आमंत्रित किये जायेंगे।
4. जो सदस्य अभी मीटिंग्स में नियमित नहीं आ रहे हैं उनसे व्यक्तिगत रूप से घर पर सम्पर्क किया जाएगा ताकि सहभागिता निरंतर बढ़ती रहे।
5. पूर्व कार्यकारणी के कार्यों को भरपूर प्रसंशा की गई। हमने राष्ट्रीय स्तर पर रनरअप पुरुष्कार पाया। हमारा प्रयास होगा कि इस वर्ष प्रथम पुरुष्कार मिले।

तदोपरांत 5.30 बजे से सभी सदस्यों ने भोजन किया. अंत में Smt शोभा पत्नी श्री राकेश जैन के स्वास्थ्य लाभ हेतु भक्तांबर पाठ सामूहिक आरती की

## THA Ghaziabad Unit: 29.03.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों का एक ग्रुप दिलवाड़ा जैन मंदिर माउंट आबू एवं निकटवर्ती क्षेत्र के मंदिरों के दर्शन करने के लिए 27 मार्च से 29 मार्च को जिसमें माउंट आबू का दिलवाड़ा टेंपल, जीरावला का भव्य जैन मंदिर, आबू तलहटी का मानपुर जैन मंदिर, भेरू तारक जैन मंदिर एवं पावापुरी जैन मंदिर आदि मंदिरों के दर्शन किए l सभी जैन मंदिर बहुत ही भव्य एवं कलात्मक थे l इस यात्रा के दौरान शाखा संरक्षक श्री जेके जैन, श्री केवीएस जैन, शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद्र जैन, शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री ब्रह्मा शरण जैन एवं उनके परिवार सदस्यों में सहभागिता की l

## Jaipur Central Unit: 28.03.2025

08 जनवरी 2025 की मीटिंग के निर्णय अनुसार, पींजरापोल गौशाला जयपुर में गायों को हराचारा एवम् गुड़ खिलाया गया.

## Kota Unit: 28.03.2025

हमारी कोटा इकाई के साथी श्री जसवंत सिंह कोटेजा (आईसीआईसीआई) ने रिटायर्ड बैंक कर्मचारियों की मेडिकल फैसिलिटी के लिए लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम जी बिरला को ज्ञापन दिया।

## Jabalpur Unit: 27.03.2025

कल दिनांक 26 मार्च को जबलपुर प्रवास के दौरान, जबलपुर यूनिट को एक्टिवेट करने हेतु अत्यंत ही शॉर्ट नोटिस पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व अध्यक्ष श्री अजय जैन और कुछ नए सदस्यों को काल किया, सबने संगठन और फोरम के महत्व को आवश्यक बताया, सदस्यों ने गतिशील होने हेतु प्रण लिया, मीटिंग में निम्न निर्णय लिए गए

1 शीघ्र ही नए सदस्यों को जोड़ना

2 नया व्हाट्सप्प ग्रुप बनाना

3 केंद्रीय फोरम द्वारा निर्धारित एक्टिविटीज करना

4 शीघ्र ही बैंकिंग हेल्पलाइन का बैनर बनाने का निर्णय लिया

5 जबलपुर में जैन व्यापारी बहुत है, अतः sbi के सहयोग से एक ट्रेडर्स मीट करने का निर्णय लिया

श्री संजय जैन द्वारा आगामी महावीर जयंती पर जबलपुर फोरम द्वारा कोई एक कार्यक्रम करने का निर्णय लिया. श्री राजेंद्र जैन uco बैंक, जो की जबलपुर की विभिन्न संस्थाओं से जुड़े है एवं प्रसिद्ध हनुमान ताल मंदिर के अध्यक्ष है, द्वारा फोरम को मीटिंग हेतु जगह एवं अन्य सुविधाओं, पूर्ण सहयोग देने का कहा, आज की मीटिंग का स्थान और जलपान की व्यवस्था भी उनके द्वारा की गई थी. श्री राजेंद्रजी को , फोरम का संरक्षक बनाने का प्रस्ताव मैंने दिया, जिसे सभी ने स्वीकार कर लिया. सदस्यों को शीघ्र ही मीटिंग बुलाकर चुनाव करवाने का सुझाव मैने दिया. जलपान के उपरांत बड़े ही उत्साहपूर्ण वातावरण में मीटिंग का समापन हुआ. श्री संजय जैन बहुत ही उत्साही सदस्य है, कृपया उन्हें केंद्रीय ग्रुप में जोड़े ताकि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर हो रही एक्टिविटीज मालूम पड़े, उनका मोबाइल no 8889642244

प्रभात गोयल, भोपाल शाखा

## West Delhi Unit: 25.03.2025

आज दिनांक 25.03.2025 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की वैस्ट *दिल्ली शाखा द्वारा, ब्लड बैंक आर्गनाइजेशन, पूसा रोड़, नई दिल्ली, के सहयोग से एक बार फिर रक्तदान शिविर मंगलम प्लेस डिस्ट्रिक्ट सेंटर, रोहिणी, में आयोजित किया गया। शिविर में शाखा के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस शिविर में कुल 17 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। रक्तदान देने वाले सभी अभ्यर्थियों का उचित सम्मान किया गया। शिविर के लिए सारी व्यवस्था तथा रक्तदान कर्ताओं को दिये जाने वाले जलपान की व्यवस्था श्री जे के जैन, शाखा कोषाध्यक्ष, द्वारा की गई, जिसके लिए वे विशेष धन्यवाद के पात्र हैं।

वी के जैन (अध्यक्ष) बी के जैन (सचिव) जे के जैन (कोषाध्यक्ष)

**Agra Unit: 25.03.2025** दिनांक 23.03.25 को प्रथम तीर्थंकर 1008 आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक के शुभ अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दि. जैन मंदिर शालीमार एंक्लेव, आगरा में भक्तामर स्तोत्र पाठ का आयोजन किया गया जिसमें जैन बैंकर्स फोरम के सदस्यों द्वारा भी सहभागिता की गई। सभी सदस्यों बहुत बहुत धन्यवाद और साधुवाद।

## THA Ghaziabad Unit: 25.03.2025

हमें सूचित करते हुए कुशलता है आज दिनांक 25 मार्च 2025 को प्रातः 9:00 बजे गिरनार की ऐतिहासिक पदयात्रा श्री संजय जैन जी के नेतृत्व मैं जब इंदिरापुरम के अहिंसा खंड में प्रवेश किया तो वहां के जैन मंदिर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों की ओर से पदयात्रा सदस्यों का पटका एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं उनकी पदयात्रा में भी सहभागिता की। इस अवसर पर शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन, श्री केवीएस जैन, शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन, शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बीएस जैन वैशाली, शाखा सदस्य श्री मयंक जैन वैशाली, श्री अरुण जैन Mizho वैशाली, श्री अभिक जैन रामप्रस्था ग्रीन, श्री सुखसागर जैन इंदिरापुरम, श्री वीके जैन बैंक ऑफ़ इंडिया इंदिरापुरम, श्री शशि जैन पीएनबी इंदिरापुरम, श्री सुशील कुमार जैन पीएनबी इंदिरापुरम, श्री विकास जैन एचडीएफसी बैंक वैशाली आदि ने अपनी सहभागिता दी।

## Ujjain Unit: 22.03.2025

Aaj Jain banker forum ke Shri vimlesh Jain AVN Shri Bilala ji aur Anya sadasyon ne Muni Shri viranjan Sagar Ji Maharaj sasangh ka vihar karvaya. abhi Ujjain mein teen Sangh ke lagbhag 20 Sadhu virajman hai aur Indore mein hone wale pattacharya mahotsav ke Karan lagatar

Sadhu brando ka awagaman jari rahega. Jain banker group Ujjain unit pure samarpan bhavhai साधु-संतों ki Seva mein nirantar samarpit hai.

## East Delhi Unit: 18.03.2025

जैन बैंकर्स फोरम ईस्ट दिल्ली शाखा द्वारा दिनांक 7 मार्च से 14 मार्च 2025 , 8000 फीट की ऊंचाई पर स्थित जैन मंदिर मुक्तेश्वर , नैनीताल में श्री सिद्ध चक्र विधान का विशाल आयोजन पंडित ऋषभ शास्त्री एवं विधानकर्ता श्री विवेक जैन C.A के सानिध्य में किया गया , तत्पश्चात 15-03-2025 को पालकी शोभा यात्रा निकाली गई । जिसमें देश विदेश के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से पधारे धर्मावलंबियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । ईस्ट दिल्ली शाखा के प्रधान प्रवीण कुमार जैन , सचिव श्री प्रदीप कुमार जैन एवं सहसचिव श्री अशोक कुमार जैन ने परिवार सहित विधान में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त किया ।

## ABJBF Central Unit: 13.03.2025

आज हमारे सूरत प्रवास के समय अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की सूरत शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्यों से विशेष रूप से आयोजित एक मीटिंग में चर्चा करने का अवसर प्राप्त हुआ I चर्चा करते समय पाया गया कि शाखा के सचिव श्री ईश्वर चपलोत ( जैन) अध्यक्ष श्री अभिषेक कुमार पाटनी (जैन) एवं उपस्थित अन्य सदस्य गण अत्यंत ऊर्जावान थे I शाखा में आयोजित कराई जाने संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं उन्हें बताया गया कि वे यह संकोच न करें कि उनकी शाखा के सदस्यों की संख्या कम है, हर शाखा में कार्य करने वाले 5 से 10 सदस्य ही होते हैं इसलिए वे शाखा स्तर पर सुझाई गई गतिविधियों करें सदस्य अपने आप जुड़ते चले जाएंगे I सभी सदस्य इससे सहमत थे एवं उन्होंने आश्वासन दिया कि वह इसी माह से शाखा स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने का प्रयास करेंगे I इस मीटिंग में सूरत शाखा से पांच सदस्यों ने भाग लिया एवं केंद्रीय कमेटी की ओर से मेरे अतिरिक्त श्री सुधीर कुमार जैन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं मेरठ शाखा के सचिव ने भी सहभागिता दी I

जेके जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष

## Gurgaon Unit: 09.03.2025

दिनांक 05 मार्च 2025 को कैप्टन चंदन लाल स्पेशल स्कूल फॉर ब्लाइंड, बहरामपुर, गुरुग्राम में नेत्र ज्योति विहीन बच्चों को लंच प्रदान किया। इस पुनीत कार्य के प्रायोजक फोरम के परम संरक्षक एवं राष्ट्रीय महासचिव श्री सोम प्रकाश जी जैन, श्रीमति मंजू जैन थे इसी क्रम में विद्यालय में नेत्र ज्योति विहीन बच्चों के लिए ब्रेल रीडिंग सामग्री हेतु ₹. 5100 की सहयोग राशि फोरम के विशिष्ठ संरक्षक श्री पी के जैन, श्रीमति नीरू जैन द्वारा प्रदान कर पुण्यार्जन किया गया। इसके अतिरिक्त फोरम की सदस्य श्रीमति सीमा जैन द्वारा 16 मार्च को बच्चों के ब्रेकफास्ट हेतु ₹.4000 का सहयोग राशि प्रदान की गई है। श्री सोम प्रकाश जैन द्वारा कार्यक्रम के पश्चात फोरम के उपस्थित सदस्यों को लंच उपलब्ध कराया गया। हम फोरम के सभी सदस्य आप सभी पुण्यर्जकों को उनके सहृदयता रूपी दान/ सहयोग की सराहना करते हुए अनुमोदना करते हैं। इस तरह की प्रभावना के लिए इस फोरम के मंच का पूर्ण सदुपयोग हो रहा है। हम आचार्य श्री ज्ञान सागर जी मुनिराज के प्रति कृतज्ञ हैं, नतमस्तक हैं, जिन्होंने ये मंच प्रदान किया।

राजेश जैन, सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 21.02.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से जो 15 फरवरी 2025 को जैन महिला आश्रम दरियागंज में फुल बॉडी चैकअप, विटामिन डी, B12 एवं कैल्शियम के साथ कराया गया था उसकी सभी रिपोर्ट्स एक एक्सपर्ट एमडी डॉक्टर को दिखाकर उनसे उनकी विशेष राय ली गई I डॉक्टर के अनुसार अधिकांश महिलाओं की रिपोर्ट्स में काफी कमियां पाई गई और डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाइयां के अनुसार आज दिनांक 21 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार को महिला आश्रम में रहने वाले सभी महिलाओं को लगभग 3 महीने की संबंधित दवाइयां निशुल्क प्रदान की गई I महिला आश्रम की सभी महिलाएं एवं आश्रम की प्रबंधक श्रीमती सुनीता जैन फोरम के शाखा द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के प्रति अत्यंत खुश थी एवं उन्होंने फोरम के सभी सदस्यों का

आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष श्री विशालचंद जी जैन जो वसुंधरा जैन मंदिर द्वारा संचालित डिस्पेंसरी में अपनी नियमित सेवाएं प्रदान करते हैं एवं मेडिसिन वगैरा का उन्हें बहुत ज्ञान है का विशेष सहयोग इस कार्यक्रम में हमें प्राप्त हुआ जिसके लिए हम उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। आज इस कार्यक्रम में शाखा के संरक्षक श्री जेके जैन, अध्यक्ष श्री विशाल चंद्र जैन, कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बी एस जैन एवं शाखा सदस्य श्री संजय जैन जी ने अपनी सहभागिता दी। शाखा द्वारा महिला आश्रम में इस प्रकार की सेवा प्रदान कर सभी शाखा सदस्यों को बहुत ही आत्म संतुष्टि प्राप्त हुई।

## THA Ghaziabad Unit: 16.02.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के द्वारा लिए गए संकल्प अनुसार भक्तांमर 48 दीप महाअर्चना का पंचम पाठ श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली में 15 फरवरी शनिवार को रात्रि 7:00 बजे आयोजित किया गया जिसमें शाखा के सदस्य परिवार एवं वैशाली जैन समाज के जैन परिवारों ने भाग लिया। पाठ के बाद सामूहिक आरती भी की गई। इस कार्यक्रम में शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन, शाखा सचिव श्री अंकित जैन, शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन, शाखा सदस्य श्री बी एस जैन, श्रीमती नेहा जैन, श्री मयंक जैन, श्री अरुण कुमार जैन, आदि ने अपने परिवार के साथ सामूहिक पाठ में अपनी सहभागिता दी। अंत में भाग लेने वाले सभी परिवारों का फोरम की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। विशेष रूप से श्रीमती संयोगिता जैन जी का विशेष आभार व्यक्त किया गया।

## THA Ghaziabad Unit: 15.02.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से आज 15 फरवरी 2025 दिन शनिवार को प्रातः 8:00 बजे जैन महिला आश्रम दरियागंज में रह रही विडो महिलाएं एवं घर से छोड़ी हुई महिलाओं का फुल बॉडी चैकअप टेस्ट किया गया यह टेस्ट Thyocare के द्वारा जहां फुल बॉडी चैकअप विटामिन डी एवं B12 के साथ लगभग ₹2500 में किया जाता है वह यहां पर निशुल्क कराया गया। यह चेकअप वहां रह रही 16 महिलाओं का कराया गया। यह महिला आश्रम पूर्ण रूप से जैन महिलाओं के द्वारा ही संचालित है एवं बहुत सुंदर जैन मंदिर की स्थापना इसी के प्रांगण में की हुई है। साथ ही आश्रम में लगभग 40 जैन लड़कियां भी रहती है जो वही रहकर पास के स्कूल में 12वीं तक की शिक्षा प्राप्त कर रही है। इस प्रकार की महिलाओं का यह चेकअप कराकर मन को अत्यंत आत्मीय संतुष्टि प्राप्त हुई। इन सभी की रिपोर्ट आने के बाद जिन महिलाओं को कोई भी विशेष बीमारी होगी उनको उनसे संबंधित मेडिसिन भी एक या दो दिन में सभी महिलाओं को महिला आश्रम में प्रदान की जाएगी। महिला आश्रम का संचालन बहुत ही सुंदर एवं व्यवस्थित रूप में किया जा रहा है जिसे देखकर सभी को बहुत अच्छी अनुभूति हुई। हमारे द्वारा इस महिला आश्रम को एक प्रकार से अडॉप्ट किया गया है एवं हर वर्ष हमारे द्वारा आश्रम की सभी महिलाओं का इसी प्रकार से मेडिकल चेकअप कराया जाएगा एवं उन्हें दवाइयां प्रदान की जाएगी। साथ ही वर्ष में कम से कम दो बार महिला आश्रम की महिलाओं एवं जो 40 बच्चे वहां रह रहे हैं उनको भोजन एवं स्टेशनरी आदि की भी व्यवस्था की जाएगी। आज के इस कार्यक्रम में शाखा से शाखा के संरक्षित श्री जेके जैन, शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद्र जैन, शाखा सचिव श्री अंकित जैन, शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बीएस जैन, शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन एवं शाखा सदस्य श्री संजय जैन।
इस कार्यक्रम में निम्न सदस्यों द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया:
Rs.9400/- श्री जेके जैन संरक्षक
Rs.6800/- श्री निर्मल कुमार जैन कोषाध्यक्ष
Rs. 3000/- श्री संजय कुमार जैन वसुंधरा
Rs. 3000/- श्री विशाल चंद जैन अध्यक्ष
Rs. 3000/- श्री बीएस जैन वैशाली
Rs.2100/- श्री दुष्यंत जैन राज नगर एक्सटेंशन
Rs. 1000/- श्री अंकित जैन सचिव
Rs. 1000/- श्री श्रेयांश कुमार जैन उपाध्यक्ष
Rs. 1000/- श्री अरुण कुमार जैन Mizho Bank
Rs. 1000/- श्री सुखसागर जैन इंदिरापुरम
Rs. 1000/- श्रीमती नेहा जैन अपेक्स वैशाली
आर्थिक सहयोग करने के वाले सभी सदस्यों का बहुत-बहुत हृदय से आभार।

## THA Ghaziabad Unit: 13.02.2025

आज दिनांक 13 फरवरी 2025 को गणिनी आर्यका आर्षमति माताजी के पंचम दीक्षा दिवस जो की भव्य रूप से सेक्टर 8 रोहिणी दिल्ली के जैन मंदिर में मनाया गया के अवसर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों को सहभागिता करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर शाखा के सदस्यों को भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीपक प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन आर्घ समर्पित करने एवं भक्ति करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बी एस जैन शाखा सदस्य श्री सुखसागर जैन ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम में वैस्ट दिल्ली शाखा की ओर से शाखा अध्यक्ष श्री वी.के.जैन, सचिव श्री बी.के.जैन एवं कोषाध्यक्ष श्री जे.के.जैन को भी सहभागिता देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

अंकित जैन,शाखा सचिव

## Bhopal Unit: 12.02.2025

6 फरवरी को आचार्य श्री के प्रथम समाधि दिवस पर 108 मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के सानिध्य में निकली भव्य शोभा यात्रा में जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा भव्य स्वागत गेट तैयार किया गया, सभी सदस्यों को साधुबाद, अनुमोदना.

## Bhopal Unit: 10.02.2025

जैन बैंक फोरम भोपाल द्वारा भोपाल रेलवे स्टेशन पर, ग्वालियर से आए हमारे बैंक साथियों के साथ श्री गिरनारजी यात्रा पर निकले लगभा 240 तीर्थयात्रियों को चंदन तिलक लगाकर तथा मोतियों की माला पहनाकर ,उन सभी की गिरनार तीर्थ यात्रा निर्विघ्न, साता से संपन्न हो शुभकामनाएं , दी गई, तथा यात्रा की अनुमोदना की गई. फोरम के वरिष्ठ साथी श्री आर सी जैन (ubi) के साथ प्रभात गोयल, श्री अशोक जैन (ubi), एवं श्री जी सी जैन (sbi) एवं अन्य सदस्यों द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता की गई.

## Agra Unit: 09.02.2025

Lunch was provided to 80 blind students of Mahakavi Soordas Drashti Badhit Vidhyalaya, Soorkutee, Keetham, Agra by Jain Bankers Forum, Agra Unit on 09.02.2025. This activity was sponsored by Shri Rakesh M.Jain SBI, Executive Member of Jain Bankers Forum, Agra.

**Agra Unit: 09.02.2025**Lunch was provided to 350 Old age persons in Ram Lal Vradha Ashram, Agra by Jain Bankers Forum, Agra on 08.02.2025 .This activity was sponsored by Shri Rakesh M.Jain (SBI), Executive Member of Jain Bankers Forum, Agra.

## THA Ghaziabad Unit: 09.02.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से आज दिनांक 9 फरवरी 2025 रविवार को प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक विशाल मेडिकल कैंप श्री दिगंबर जैन मंदिर वसुंधरा डिस्पेंसरी पर आयोजित किया गया। यह मेडिकल कैंप विशेष रूप से लिवर स्कैनिंग एवं फइब्रो स्कैन के लिए आयोजित किया गया साथ ही गैस्ट्रो विशेषज्ञ ने भी इसमें अपनी सेवाएं प्रदान की। लिवर स्कैनिंग एवं फाइब्रो स्कैन के लिए फॉर्टिस हॉस्पिटल नोएडा के स्पेशलिस्ट डॉo सुश्रुत सिंह एडिशनल डायरेक्टर एवं डॉक्टर कमलेश गुप्ता द्वारा अपनी विशेष सेवाएं प्रदान की। गैस्ट्रो के लिए डॉक्टर जयप्रकाश एमडी गैस्ट्रो द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में वसुंधरा वैशाली इंदिरापुरम क्षेत्र से लगभग 90 जैन समाज एवं जनित्र समाज के लोगों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर फइब्रो स्कैन जो सामान्य रूप में ₹5000 में किया जाता है वह यहां 40 लोगों का निशुल्क फइब्रो स्कैन किया गया। सभी इनरोल किए गए सदस्यों का बीपी चेकिंग एवं रैंडम शुगर चेक भी निशुल्क किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के चित्र के अनावरण के साथ किया गया एवं उसके बाद आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रजवलन किया गया। आमंत्रित सभी डॉक्टर का माला एवं पटका पहनकर स्वागत किया गया।इस कार्यक्रम में शाखा संरक्षक श्री जेके जैन, श्री केवीएस जैन, शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन, शाखा कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन, शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बीएस जैन, शाखा संयुक्त सचिव श्री प्रदीप कुमार जैन, शाखा सदस्य श्री संजय कुमार जैन, श्री अरुण कुमार जैन, श्री अभिक जैन श्री दुष्यंत कुमार जैन Retd DGM, ने अपनी सहभागिता दी। इस कार्यक्रम में श्री दिगंबर जैन डिस्पेंसरी वसुंधरा के सदस्यों द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। अंत में सुरुचि पूर्ण भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## **Bhpal Unit: 09.02.2025**

जैन बैंकर्स फोरम भोपाल के सचिव प्रभात गोयल एवं कार्यकारणी सदस्य श्री अनिल जैन द्वारा सपरिवार बुंदेलखंड तीर्थ यात्रा की गई जिसमें थोवन जी के आदिनाथ भगवान, khardargiri, चंदेरी की चौबीसी, गोलाकोट, सोनागिरजी, पवाजी, सिरोंनजी, प्यावलजी, सिरसी, देवगढ़ एवं अंतिम प्रवास में ललितपुर के नवनिर्मित मंदिर क्षेत्रपालजी के दर्शन किए, ललितपुर में जैन बैंकर्स फोरम की गतिशील टीम से सौजन्य भेंट की, श्री सनत खजुरिया जी के साथ पूरी टीम ने हम सभी का आत्मीय स्वागत किया एवं हमने दोनों फोरम द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली, साथ ही आगे कैसे फोरम को और गतिशील बनाया जावे चर्चा की. ललितपुर फोरम द्वारा नवनिर्मित विशाल मंदिर के दर्शन कराएं गए, अत्यंत ही भव्य, सुंदर अतिशय कारी मंदिर है, हमने धर्मशाला में निवास किया. बहुत ही सुंदर धर्मशाला एवं व्यवस्था है. ललितपुर यूनिट द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन में ग्रहण किए गए सेटिफिकेट एवं मोमेंटो भी प्रदान किया. हम सभी ललितपुर यूनिट के आत्मीय स्वागत एवं दिए गए अमूल्य समय हेतु कृतज्ञ हैं.

## **THA Ghaziabad Unit: 28.01.2025**

आज तीर्थंकर आदिनाथ के निर्वाण उत्सव के अवसर पर आर्यका आर्षमति माताजी के पावन सानिध्य में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों को महाराणा प्रताप दिल्ली के भव्य जिनालय में निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर फोरम के सदस्यों द्वारा आचार्य विद्यासागर जी महाराज के चित्र का अनावरण भी किया। माता जी के करकमलो द्वारा सभी सदस्यों को विशेष आशीर्वाद एवं उपहार भी प्राप्त हुए। निर्माण लाडू अर्पण करने में शाखा संरक्षक श्री जेके जैन, शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, शाखा उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन, शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बीएस जैन ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

अंकित जैन

शाखा सचिव

## **THA Ghaziabad Unit: 26.01.2025**

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आज दिनांक 26 जनवरी 2025 को साय 6:45 बजे श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली में तीर्थंकर आदिनाथ के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर उन्हीं के जीवन पर आधारित 16 साल तक की आयु के बच्चों मध्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसके अंतर्गत लगभग 50 बच्चों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता से पूर्व बच्चों को भगवान महावीर के जीवन पर आधारित 125 प्रश्नों उत्तर सहित उन्हें प्रदान किए गए थे जिसके अंदर से ही उनसे प्रश्न पूछे गए। प्रश्न देने का तात्पर्य यह था कि बच्चे उनका अध्ययन करें एवं उनके अंदर धर्म प्रभावना बढ़े जिसमें हम सफल भी रहे। सभी बच्चों के अंदर उत्साह देखते ही बनता था 50% से अधिक बच्चे ऐसे थे जिन्हें सभी प्रश्नों के उत्तर याद थे इससे बच्चों के अंतर्गत निश्चित ही एक धर्म प्रभावना बढीं है। बच्चों के साथ परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा भी सहभागिता की गई। सभा का शुभारंभ आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के चित्र अनावरण के साथ एवं उनके चित्र के आगे दीप दीप प्रजवलन के साथ किया गया। कुमारी आन्या जैन सुपुत्री CA अदीप जैन द्वारा सुंदर नृत्य के माध्यम से मंगलाचरण की प्रस्तुति की। भगवान आदिनाथ के जीवन के ऊपर सभी प्रश्न CA संदीप जैन द्वारा ही तैयार किए गए एवं उन्हीं के द्वारा मंच का संचालन किया गया। इस अवसर पर जैन समाज से श्री जयकिशन जैन, श्रीमती मंजू जैन एवं वर्धमान वुमन क्लब की सदस्याओ को सम्मानित किया गया। शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन जी द्वारा बच्चों द्वारा इतने उत्साह के साथ इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेना एवं उनके परिवारों द्वारा सहयोग करने के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में शाखा की ओर से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन, शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन, कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन, शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बी एस जैन शाखा सदस्य श्री मयंक जैन, श्री अरुण कुमार जैन, श्रीमती नेहा जैन एवं आज ही एक नए सदस्य बने श्री अभिषेक जैन द्वारा सहभागिता दी गई।

## **Meerut Unit: 26.01.2025**

आज 26 जनवरी दिन रविवार को पल्लवपुरम मेरठ जैन मंदिर की वार्षिक यात्रा जैन बैंकर फोरम मेरठ के उपाध्यक्ष राकेश कुमार जैन जी के निवास के सामने से गुजरी। इस शुभ अवसर समस्त जैन समाज ,पल्लवपुरम, और रुड़की रोड की समस्त कॉलोनी का जैन समाज उपस्थित था। फोरम के कार्यकारी अध्यक्ष हरीश जैन, जैन नगर भी शामिल थे ।समस्त झांकी, बैंड गेट के सामने रुकी और अपना अपना प्रदर्शन कर शगुन प्राप्त किया। श्री जी की आरती सभी उपस्थित समाज ने कर दर्शन लाभ लिया। मेरठ समाज के लगभग सभी मंदिर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर 50 किलो विभिन्न। फलों की चाट प्रसाद स्वरूप वितरित की गई।

गेट पर जैन बैंकर फोरम का बैनर भी लगाया गया था।

राकेश कुमार जैन मेरठ, उपाध्यक्ष

## Lalitpur Unit: 24.01.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम उज्जैन के अध्यक्ष श्री राकेश जैन साहब से शिष्टाचार भेंट हुई।उज्जैन यूनिट में फोरम की गतिविधियों में सक्रियता लाने हेतु चर्चा हुई।उज्जैन यूनिट के सचिव श्री विमलेश जी से भी टेलिफोनिक वार्ता हुई।उन्होंने भी यूनिट को पूर्ण रूप से सक्रिय करने हेतु आश्वत किया,एवं अगले महीने में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आश्वत किया।उज्जैन यूनिट के पदाधिकारियों को बहुत बहुत शुभकामनाएं।

सनत जैन खजुरिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ललितपुर

## Bhopal Unit: 24.01.2025

जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा आज दिनांक 24 जनवरी शुक्रवार सुबह 9.30 पर श्री सुपार्श्वनाथ मंदिर कस्तूरबा नगर में कंबल वितरण किया गया. सभी आगंतुकों के पुण्य की अनुमोदना, एवं धन्यवाद

## THA Ghaziabad Unit: 24.01.2025

आज दिनांक 24 जनवरी को ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के कुछ सदस्य गण आचार्य विमर्श सागर जी ससंघ दर्शन करने एवं उनके सानिध्य में बैंकिंग संगोष्ठी आयोजित करने के लिए चर्चा करने हेतु ऋषभ विहार जैन मंदिर दिल्ली में गए। आचार्य श्री ने बड़ी सहजता से अपने सानिध्य में बैंकिंग संगोष्ठी निकट भविष्य में कराए जाने की अनुमति प्रदान कर दी है। इस अवसर पर आचार्य श्री के प्रवचन सुनने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ, साथ ही सभी सदस्यों द्वारा आचार्य श्री को श्रीफल भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं चित्र अनावरण करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में शाखा के संरक्षक श्री केवीएस जैन, श्री जेके जैन, कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, एवं उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जी जैन द्वारा सहभागिता दी गई।

## Gurgaon Unit: 23.01.2025

दिनांक 20/01/25, सोमवार को त्रिलोक तीर्थ, बड़गांव में भव्य जैनेश्वरी दीक्षा के कार्यक्रम में यूनिट के लगभग 31 सदस्यों ने उल्लास पूर्वक भाग लिया। सभी सदस्य इस अद्भुत और मनोरम दृश्य को देख कर अभिभूत थे तथा अपने आप को धन्य मान रहे थे। ये हम सबके पुण्य कर्मों का उदय था कि हम सब ने ब्र. अनीता दीदी को आर्यिका श्री 105 ज्ञानेश्वरी माता जी, ब्र. ललिता दीदी को आर्यिका श्री 105 दया मति माता जी तथा ब्र. रुचि दीदी को आर्यिका दर्शनमति माता जी के रूप में दीक्षा लेते हुए देखा। नयन धन्य हो गए, अनुमोदना का पुण्य हमें भी मिला। जो भी इस अभूतपूर्व भव्य कार्यक्रम को देख पाए वो बड़गांव के आयोजन और कार्यक्रम कमेटी के आभारी है, उन्होंने पूरे मनोयोग से इस कार्यक्रम को भव्य और चिरस्मरणीय बना दिया।

राजेश जैन,सचिव

## Gurgaon Unit: 20.01.2025

दिनांक 19/01/2025 को श्री 1008 महावीर दिगम्बर जैन मंदिर जी, पालम विहार, गुड़गांव में एक बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें फोरम के लगभग 15 सदस्यों के अलावा समाज के लगभग 50 – 60 प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हुए। फोरम के परम संरक्षक श्री सोम प्रकाश जैन ने आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के आशीर्वाद से गठित फोरम के मुख्य उद्देश्य से सबको परिचित कराया तथा फोरम की गुड़गांव इकाई की अब तक की गई विभिन्न गतिविधियों से सबको अवगत कराया। समाज के किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर फोरम के पदाधिकारियों को अवगत कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर एक सूचना पट्ट प्रत्येक मंदिर जी में लगाने का विमोचन किया गया। विशिष्ठ संरक्षक श्री पी के जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि फोरम के उद्देश्य से समाज का हर व्यक्ति लाभान्वित हो इस ओर हमारा प्रयास है। प्रधान श्री पवन जैन ने समाज से अनुरोध किया कि फोरम के सहज कार्यो से होने वाले लाभ से कोई भी वंचित न रहे यही हमारा संकल्प है। इस अवसर पर मंदिर जी में नवनिर्मित औषधालय में फोरम के निम्न सदस्यों ने औषध दान देकर पुण्यार्जन किया।

1. श्री महेश सिंगल 1,00,001/–
2. श्री पवन जैन 11,001/–
3. श्री पी के जैन 11,001/–
4. श्री सोम प्रकाश जैन 11,001/–
5. श्री अनिल कुमार जैन 11,001/–
6. श्रीमति सुषमा जैन 11,001/–
7. श्री डीसी जैन 11,001/–

सभा के अंत में श्री महेश सिंगल जी, executive member ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया।

राजेश जैन, सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 20.01.2025

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के द्वारा 19 जनवरी 2025 की रात 11:00 बजे कड़कड़ाती ठंड में दिल्ली के GTB अस्पताल में जहां गरीब परिवारों के तीमारदार खुले में ठंड में ठिठूर रहे थे ऐसे में हमारे सदस्यों द्वारा उनके पास जाकर उन्हें कंबल प्रदान किए। अस्पताल के वार्डों में भी जाकर गरीब मरीज को जो वहां पर एडमिट थे उनको भी कंबल प्रदान किए। अस्पताल में मरीज को एवं उनके तीमारदारों को लगभग 60 कंबल वितरित किए गए। इस कंबल वितरण में शाखा के निम्न सदस्यों द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया :

1. श्री जेके जैन संरक्षक ₹1000
2. श्री श्रेयांश कुमार जैन वैशाली ₹1000
3. श्री निर्मल कुमार जैन कोषाध्यक्ष ₹1000
4. श्री संजय जैन एवं अंकुर जैन वसुंधरा ₹1000
5. श्री अंकित जैन सचिव वैशाली ₹1000
6. श्री अरुण जैन Mizuho Bank - ₹1000
7. श्री विशाल चंद जैन अध्यक्ष ₹500
8. श्री अभिषेक जैन कोटक महिंद्रा बैंक ₹1100
9. श्री विमल कांत जैन पीएनबी मोहन नगर ₹1000
10. श्री सुखसागर जैन इंदिरापुरम ₹500
11. श्रीमती आरूषी जैन बैंक ऑफ़ बड़ोदा वसुंधरा ₹1100
12. श्री केवीएस जैन वैशाली ₹1000
13. श्री मयंक जैन बर्कले बैंक वैशाली ₹1000
14. श्री पारुल जैन सुपुत्र श्री सुबोध जैन आइसीआइसीआइ बैंक वैशाली ₹2000
15. श्री अभिक जैन वैशाली ₹500
16. श्री सुनील जैन क्रॉसिंग रिपब्लिक PNB ₹500

कंबल वितरण में शाखा के संरक्षक श्री जेके जैन, कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन कोटक महिंद्रा बैंक, सचिव श्री अंकित जैन, बर्कले बैंक श्री बी एस जैन, एसबीआई वैशाली श्री विमल कांत जैन पीएनबी, मोहन नगर, श्री अरुण जैन Mizho Bank, वैशाली, श्री संजय जैन एसबीआई वसुंधरा, श्री अंकुर जैन UBI वसुंधरा एवं श्री अखिल जैन कोटक महिंद्रा बैंक आदि सदस्यों द्वारा सहभागिता की गई। कंबल वितरण करने के बाद सभी सदस्यों में एक अलग ही आत्म संतुष्टि के भाव थे।

## Hissar Unit: 19.01.2025

कल शनिवार को सायंकाल 7 से 8 बजे तक णमोकार मंत्र का जाप सदस्य श्री सुशील मुनि जैन के घर पर आयोजित किया गया।

## Agra Unit: 18.01.2025

Lunch was provided to 80 Blind students of Mahakavi Soordas Drashti Badhit Vidhyalaya, Soorkuti, Keetham, Agra by Jain Bankers Forum, Agra Unit. This activity was sponsored by Sri Rajeev Jain (AGM, CBI), Adhyaksh, Jain Bankers Forum, Agra on 18.01.2025.

## Agra Unit: 17.01.2025

Members of Jain Bankers Forum, Agra participated in Binauli Yatra & Godh Bharai of Respected Aneeta Didi & Lalita Didi at Shri Parshva Nath Dig. Jain Mandir, Shalimar, Agra on 17.01.2025.

## THA Ghaziabad Unit: 14.01.2025

कल दिनांक 13 जनवरी 2025 को आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की सुशिष्या अनीता दीदी की गोद भराई का सौभाग्य हमारे निज निवास सी 501 अपेक्स वैशाली पर करने का प्राप्त हुआ जिसमें अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा एवं तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट के सदस्य परिवारों ने अपेक्स सोसाइटी में रहने वाले अधिकांश परिवारों ने इसमें सहभागिता की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री जेके जैन परिवार श्री श्रेयांश कुमार जैन परिवार श्री नवीन कुमार जैन इंदिरापुरम परिवार श्री केवीएस जैन परिवार श्री बीएस जैन परिवार श्री निर्मल कुमार जैन परिवार श्री सुखसागर जैन इंदिरापुरम परिवार आलोक जैन परिवार श्री जय किशन जैन परिवार अभिषेक जैन परिवार तरुण जैन परिवार CS मनोज जैन परिवार CA पंकज जैन परिवार CA संजय जैन परिवार विवेक जैन

परिवार अनुभव जैन प्रियंका जैन परिवार अभिमन्यु एवं कनिष्क परिवार मनीष जैन कमलेश जैन विवेक विहार परिवार राहुल जैन परिवार विवेक विहार अर्पण जैन परिवार अनुभव जैन परिवार इस प्रकार लगभग 50 सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। गोद भराई का कार्यक्रम मन को अत्यंत रोमांचित करने वाला था एवं सभी ने इसमें बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए भाग लेने वाले सभी जैन परिवारों का हम हृदय से आभार व्यक्त करते हैं बहुत-बहुत धन्यवाद ।
जेके जैन, अपेक्स वैशाली

## Bhopal Unit: 13.01.2025

*** जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी**

1.परिवार सदस्यों के साथ तीर्थ क्षेत्र महावीर गिरी, भोपाल के आउटर पर स्थित का सामूहिक भ्रमण किया गया
2. कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण एवं भक्तांबर जी के पाठ के साथ किया गया
3. सु श्री आर्ची जैन, यूपीएससी 151 रैंक का सम्मान किया, वो अभी ED, EPFO मे पोस्टेड है, आर्ची फोरम के सदस्य श्री अरुण चौधरी की सुपुत्री है
4. नए सदस्यों के साथ, हमारे एक सदस्य श्री आजाद जैन, जो कि USA ग्रीन कार्ड होल्डर है, संयोगवश भोपाल में थे, एवं हमारे लाइफ लाइम मेंबर हे का भी सम्मान किया गया
5. डिजिटल अरेस्ट _ वर्तमान में बहुचर्चित डिजिटल अरेस्ट पर सदस्यों को जानकारी दी गई, एवं इस पर विभिन्न सदस्यों ने अपने विचार रखे, अनुभव साझा किए, साथ ही इसकी जानकारी अन्य दोस्तों, रिश्तेदारों को करने का प्रण लिया
6. गीत संगीत: सदस्यों ने भजन, गीत एवं संस्मरण सुनाए, मधुर गायन हेतु पुरस्कार दिया गया
7. सबसे आनंदित किया आयोजित इनडोर कपल गेम्स में, इसमें सभी का भाग लेना आवशयक था, सभी ने पूरे उत्साह से इसमें भाग लिया, जीतने वाले को पुरस्कार भी दिया गया
8. महावीर गिरी पर कार्यरत समस्त स्टाफ को कंबल का वितरण किया गया
9. हमारे एक सदस्य के बेटे एवं बहु न्यूजीलैंड से आए थे, वे उनको भी साथ लाए, उन्होंने कार्यक्रम में भाग भी लिया और बहुत प्रशंसा की
10. हमारे एक सदस्य श्री अशोक जैन अपनी मां, बहु, बेटी, और उनके बच्चों के साथ आए थे चार पीढ़ियां एक साथ, उनका भी सम्मान किया गया
अंत में वृक्ष एवं पौधों का वितरण किया गया, एवं आम का वृछ लगाया गया ताकी पर्यावरण सुरक्षित रहे. ऑल इंडिया स्तर पर भोपाल यूनिट को लगातार तीसरे वर्ष पुरस्कार मिलने पर पूरे फोरम को बधाई दी गई। सभी ने दिवंगतों के प्रति मोन रहकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए. निर्णायक मंडल द्वारा घोषित विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।बेस्ट कपल का प्राइज भी दिया गया। कार्यक्रम में सदस्यों ने अपने अपने सुझाव एवं विचार भी प्रस्तुत किए। श्री प्रभात गोयल द्वारा सफल संचालन के पश्चात आभार व्यक्त श्री राजेंद्र जैन ने किया। कार्यक्रम में परिवार के लगभग 70 सदस्यों की शानदार उपस्थिति रही। अंत में स्वादिष्ट दाल ,बाफले लड्डू के बाद ग्रुप फोटो लिया गया और महावीर टेकरी के मंदिर व प्राकृतिक सुंदरता के अवलोकन के पश्चात आनंदपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी के द्वारा नाश्ते एवं भोजन की तारीफ की गई।

## Lalitpur Unit: 12.01.2025

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर यूनिट द्वारा कड़कड़ाती ठंड से बचने हेतु ललितपुर से लगभग 60 KM दूर बालाबेहट क्षेत्र के ग्राम पिपरोनिया की सहरिया बस्ती में लगभग 70 घरों में कंबल,गर्म स्वेटर,बच्चों एवं बड़ों को कपड़े व महिलाओं को साड़ियों का वितरण किया। यह गांव बहुत ही पिछड़ा गांव है व लगभग सभी ग्रामवासी शहरिया लोग अत्यन्त ही निर्धन है। ऐसे दूर दराज के गांवों में ना तो सरकारी सहायता मिलती है और न ही अन्य संस्थाओं का ध्यान जाता है अतः फोरम द्वारा इस गांव को चिन्हित किया गया व वहां पहुंचकर वास्तविक जरूरत मंदों को कंबल व गर्म कपड़े वितरित किए। वस्त्र पाकर सभी ग्रामीणों को काफी प्रसन्नता हुई व उन्होंने मुक्त कंठ से फोरम के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्व श्री सनत जैन खजुरिया, विजय जैन लागोंन, गौरव जैन,महिपाल जैन, दिलीप जैन, सुरेन्द्र सिंघई, मयंक जैन, सर्वज्ञ सतभैया, अंकित जैन, प्रतीक जैन, विशाल मड़वैया, सुदर्शन कुमार जैन, श्रीमती शोभा जैन ,सुगंधी बाई जैन, मनोरमा जैन उपस्थित रही। कार्यक्रम की सफलता में क्षेत्र के श्री जनक सिंह यादव, प्रेम यादव का विशेष सहयोग रहा। वस्त्र व कंबल वितरण के इस कार्यक्रम के उपरांत संस्था के सक्रिय सदस्य मयंक जैन सेंट्रल बैंक के निर्देशन में तैयार किए गए अति स्वादिष्ट भोजन दाल बाटी का सभी सदस्यों ने आनंद लिया। भोजन के उपरांत सुदूर जंगल में स्थित दूधई अतिशय क्षेत्र के मंदिर में विराजमान शांतिनाथ भगवान की लगभग 18 फीट ऊंची खड़गाशन उत्तंग प्रतिमा के दर्शन किए। वहां से सभी लोग अतिशय क्षेत्र बालाबेहट पहुंचे जहां मूल नायक भगवान

पार्श्वनाथ की अतिशयकारी प्रतिमा के दर्शन किए। यह एक अति प्राचीन अतिशय क्षेत्र है व मंदिर में 5 भव्य वेदियां हैं जिनमें अति सुंदर अनेकों जिनबिम्ब विराजमान हैं। क्षेत्र पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। वापिसी में हम सभी सदस्यों ने ग्राम पाली के जैन मंदिर एवं जैन समाज ललितपुर को गौरवान्वित करने वाली गौशाला एवं प्रतिभा स्थली में नव निर्मित अतिभव्य मुनिसुवृत् नाथ जिनालय के दर्शन किए व कार्यक्रम का समापन किया।

## Ghaziabad Unit: 11.01.2025

We feel pleasure to inform you that Akhil Bhartiya Jain bankers forum ghaziabad unit has disturbed old clothes alongwith tea and snacks to the labours at Nasirpur railway crossing/ Ashray esthal ghaziabad today 11.1.25 Saturday. Approx 200 labours get benefit from this program.We are thankful to our members who have participated in this noble cause. S. K. Jain president V.K.Jain secretary

## Ghaziabad Unit: 09.01.2025

We feel pleasure to inform you that today on 9.1.25 Thursday our unit members along with family have participated in the Godh bharai karyakram of Brahmcharini Anita didi and Brahmcharini Lalita didi at Jain mandir kavi nagar Ghaziabad. We have anumodit their Aryika diksha to be held on 20.1.25 at Baragaon. Both didis blessed our unit. We are very much thankful to our members and their families for participation in the program.

S.K.Jain, President V.K.Jain, Secretary

## Lalitpur Unit: 07.01.2025

*आज ललितपुर धन्य हुआ। बड़े ही हर्ष का विषय है की परम पूज्य आचार्य श्री108 ज्ञान सागर जी महाराज की परम प्रभाविका शिष्या बाल ब्रह्मचरिणी अनीता दीदी जो आर्यिका दृणमती माता जी की गृहस्थ जीवन की बहिन है एवं बाल ब्रह्मचरिणी ललिता दीदी जो आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के गृहस्थ जीवन की भतीजी हैं, दोनों दीदियो की आर्यका दीक्षा आगामी 20 जनवरी को त्रिलोक तीर्थ बड़ा गांव में परम पूज्य सप्तम पट्टाचार्य 108 श्री ज्ञेय सागर जी महाराज के कर कमलों से होने जा रही है। इसी प्रसंग में आज ललितपुर के श्री दिगंबर जैन अटा मन्दिर जी में विराजमान परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशद सागर जी संसंघ,एवं पूज्य मुनि 108 श्री अविचल सागर जी संसंघ के मंगल सानिध्य में दोनों दीदियो की गोद भराई का अलौकिक कार्य क्रम संपन्न हुआ एवं भव्य विनोली शोभायात्रा निकाली गई जिसमें जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर शाखा के सभी सदस्यों ने गोद भराई की व विनोली की भव्य शोभा यात्रा में सहभागिता दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बैंकर्स फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सनत जी खजुरिया, शाखा अध्यक्ष श्री विजय जैन लागोंन, श्री सुरेंद्र सिंघई, श्री सर्वज्ञ सतभैया आदि ने दिगंबर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष डॉ अक्षय तड़ैयाँ ,महामंत्री आकाश जैन संयोजक सनत खजूरिया, कोषाध्यक्ष सी ए सौरभ जैन प्रबंधक श्री मनोज बबीना,अजय जैन धन्य कुमार अमित जैन समाज श्रेष्ठी श्री शील चंद अनौरा ,अखलेश गदियाना,श्रेयांश गदियाना,के साथ अन्य सभी पदाधिकारियों एवं सैकड़ों साधर्मी जनो की उपस्थित के साथ सकल दिगंबर जैन समाज ने अपनी सहभागिता दी व दोनों दीदीयो से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## THA Ghaziabad Unit: 05.01.2025

आज दिनांक 5 जनवरी 2025 को ICAR कन्वेंशन हॉल पूसा रोड दिल्ली पर भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह जो गणनी आर्यका आर्षमति माताजी के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के सदस्यों द्वारा बच्चों का सम्मान एवं फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन द्वारा अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम एवं तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी । इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन, राष्ट्रीय संरक्षक श्री केवीएस जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बीएस जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जी जैन, राष्ट्रीय तकनीकी मंत्री श्री विमल कांत जैन, ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्य श्री सुखसागर जैन, श्री अरुण कुमार जैन एवं श्री विकास जैन ने अपनी सहभागिता दी ।

## Lalitpur Unit: 05.01.2025

**जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर के तत्वावधान में विशाल ऑस्टियोपोरोसिस (BMD)जांच एवं उपचार शिविर सम्पन्न।**

दिनांक 05/01/ 25 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स ललितपुर के तत्वावधान में आधुनिक मशीनो द्वारा विशाल जाँच एवं उपचार शिविर सम्पन्न किया गया।शिविर की अध्यक्षता दि. जैन समाज के अध्यक्ष डॉ अक्षय जैन taraiya ने एवं शिविर का संचालन दिग. जैन पंचायत के संयोजक सनत जैन खजूरिया ने किया।शिविर में ऑस्टियोपोरोसिस विशेषज्ञ श्री संजीव प्रियदर्शी ने अपने उद्बोधन में बताया कि 30 वर्ष की उम्र के बाद मनुष्य के शरीर की हड्डियों में कमजोरी एवं घिसाव प्रारम्भ हो जाता है एवं टूटने के जोखिम के साथ साथ जोड़ो में दर्द प्रारंभ हो जाता है इसके बचाव के लिए

संतुलित जीवन शैली के साथ तनाव रहित जीवन, धूम्रपान एवं नशा की आदतों से बचाव एवं कैल्शियम व विटामिन डी युक्ति समुचित भोजन करने से हड्डियों की कमजोरी व घिसाव से बचा जा सकता है।उन्होंने कहा कि 50 वर्ष की उम्र के बाद नियमित जांच एव उपचार आवश्यक है  जनपद के वरिष्ट चिकित्सक डॉ राज कुमार जैन ने भी अपने सुझाव दिए।चिकित्सा जांच टीम में श्री जितेंद्र पंथ,दीपेंद्र यादव एवं श्री सूरज दुबे सहयोगी रहे।शिविर में लगभग 180 लोगों ने अपनी जांच कराकर उपचार लिया। शिविर को सफल बनाने में श्री सनत जैन खजुरिया के साथ श्री विजय जैन लागोंन,राजकुमार सराफ,महिपाल जैन,गौरव जैन, सर्वज्ञ सतभैया ,विशाल मड़वैया,मयंक जैन  सुरेंद्र सिंघई ,दिलीप जैन,प्रियंक जैन,केवल चंद जैन,प्रतीक जैन,अंकित जैन, जैन एम्बुलेंस ग्रुप से श्री अंकित जैन, सौरभ जैन, डॉ महेंद्र जैन,निखलेश चौधरी अशोक जैन,अभय जैन, अटा मंदिर जी के प्रबंधक श्री अजय जैन,  श्री मनोज जैन,अमितजैनआदि का विशेष सहयोग रहा।

## Lucknow Unit: 03.01.2025

आप सभी को बड़े हर्ष के साथ अवगत कराना है कि अपनी ललितपुर यूनिट के प्रयास विशेष रूप से श्री सर्वज्ञ सतभैया के प्रयास से लखनऊ यूनिट का गठन हो गया है। (Reported by Sanat Jain of Lalitpur Unit)

## Aligarh Unit: 02.01.2025

आज दिनांक 2 जनवरी 2025 नए वर्ष के अवसर पर पशु आहार वितरण के लिए सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की इस परिपेक्ष में हमारे द्वारा आज पशु आहार वितरण किया गया। जिसमें श्री अतुल कुमार जैन अध्यक्ष मंत्री Nrapendra कुमार जैन कोषाध्यक्ष विनय कुमार जैन सदस्य अनिल कुमार जैन संतोष कुमार जैन एवं अन्य साथियों ने भाग लिया।

## Ghaziabad Unit: 02.01.2025

We feel pleasure to inform you that today on 2.1.25 Sh.L.C.Malhtra of Central Bank of India has donated Rs.51000/- for artificial limbs and Rs.20400/- for 4 wheel chairs at Jiwan asha hospital Muradnagar. He has donated this amount on behalf of his relatives Dr.Naresh Kapoor USA. We appreciate him for this noble cause.

V.K.Jain, Secretary

**Bhopal Unit: 31.12.2024**जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा अशोक गार्डन जैन मंदिर एवं हमीदिया अस्पताल में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया, श्री टी सी जैन साहेब का विशेष सहयोग रहा

## Central Unit: 30.12.2024

राष्ट्रीय अहिंसा प्रभावना संस्था द्वारा भगवान पारसनाथ के 2900वे जन्म कल्याणक महोत्सव एवं प्राकृत को शास्त्रीय भाषा की मान्यता के लिए भारत सरकार का आभार प्रकट करने एवं प्रथम अधिवेशन कार्यक्रम दिनांक 29 दिसंबर रविवार को राजेंद्र भवन ऑडिटोरियम आईटीओ दिल्ली पर आचार्य आदित्य सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया था। हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम को जैन धर्म प्रभावना एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट संस्था सम्मान से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान को ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन, राष्ट्रीय महासचिव श्री सोमप्रकाश जैन गुड़गांव,  राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बीएस जैन वैशाली राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन, श्री निर्मल कुमार जैन वैशाली एवं श्री सुखसागर जी जैन इंदिरापुरम द्वारा प्राप्त किया गया। इस सम्मान के लिए अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के सभी सदस्यगण बधाई के पात्र हैं। यह सम्मान हम सभी  के लिए बहुत गौरव की बात है एवं फोरम द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो को दर्शाता है। इस अवसर पर हमें आचार्य श्री को शास्त्र भेंट करने, अन्य अतिथियों का सम्मान करने एवं आचार्य श्री का आशीर्वाद भी प्राप्त करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ।

| | | |
|---|---|---|
| जेके जैन | सोम प्रकाश जैन | बी एस जैन |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महासचिव | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष |

## West Delhi Unit: 20.12.2024

आज दिनांक 20.12.2024 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की वैस्ट *दिल्ली शाखा द्वारा, ब्लड बैंक आर्गनाइजेशन, पूसा रोड़, नई दिल्ली, के सहयोग से एक रक्तदान शिविर मंगलम प्लेस डिस्ट्रिक्ट सेंटर, रोहिणी, में आयोजित किया गया। शिविर में शाखा के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस शिविर में कुल 20 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। रक्तदान देने वाले सभी अभ्यर्थियों का उचित सम्मान किया गया। शिविर के लिए सारी व्यवस्था तथा रक्तदान कर्ताओं

को दिये जाने वाले जलपान की व्यवस्था श्री जे के जैन, शाखा कोषाध्यक्ष, द्वारा की गई, जिसके लिए वे विशेष धन्यवाद के पात्र हैं।

वी के जैन (अध्यक्ष) बी के जैन (सचिव) जे के जैन (कोषाध्यक्ष)

## Sagar Unit: 17.12.2024

**जैन बैंकर्स फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे के जैन का दौरा संपन्न**

सागर/अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे के जैन का सागर दौरा सानंद संपन्न हुआ.उन्होंने निर्यापक मुनि सुधासागर जी महाराज का आशीर्वाद लिया तथा मंगलगिरी, मोराजी, कुंडलपुर, पटेरिया जी, पिडारूआ, पजनारी, नेमगिरी, नैनागिर इत्यादि अनेक जैन क्षेत्रों की वंदना की. पिछले नौ दशकों से सफ़लता पूर्वक संचालित समाजसेवी संस्था महिला आश्रम का भी अवलोकन किय तथा वहाँ के प्रबंध की भूरि- भूरि प्रशंसा की.व्यक्तिगत रूप से छात्रावास में रहने वाली छात्राओं के एक दिन के भोजन की सहयोग राशि आश्रम के प्रबंधन को भेंट की.उनके साथ आये फोरम की राष्ट्रीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं स्टेट बैंक के पूर्व सहायक महा प्रबंधक एन के जैन ने भी इतनी ही राशि भेंट की.

अध्यक्ष जैन साहब ने फोरम की सागर इकाई की बैठक लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया तथा दिल्ली में अगले सप्ताह होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया.अपने उद्बोधन में उन्होंने प्रतिमाह समाज सेवा की कम से कम एक गतिविधि संचालित कराने का निर्देश दिया.वर्ष में किसी एक विद्यालय को गोद लेने तथा उस विद्यालय को विभिन्न प्रकार से सहायता करने का अनुरोध किया. इस बैठक में वीरेंद्र प्रधान, राजेश सिंघई, अशोक सेठ, अजीत जैन, मुन्नालाल जैन,यशवंत जैन, ऋषभ जैन, राकेश सतभैया की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही.आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

## THA Ghaziabad Unit: 14.12.2024

आज कुंडलपुर की यात्रा के दौरान तीर्थंकर आदिनाथ बड़े बाबा की भव्य प्रतिमा के समक्ष अभिषेक एवं रिद्धि कलश के द्वारा 108 मंत्र के माध्यम से शांति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर हमारे साथ श्री निर्मल कुमार जी जैन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के कोषाध्यक्ष का परिवार एवं श्रीमती अनीता जैन जैन बैंकर्स फैमिली पेंशनर आदि परिवार भी साथ रहे। कुंडलपुर के मंदिर के भव्य हाल में विधि विधान के साथ बड़े मनोभाव से पूजन आदि करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ।

जेके जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संरक्षक ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा

## Aligarh Unit: 14.12.2024

12th December को Aligarh शाखा के मंत्री जी की ओर से मंदिर जी में भक्तांबर का पाठ किया गया। जिसमें शाखा के सदस्यों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

## Jaipur Central Unit: 13.12.2024

बहुत प्रसन्नता के साथ सूचित कर रहे है कि जयपुर में जैन बैंकर्स की एक मीटिंग आज दिनांक 13 दिसंबर 2024 को श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, चित्रकूट कॉलोनी सांगानेर जयपुर मे बुलाई गई. जिसमें जैन बैंकर्स फोरम जयपुर की वर्तमान गतिविधियों पर चर्चा की गई .जिसका विवरण निम्न प्रकार से है...

1.सदस्यो ने जैन बैंकर्स फोरम जयपुर की वर्तमान में चल रही कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जाहिर की तथा फोरम में उच्चपदाधिकारी विशेषरूपसे श्री भागचंद जी जैन द्वारा अपनी मनमानी किये जाने पर गहरी नाराजगी प्रकट की व अपनी सदस्यता वहां से समाप्त करने व जैन बैंकर्स फोरम से हट जाने की इच्छा जाहिर की.

2. उपस्थित सभी सदस्यों ने इस बात पर सहमत हुए कि जयपुर शहर क्षेत्रफल व आबादी की दृष्टी से काफी विशाल हो गया है अतः बैंकर्स फोरम की अलग से यूनिट गठित कर ली जाए.

3. विस्तृत चर्चा के पश्चात यह तय रहा कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट के नाम से यूनिट/ब्रांच बनाई जाए.

4. सभी सदस्यों की सहमति से अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर-सेन्ट्रल यूनिट का गठन कर निम्न पदाधीकारियो का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया

अध्यक्ष...श्री बाबूलाल जैन बिलाला, Senior Manager CBI

महासचिव..श्री जी एल जैन CM, CBI

उपाध्यक्ष 1.श्री पदम कुमार जैन Sr.Manager BOB

उपाध्यक्ष 2.श्री राकेश पांड्या SBBJ

संयुक्त सचिव..श्री आनंद प्रकाश जैन CBI

कोषाध्यक्ष.. श्री सुशील कुमार जैन ICICI BANK

EXECUTIVE COMMITTEE MEMBERS...

1.श्री महावीर प्रसाद जैन AGM, CBI
2.श्री महावीर प्रसाद काला SBBJ
बाबू लाल जैन बिलाला, अध्यक्ष
जी एल जैन, महासचिव

## Muzaffarnagar Unit: 06.12.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम मुजफ्फरनगर यूनिट (समाधिस्थ आचार्य 108 श्री ज्ञान सागर जी महाराज की प्रेरणा से विभिन्न धार्मिक एवं समाजिक कार्यों के लिए समर्पित संस्था) द्वारा दिनांक 06.12.2024 को प्रातः 10:00 बजे से 2 बजे तक 70 आयु के पुरुषो एवं महिलाओ के आयुषमान कार्ड निशुल्क बनाने के लिए कैम्प का आयोजन कोमरेड सुरेन्द्र जैन भवन (पी०एन०बी० यूनियन ऑफिस) निकट नई मंडी पुलिस स्टेशन में किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री विनोद जैन, मित्तल मशीनरी स्टोर एवं भगवान के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर्ता श्री पवन कुमार जैन (बसेडा वाले), श्री आर०पी० शर्मा जी सचिव U.P.B.E.U मुजफ्फरनगर, विशिष्ट अतिथि एंव लगभग 30 सदस्य उपस्थित रहे। संरक्षक, श्री राजीव जैन (कैनरा बैंक), अध्यक्ष, श्री प्रवीण कुमार जैन (पी०एन०बी०) एवं सचिव, श्री वाई०के० जैन (पी०एन०बी०) द्वारा सभी अतिथियों का तिलक एवं पटका पहनाकर अभिनंदन कर लगभग 110 आयुषमान कार्ड बनाकर काफी लोगो को मौके पर ही वितरित किये गये। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पी०एन०बी० से श्री अशोक शर्मा (DGS, P.N.B.P.E.A U.P), श्री अशोक कुमार जैन, श्री हर्ष कुमार जैन, श्री राजेन्द्र कुमार, श्री आदीश कुमार जैन, श्री जे०एल० जैन, श्री जी०सी० जैन, एल०डी०बी०, श्री राकेश कुमार जैन, ग्रामीण बैंक, श्री बी०पी० जैन एस०बी०आई० बैंक आदि विभिन्न बैंको के सदस्यो एवं श्री एच०एल० अरोरा, अध्यक्ष पी०एन०बी० रिटायर्ड ऑफिसर एसोशिएशन एवं उनकी कार्यकारिणी का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम में आने वाले सभी वरिष्ठ नागरिको ने जैन बैंकर्स यूनिट द्वारा किये गये कार्य की हृदय से सरहाना की।

## Gurgaon Unit: 06.12.2024

नवंबर माह में गुड़गांव यूनिट द्वारा निम्न विभिन एक्टिविटीज़ :-
1. 3 ऑनलाइन भक्तामर पाठ
2. आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज की पुण्य तिथि पर महावीर पार्क में भक्तामर पाठ 48 दीपक द्वारा
3. आचार्य श्री ज्ञान सागर जी मुनिराज की पुण्यतिथि पर सेक्टर 15 के मंदिर जी में बच्चो में धार्मिक प्रश्नावली प्रतियोगिता4. शुगर टेस्ट, बीपी, बोन मिनरल डेफिशियेंसी टेस्ट, आई चेकअप, फिजियोथेरेपी टेस्ट, प्रख्यात डाक्टर द्वारा कॉर्डिएक, ऑर्थो चेकअप, ECG आदि फ्री मेडिकल कैम्प आयोजन
5. परम सरंक्षक श्री सोम प्रकाश जैन द्वारा सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञान सागर निलय के शिलान्यास के अवसर पर श्री क्षेत्र श्रवणबेलगोला में आयोजन में उपस्थिति
6. माह में नियमित दो धार्मिक प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता का आयोजन
7. कैंसर पीड़ित श्री अभिषेक जैन को ₹.150000 की आर्थिक सहायता प्रदानकरण
8. शीत काल में श्रीमति सीमा जैन एवं श्री सोम प्रकाश जैन द्वारा स्थानीय मंदिरो के कर्मचारियों में कंबल वितरण
9. पुण्यार्जक परिवार श्रीमती नीरू जैन, श्री पी के जैन के गृह निवास पर मासिक णमोकार मंत्र पाठ का आयोजन
औसत निकाला जाय तो तीन दिन में एक कार्यक्रम किया है।
उम्र के इस पड़ाव पर हम सब की सक्रियता बहुत ही सराहनीय है मतलब हमने यह सिध्द किया है कि उम्र महज एक संख्या है। आप सब को बहुत बहुत बधाई और पुण्यार्जन की अनुमोदना। बस इसी तरह, सक्रियता में कोई कमी न आने दें।
डी सी जैन, सह सचिव

## Gurgaon Unit: 27.11.2024

24 नवंबर 24 को सेक्टर 47 के कम्युनिटी सेन्टर में एक हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन हुआ. जिसमें गुड़गांव यूनिट के 23 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया और कुल 125 से अधिक लोगों ने अपना हेल्थ चेकअप करा कर कैंप का लाभ लिया। इस कैंप में विख्यात आर्टेमिस हॉस्पिटल गुड़गांव के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ, हड्डी जांच विशेषज्ञ, आंख जांच परीक्षण, फिजियोथैरेपी परीक्षण, बोन डेंसिटी चेकआप, ब्लड शुगर जांच, बीपी एवं अन्य परीक्षण संबंधी जांच की गई। विशेष धन्यवाद श्री नरेश जैन (PSB) की पुत्र वधु डॉक्टर विशिका का, जिन्होंने कैंप के आयोजन में आर्टेमिस हॉस्पिटल के डॉक्टर्स के साथ collaborate कर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी डॉक्टर को मोमेंटो प्रदान किए गए।
राजेश जैन, सचिव

## Kota Unit: 27.11.2024

दिनांक 26.11.2024 को संगठन की मीटिंग श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर धर्मशाला तलवंडी कोटा पर श्री प्रकाश चन्द जी जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के वार्षिक अधिवेशन ,ऋषभ विहार नई दिल्ली में जाने पर विचार किया गया और निर्णय किया कि दिनांक 21.12.2024 को सायं नन्दा देवी एक्सप्रेस से चला जाए और वापसी में 22.12.2024 को बस से आया जाए। सभी साथियों से निवेदन है कि अपनी सहमति शीघ्र दें ताकि समय से टिकिट बुक करा सकें और केन्द्रीय कार्यकारिणी को अवगत करा सकें।
सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 27.11.2024

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के निम्न सदस्यों द्वारा Arjav जैन की पढ़ाई के लिए व्यक्तिगत रूप से सहयोग राशि प्रदान की :

Rs.5100/- द्वारा श्री जेके जैन शाखा संरक्षक

Rs.2100/- द्वारा श्री अभी जैन सुपुत्र श्री अतुल जैन शाखा सदस्य

हम उनके इस पुनीत कार्य के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

अंकित जैन, सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 23.11.2024

21 नवंबर 2024 को सरवनबेलगोला की पावन भूमि पर आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के नाम से आचार्य ज्ञानसागर नीलय का शिलान्यास सरवनबेलगोला मठ के भट्टारक चारु कीर्ति महास्वामी जी, माननीय श्री सुरेंद्र हेगड़े जी, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रदीप आदित्य जी एवं राष्ट्रीय केंद्रीय क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष श्री जम्बु प्रसाद जी जैन के करकमलो द्वारा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन, शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बी एस जैन जी परिवार सहित श्री जय किशन जी जैन वैशाली परिवार सहित एवं गुरुग्राम शाखा के संरक्षक एवं राष्ट्रीय महासचिव श्री सोमप्रकाश जैन जी द्वारा अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर फोरम के पदाधिकारीयो को चारु कीर्ति महास्वामी के कर कमलो द्वारा सम्मानित किया गया एवं फोरम के पदाधिकारी को परम आदरणीय सुरेंद्र हेगडे जी का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। इस सरवनबेलगोला यात्रा के दौरान ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों द्वारा निकटवर्ती तीर्थक्षेत्र एवं अतिशयक्षेत्र का भी भ्रमण किया गया। Kamadhalli प्राचीन अतिशय क्षेत्र पर वहां के मठ के भट्टारक महा स्वामी द्वारा भी शाखा के सदस्यों का सम्मान किया गया। शाखा सदस्यों द्वारा सरवन बेलगोला तीर्थ क्षेत्र पर गोमतेश्वर बाहुबली भगवान की विशाल प्रतिमा का अभिषेक करने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ एवं वहां के चौबीसी जिन मंदिर में भी पूजा प्रक्षल करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## THA Ghaziabad Unit: 19.11.2024

आज आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज की एक स्वप्न को पूर्ण करते हुए खेकड़ा के निकट आचार्य ज्ञानसागर आरोग्यधाम हॉस्पिटल का शुभारंभ एवं इस प्रांगण में जिन मंदिर का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर एक ज्ञान धरोहर पत्रिका का भी विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों ने जिसमें श्री जेके जैन संरक्षक श्री केवीएस जैन संरक्षक श्री निर्मल कुमार जैन कोषाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जी जैन सदस्य एवं श्री मनोज कुमार जैन जी ने सहभागीता दी। कार्यक्रम में शाखा सदस्यों को पुस्तक विमोचन आचार्य श्री की पूजन में अर्ग समर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर शाखा संरक्षण श्री जे के जैन द्वारा अस्पताल के निर्माण कार्य के लिए Rs.11000/- राशि दान देने की भी घोषणा की।

## THA Ghaziabad Unit: 17.11.2024

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आज अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के संरक्षक श्री जेके जैन जी शाखा के अन्य सदस्यों के साथ आचार्य श्री सौभाग्य सागर जी महाराज ससंग जो की नीति खंड इंदिरापुरम जैन मंदिर में विराजमान है के दर्शन करने हेतु मंदिर जी में गए एवं वहां उनके द्वारा अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर जैन समाज के उत्थान के लिए क्या-क्या गतिविधियों की जा रही है के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उनके द्वारा तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट के द्वारा जैन समाज के न्यूनतम आय वाले जैन बंधुओ के बच्चों को पढ़ाई हेतु जो आर्थिक सहायता प्रदान कर रही की जा रही है के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही यह आह्वाहन भी किया गया कि समाज के किसी भी व्यक्ति को बैंकिंग संबंधी किसी प्रकार की कोई समस्या है तो निश्चित ही उसे हमें अवगत कराय ताकि हम उनकी समस्याओं का समाधान करने में एक माध्यम बन सके। साथ ही उनके द्वारा यह भी आह्वाहन किया गया कि यदि उनके संज्ञान में कोई ऐसा परिवार आए जो धन के अभाव में अपने बच्चों की पढ़ाई जारी नहीं रख पा रहा है तो उसकी जानकारी भी हमें दें ताकि इस पुनीत कार्य में भी हम उनका सहयोग करने में एक माध्यम बन सके। इस कार्यक्रम में शाखा के निम्न सदस्यों के द्वारा सहभागिता की गई :

श्री जेके जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शाखा संरक्षक

श्री श्रेयांश कुमार जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य

श्री निर्मल कुमार जैन कोषाध्यक्ष

श्री सुखसागर जैन रिटायर्ड सहायक महाप्रबंधक स्टेट बैंक सदस्य

श्री अरुण कुमार जैन Mizho Bank (जापानी बैंक) सदस्य

श्री मयंक जैन बर्कले बैंक सदस्य

अंत में सभा के अंतर्गत श्री जेके जैन जी को पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया।

## Gurgaon Unit: 17.11.2024

आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर महाराज की चौथी पुण्यतिथि पर आज प्रातः 9.30 बज़े, सेक्टर 15 जैन मंदिर जी में छोटे बच्चों की धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के सानिध्य में किया गया।

आयोजन करने के लिए श्री डी सी जैन एवं श्री डी पी जैन का बहुत-बहुत धन्यवाद।

विशेष धन्यवाद श्री पी के जैन साहब एवं श्रीमती नीरू जैन भाभी जी का जिन्होंने आज के पूरे कार्यक्रम को स्पॉन्सर किया।
धन्यवाद उन सभी जैन बैंकर्स सदस्यों का जिन्होंने आज के कार्यक्रम में सहभागिता करके कार्यक्रम को सफल बनाया।
श्रीमती रुचि जैन(PNB) पत्नी श्री विलास जैन (PNB) तथा श्री वैभव जैन, जो बच्चों को प्रति रविवार को धार्मिक शिक्षा सेक्टर 15 मंदिर में देते आ रहे हैं उनका विशेष योगदान रहा।
बच्चो में प्रतियोगिता के प्रति बहुत उत्साह था। लगभग 23 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।
उत्तर पुस्तिका चैक करने मे जैन बैंकर्स महिलाओ ने योगदान दिया।
प्रतियोगिता की समाप्ति पर प्रथम 6 बच्चों को विशेष पुरस्कार तथा प्रत्येक बच्चे को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात बच्चों को फल वितरित किये गये। फोरम के सदस्यों को अल्पाहार दिया गया।
सेक्टर 15 जैन मंदिर के अध्यक्ष श्री देवेंद्र जैन जी, कार्यकारिणी सदस्य श्री सुरेंद्र कुमार जैन जी एवं कोषाध्यक्ष श्री डी पी जैन जी के सहयोग के बिना यह कार्य असंभव था। उनका विशेष आभार धन्यवाद प्रकट किया गया।
सोम प्रकाश जैन, परम संरक्षक

## Delhi West Unit: 17.11.2024

आज दिनांक 17.11.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे अखिल भारतीय जैन बैंकिंग फोरम वेस्ट दिल्ली यूनिट की एक बैठक श्री विजेंद्र जैन जी की अध्यक्षता में हुई । इस बैठक में श्री जेके जैन जी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्री केवीएस जैन जी राष्ट्रीय संरक्षक भी मौजूद रहे। सबसे पहले णमोकार मंत्र का जाप किया गया तदोपरांत बैठक की कार्यवाही शुरू की गई। अध्यक्ष महोदय ने अतिथिगण एवं सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया । श्री जे के जैन शाखा सचिव ने पिछली बैठक का विवरण पढ़कर सुनाया जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। श्री जे के जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम का उद्देश्य व एक्टिविटीज़ के बारे में जानकारी देते हुए शाखा सदस्यों को एक्टीविटीज करने हेतु प्रेरित किया । श्री जे के जैन सचिव ने दिसम्बर माह में एक Blood Donation camp आयोजित करने के लिए प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। श्री विजेंद्र जैन जी अध्यक्ष ने हर महीने के आखिरी रविवार को 11: 00 बजे सामूहिक भक्तांबर जी का पाठ रखने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। इस के अलावा कुछ और एक्टिविटीज़ करने के लिए समय समय पर विचार करने व कार्यकारिणी को प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया। शाखा सचिव ने अपनी अस्वस्थता के कारण कार्यकारिणी के पुनर्गठन का अनुरोध किया जिसे स्वीकार करते हुए निम्न सदस्यों को पदभार ग्रहण करने की स्वीकृति प्रदान की गई :-
श्री विजेंद्र जैन (HDFC) - अध्यक्ष
श्री शशांक जैन (CBI) - उपाध्यक्ष
श्री राजेन्द्र जैन (SBI) - धार्मिक मंत्री
श्री बी के जैन (SBI)- सचिव
श्री अशोक जैन (PNB)- सह सचिव
श्री जे के जैन ( PNB)- कोषाध्यक्ष
सभी उपस्थित सदस्यों से वार्षिक सदस्यता राशि एकत्रित की गई।
अन्त में अतिथिगण एवं सभी उपस्थित सदस्यों को बैठक में भाग लेने के लिए धन्यवाद किया गया।
(बी के जैन) सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 17.11.2024

आज दिनांक 17.11.2024 को शाम 7:00 बजे अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज की चतुर्थ पुण्य तिथि के अवसर पर भक्तांमर 48 दीप महा अर्चना पाठ श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली में आयोजित किया गया जिसमें शाखा से श्री केवीएस जैन शाखा संरक्षक श्री जेके जैन शाखा संरक्षक श्री विशाल चंद जैन अध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन कोषाध्यक्ष श्री बीएस जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री मयंक जैन बर्कले बैंक सदस्य श्री अरुण जैन Mizho बैंक सदस्य श्रीमती नेहा जैन एचडीएफसी बैंक सदस्य एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी। अंत में शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन जी ने सभी सदस्यों एवं समाज सदस्यों का पाठ में सहभागिता देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## Gurgaon Unit: 16.11.2024

आचार्य श्री ज्ञान सागर जी की पुण्य तिथि के पावन अवसर पर फोरम ने स्थानीय मंदिरों के कर्मचारियों को आगामी सर्दियों में आवश्यकता को देखते हुए कम्बल वितरित किए । इस पुनीत कार्य के पुण्यार्जक श्री सोम प्रकाश जैन और श्रीमती सीमा जैन (PNB) है । इनके पुण्यार्जन की बहुत बहुत अनुमोदना।
राजेश जैन, सचिव

## Lalitpur Unit: 16.11.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर यूनिट द्वारा वार्षिक विमानोत्सव दिनांक 15/11/24 दिन शुकवार के अवसर पर आयोजित विशाल शोभा यात्रा के दौरान स्टेशन रोड पर श्री जी की आरती एवं सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। प्रातः श्री पार्श्वनाथ मंदिर स्टेशन पर आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महराज की पूजन एवं आरती की गई। कार्यक्रम में संस्था के निर्देशक श्री

सनत जैन खजुरिया,यूनिट के अध्यक्ष श्री विजय जैन लागोंन,मंत्री श्री राज कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री गौरव जैन के अलावा श्री महिपाल जैन,रमेश कुमार जैन,केवल चंद जैन,सुनील जैन,अशोक जैन,सुरेंद्र सिंघई ,प्रतीक जैन आदि मौजूद रहे।

## Agra Unit: 15.11.2024

Vinyanjali sabha on Samadhi Divas of Aacharya Shree 108 Gyan Sagar Ji Maharaj was organized by Jain Bankers Forum, Agra Unit on 15.11.2024 at M.D.Jain Inter College, Agra.

## Ghaziabad Unit: 15.11.2024

We feel pleasure to inform you that Akhil Bhartiya Jain bankers forum Ghaziabad unit has performed Acharya Gyan Sagar Ji Maharaj pujan today 15.11.24 at Shri Shantinath Digambar Jain Mandir Shastri Nagar Ghaziabad along with Jain samaj Shastri Nagar. We are thankful to all participants who co-operated us in this religious program.

V.K.Jain, Secretary

## Kota Unit: 15.11.2024

परम पूज्य सराकोद्ध्हारक आचार्य रत्न ज्ञान सागर जी महाराज के समाधि दिवस पर सचिव महावीर कुमार जैन कोटा इकाई ने दीप प्रज्ज्वलन व आरती की .

## Sagar Unit: 12.11.2024

सागर में एक अखिल भारतीय कालिदास समारोह में जिस कार्यक्रम में देश के उपराष्ट्रपति मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री आदि में शिरकत किया का संचालन हमारे सागर यूनिट के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र प्रधान जी की बिटिया वृंदा प्रधान के द्वारा किया गया जो कि अपने आप में एक बहुत बड़े सम्मान एवं गर्व की बात है। श्री वीरेंद्र प्रधान जी को ऐसी होनहार बिटिया के लिए बहुत-बहुत बधाई. ऐसी प्रतिभाशाली बिटिया के लिए हम सभी को गर्व है।

## Ghaziabad Unit: 11.11.2024

We organised a Career counselling and educational loan program at Jainmati Ujagarmal Jain inter college Kavi Nagar Ghaziabad on 11.11.24 Monday. Approx.200 students of class 10, 11 and 12th have participated in the program. International Career councillor Sh.Ritesh Jain has guided the students for their future Career and build confidence among them for what they want to do. Also tell first you have to decide about your Career as per your interest. Then study continuously for achieving the goals. He assured his guidance, if required in future. He also tells proper use of mobile and internet to increase the knowledge for their future Career. Sh.P.K.Agrawar PNB tells the students to develop banking habits by opening savings account in Bank. This will help them at the time of availing educational loan. He also guided about educational loan and on line banking cybercrime. He also advised not to share personal information and any OTP with any one. He also advised to keep minimum balance in the account connected with the mobile/internet. Students and college staff praised both the guest speakers for their valuable guidance. Ms. Seema Sisodiya principal have expressed her thanks for Akhil Bhartiya Jain bankers forum Gaziabad unit and guest speakers Sh. Ritesh Jain and Sh. P.K.Agarwal PNB for organizing such a beneficial program in the interest of the students. She also requested us to organise such type of program in future. Sh.S.K.Jain president has given vote of thanks to Sh. Sushil Jain, president, Ms. Seema Sisodiya principal and other staff of the college for their support and cooperation for this program and assured Bankers forum guidance when required. Program ended at 12.30.pm with a request to please take light refreshments.

V.K.Jain, Secretary

## Bhopal Unit: 10.11.2024

जैन बैंकर्स फोरम भोपाल एवं अनुशासनोदय समाज कल्याण समिति भोपाल द्वारा आचार्य श्री समय सागर महाराज जी के आशीर्वाद से सुधा सागर जी महाराज की प्रेरणा से अल्पसंख्यक कल्याण योजना प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जवाहर चौक जैन मंदिर में किया गया. शिविर में 100 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। शिविर को मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय विशेषज्ञ श्री अनिल बड़कुल जी एवं सहयोगी वक्त के रूप में रिया जैन सहायक संचालक पिछड़ा व अल्पसंख्यक कल्याण दमोह द्वारा संबोधित किया गया ।शिविर का उद्घाटन जस्टिस अभय गोहिल, कवीन्द्र कियावत आईएएस, इंद्रजीत जैन एडीजी, महेंद्र जैन अनिल जैन आरबीआई व बैंकर्स फोरम के सदस्यों किया। प्रशिक्षण प्राप्ति उपरांत यह जिला स्तरीय प्रशिक्षक अपने जिले व क्षेत्र में अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति दिलाने, व्यवसाय करने वालों को लोन, जैन स्कूलों को अल्पसंख्यक दर्जा दिलाने आदि के कार्य करेंगे।

## THA Ghaziabad Unit: 10.11.2024

ट्रांस ट्रांस हैंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा एनसीआर दिल्ली की लगभग 20 मंदिरों में पोस्टर लगाए गए हैं। अन्य शाखाओ से भी अनुरोध है इसी प्रकार के पोस्टर अपनी शाखा के पदाधिकारी के नाम देते हुए अपने निकटवर्ती मंदिरों में लगाय ताकि वहां के समाज की बैंकिंग समस्याओं का समाधान किया जा सके

## THA Ghaziabad Unit: 09.11.2024

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से भगवान महावीर के निर्वाणउत्सव एवं आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर बच्चों के मध्य धार्मिक विषय पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन आज दिनांक 9 नवंबर 2024 को श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली में प्रातः 9:00 बजे आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में वैशाली क्षेत्र के 30 बच्चों एवं उनके परिवारों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में वैशाली जैन समाज के अध्यक्ष श्री महिम जैन ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभा का शुभारंभ आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के चित्र अनावरण वर्धमान वुमन क्लब की सदस्याओ द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन वैशाली समाज के अध्यक्ष श्री महिम जैन, श्री केवीएस जैन, श्री अभिषेक जैन, श्री निर्मल कुमार जैन, श्री श्रेयांश कुमार जैन एवं श्री अंकित जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते बनता था। सभी बच्चों में इतना उत्साह था कि वह हर प्रश्न का आगे आकर उत्तर देना चाहता था। प्रश्नोत्तरी का संकलन एवं संचालन शाखा सचिव श्री अंकित जैन द्वारा किया गया। प्रश्नों के उत्तर देने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में शाखा की ओर से श्री जे के जैन संरक्षक, श्री केवीएस जैन संरक्षक, श्री अभिषेक जैन कार्यकारी अध्यक्ष, श्री अंकित जैन सचिव, श्री निर्मल कुमार जैन कोषाध्यक्ष, श्री श्रेयांश कुमार जैन उपाध्यक्ष, श्री अरुण कुमार जैन एवं परिवार शाखा सदस्य, श्री मयंक जैन शाखा सदस्य, श्रीमती नेहा जैन एवं परिवार शाखा सदस्य आदि ने अपनी सहभागिता प्रदान की इस कार्यक्रम में वर्धमान वूमेन क्लब की सदस्याओं ने भी अपनी सहभागिता दी।अंत में शाखा संरक्षक श्री जेके जैन जी द्वारा वैशाली जैन मंदिर के अध्यक्ष श्री महिम जैन जी, वर्धमान वुमन क्लब की सभी सदस्याओ एवं भाग लेने वाले सभी बच्चों एवं उनके परिवार जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Ghaziabad Unit: 06.11.24

Respected members, We feel pleasure to inform you that today i.e. on 6.11.24 our members Sh.Praveen Jain BOI has donated Rs.100000/- and Sh.L.C Malhotra CBI donated Rs.51000/- to Jiwan asha hospital Muradnagar for providing artificial limbs to Ms Poonam and Ms. Meenu Bansal . We are very much thankful to them for such a noble cause and hope such type of cooperation in the future from our members.

V.K.Jain, Secretary

## THA Ghaziabad Unit: 29.10.2024

हमारे परम आराध्य आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के ड्रीम प्रोजेक्ट प्रतिभा सम्मान समारोह जो की 04 एवं 5 जनवरी को कृषि भवन पूसा रोड दिल्ली पर परम पूज्य गणिनी आर्यका आर्षमाति माता जी के पावन सानिध्य में आयोजित होने जा रहा है - के लिए हमारी शाखा के दो निम्न सदस्य द्वारा सहयोग राशि दान स्वरूप देने की घोषणा की है:

Rs. 11000/- श्री जेके जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शाखा संरक्षक वैशाली

Rs. 21000/- श्री बीएस जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य वैशाली

हम इन दोनों सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## THA Ghaziabad Unit: 27.10.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के द्वारा आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज द्वारा अंतिम दीक्षित गणिनी आर्यका आर्षमति माताजी के पावन सानिध्य में बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 27 अक्टूबर 2024 को प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक श्री दिगंबर जैन मंदिर निर्माण विहार दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में निर्माण विहार एवं आसपास के क्षेत्र के जैन समाज के सदस्यों में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए शाखा संरक्षक श्री जे के जैन द्वारा सर्वप्रथम जैन बैंकर्स फोरम की स्थापना के उद्देश्य के बारे में बताया उसके उपरांत उपस्थित जैन समूह को बैंक की योजनाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।

व्यावसायिक ऋण एवं मुद्रा लोन के संबंध में श्री सुखसागर जी जैन रिटायर्ड सहायक महाप्रबंधक एसबीआई के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। डिसीस्ड अकाउंट एवं एजुकेशन लोन के संबंध में श्री जेके जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शाखा

संरक्षक के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। हाउसिंग लोन के संबंध में श्री अंकुर जैन शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक आफ इंडिया एवं साइबर क्राइम के संबंध में श्री अंकित जैन शाखा सचिव बर्कले बैंक के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। सभी के द्वारा कार्यक्रम की बहुत सराहना की गई। बाद में उपस्थित समाज के कुछ सदस्यों द्वारा अपनी बैंकिंग संबंधित समस्याओं की जानकारी हमारे सामने प्रस्तुत की जिनका यथासंभव उसी समय निराकरण किया गया साथ ही यह आह्वान भी किया गया कि भविष्य में भी किसी को किसी प्रकार की बैंकिंग संबंधी समस्या किसी भी बैंक से संबंधित यदि आए तो उससे हमें अवश्य ही अवगत कराय।

निर्माण विहार जैन समाज के महासचिव श्री सुनील कुमार जैन जी द्वारा कार्यक्रम को अत्यंत सफल एवं समाज के लिए बहुत ही उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि जैन बैंकर्स फोरम के द्वारा उपलब्ध कराई गई बैंक योजनाओं संबंधी जानकारी निश्चित ही सभी के लिए अत्यंत उपयोगी रहेगी। उन्होंने अपनी समाज के लोगों का आवाहन किया कि यदि बैंक संबंधी भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उन्हें आती है तो निश्चित ही हमारे इन बैंक साथियों को अवश्य अवगत कराय ताकि उनका निस्तारण किया जा सके।

इस अवसर पर अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए गणिनी आर्यका आर्षमति माताजी ने कहा कि यह वास्तव में अपने आप में अद्भुत है कि इतने सीनियर बैंक के अधिकारीगण अपना बहुमूल्य समय निकालकर हम सभी को बैंक संबंधित जानकारियां देने के लिए एवं आप सभी की समस्याओं का समाधान करने के लिए आपके पास आए हैं। वास्तव में यह जैन बैंकर्स फोरम के द्वारा आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की भावनाओं एवं उद्देश्य को आगे बढ़ाने में निश्चित ही एक मील का पत्थर साबित होगा। पूजनीय माताजी द्वारा यह भी आह्वान किया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रम कम से कम हर माह अलग-अलग क्षेत्र में किए जाने चाहिए ताकि जैन समाज के हर क्षेत्र में लोगों को बैंकिंग संबंधी जानकारियां प्राप्त हो सके एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन जी द्वारा माताजी को यह आश्वासन दिया गया कि जब कभी भी माता जी का संदेश या आदेश हमें प्राप्त होगा हम वही के क्षेत्र की शाखा को सूचित कर इस प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित करने का अवश्य ही प्रयास करेंगे।

अंत में शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन द्वारा जैन समाज निर्माण विहार एवं कार्यक्रम में सहभागिता देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

इस कार्यक्रम मे शाखा की ओर से श्री जेके जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शाखा संरक्षक, श्री विशाल चंद जैन शाखा अध्यक्ष, श्री अंकित जैन शाखा सचिव सपरिवार, श्री निर्मल कुमार जी जैन शाखा कोषाध्यक्ष, श्री बीएस जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य, श्री श्रेयांश कुमार जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री सुखसागर जैन रिटायर्ड महाप्रबंधक एसबीआई इंदिरापुरम शाखा सदस्य सपरिवार, श्री संजय कुमार जैन रिटायर्ड मुख्य प्रबंधक एसबीआई वसुंधरा शाखा सदस्य, श्री अंकुर जैन शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया वसुंधरा, शाखा सदस्य श्री अरुण कुमार जैन Mijuho बैंक (जापानी बैंक) वैशाली सपरिवार, श्री वीके जैन बैंक ऑफ़ इंडिया इंदिरापुरम सदस्य, श्री विकास जैन एचडीएफसी बैंक वैशाली सदस्य द्वारा अपनी सहभागिता दी।

अंत में वात्सल्य भोज के साथ सभा का समापन किया गया।

## Jaipur Unit: 26.10.2024

महावीर नगर, जयपुर में आयोजित त्रिदिवसीय विद्वत संगोष्ठी के दौरान जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा मुनिराज प्रणम्य सागर जी को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुनिराज श्री को जैन बैंकर्स की गतिविधियों से अवगत कराया गया। फोरम के संपर्क सूत्र पोस्टर का भी मुनिराज श्री ने अवलोकन किया। साथ ही फोरम द्वारा जैन समाज के अग्रणी विद्वत डॉक्टर शीतल चंद जी जैन का समाज एवं धर्म के प्रति उनकी समर्पण भावना पर कृतज्ञता स्वरूप अभिनन्दन किया गया। अल्प अवधि सूचना पर भी बैंकर्स फोरम के प्रतिनिधि काफी संख्या में उपस्थित थे।

## Gurgaon Unit: 25.10.2024

गत वर्ष में जिन सदस्यों द्वारा कुछ कार्यक्रम प्रायोजित किए गए थे, उनकी सूचि निम्न में प्रकार हैं:

1- बच्चों की धार्मिक प्रतियोगिता बारादरी में - श्री पी के जैन

2 - वृक्षारोपण - श्री पवन कुमार जैन

3 - वैदिक कन्या पाठशाला में पुस्तकों के लिए 21000 रुपए - श्री आर सी जैन

4 - साइबर क्राइम पर जाग्रति कार्यशाला + 300 सहभागियों को भोजन की वयवसथा सोम प्रकाश जैन

5 - वैदिक कन्या पाठशाला में करियर काउंसलिंग प्रोग्राम - श्री प्रमोद कुमार जैन

6- ब्लाइंड स्कूल के 200 बच्चों को 1 दिन का भोजन कराया- सोम प्रकाश जैन

7 - ब्लाइंड स्कूल में बच्चों ब्रेल लिपि की पुस्तकों की खरीद हेतु ₹.5100 का श्री पी के जैन द्वारा सहयोग

8- ब्लाइंड स्कूल में सामूहिक रूप से 24600 की राशि दान की गई

9 - झाड़सा मंदिर के माली की लड़की की 12th क्लास की ₹. 3000 की पुस्तक खरीदने में मदद की - श्री आर सी जैन

10 - श्री पवन जैन जी ने गुनातन में ₹ 21,000 की राशि दान की

11 - श्री पवन जैन जी ने पालम विहार मंदिर में एक अखंड ज्योति प्रदत्त की

निकट भविष्य में इन सभी सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। अगले दो माह में प्रायोजित किए जाने वाले कार्यक्रमो की सूची :

1- कंबल वितरण - सोम प्रकाश जैन

2- सेक्टर 15 मंदिर में छोटे बच्चो की भगवान महावीर स्वामी कें निर्वाण अवसर पर धार्मिक प्रतियोगिता - श्री पी के जैन

3- शिकोहपुर में बड़े बच्चों की आचार्य ज्ञान सागर महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर धार्मिक प्रतियोगिता एवं बच्चों को भोजन - श्री पी के जैन

4- मेडिकल चेकअप कैंप - श्री नरेश जैन पंजाब सिंध बैंक

5- स्कूल के बच्चो को पुस्तक/स्टेशनरी वितरण - श्री पवन जैन

6 - हाउसिंग लोन, पर्सनल लोन, एजुकेशनल लोन एवं व्हीकल लोन पर बैंकिंग गोष्टी वैदिक कन्या स्कूल स्टाफ के लिए - प्रमोद जैन

7- ब्लाइंड स्कूल के 200 बच्चों को 1 दिन का भोजन कराना - सोम प्रकाश जैन

8- बंधवारी में वृद्ध आश्रम में गर्म कपड़ों का वितरण गुड़गांव यूनिट के सदस्यों द्वारा

पवन जैन राजेश जैन
अध्यक्ष सचिव

## Gurgaon Unit: 22.10.2024

We thank all members for participating and their cooperation & contribution to Shri Ahichatra teerth yatra. In this connection, we advise that Akhil Bhartiya Jain Bankers Form Gurgaon unit collectively donated Rs. 103,000/- to Shri Ahichatra Paras Nath mandir Ji .The contribution of the members is as under:

1-Mahesh Singal- 11600

2.Som Prakash- 11000

3.N K Jain Ji - 6300

4.P K Jain Ji - 5100

5.A K Jain. Ji - 5100

6.D. P Jain. Ji - 5100

7.Seema Ji - 5100

8.Ritika(D CJain) - 5100

9.Anil Jain Sec15 - 4100

10.Pawan Jain Ji - 3100

11.Pramod Jain Ji - 3100

12. O P Jain Ji. - 3100

13.Sandeep Ji(Noida) -3100

14. L S Jain. - 2200

15.Prabha Ji. - 2100

16. Sanjeev Ji - 2100

17. Rakesh Ji. - 2100

18.Smt Usha Ji - 2100

19.Sunil Jain Ji - 2100

20.Shriyansh Ji - 2100

21.Naveen Ji. - 2100

22.R C Jain.Ji - 2100

23. Adesh Jain.- 2100

24.Anita Ji 2100

25. D K Jain. 2100

26. Kulvinder ji. 2100

27. D C Jain. 2000

28. Ajit Pd ji. 1100

29. Virander Dev 1100

30. Manju ji 500

Total : Rs1,03,000/-

We once again thank Sh Mahesh Singal ji, who not only sponsored the tour but also donated Rs one lac to Shree Ahichatra Parasnath Jain Mandir in addition to above noted contribution. Further two members Sri Ajit Pd Ji & Sri Virendra Dev Ji contributed Rs 1100/- each without joining the trip. We convey our special thanks to both of them. D. P. Jain, Treasurer

## Gurgaon Unit: 22.10.2024

फोरम के तत्वाधान में दिनाँक 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को श्री अहिक्षेत्र की धार्मिक यात्रा दो बसों से की गई, जिसमें फोरम के 60 सदस्यों ने यात्रा कर पुण्यार्जन किया। इस दो दिन की यात्रा का आनन्द अनोखा और अद्‌भुत ही रहा। प्रत्येक सदस्य ने अपना इन्वॉल्वमेंट दिखा कर यात्रा को और रोचक कर दिया। सबसे प्रथम तिखाल वाले बाबा और समस्त वेदियों का श्रद्धा और समर्पण के साथ अवलोकन किया गया, चक्षु तृप्त हो गये। उसी दिवस शाम को 48 दीपकों से मंत्रोचारण के साथ भक्तामर पाठ का संस्कृत और हिन्दी भाषा में शानदार पठन किया गया। अगले दिवस 19 अक्टूबर को प्रातः सदस्यों ने कलशाभिषेक और शान्तिधारा कर पुण्य कमाया। इस पुण्यार्जन में कुछ श्रावक श्रेष्ठियों ने बोलियाँ लेकर सक्रिय भागीदारी निभाई जिनका उल्लेख करना समीचीन और गरिमामय होगा। वो इस प्रकार रही :-

1. श्री जी को विराजमान करने वाले सौभाग्यशाली पुण्यार्जक श्री महेश जी सिंगल राशि ₹. 17000.00
2. प्रथम कलशाभिषेक पुण्यार्जक श्री सोम प्रकाश जी जैन राशि ₹.15515.00
3. प्रथम शान्तिधारा पुण्यार्जक श्री सोम प्रकाश जी जैन राशि ₹. 21121.00
4. द्वितीय शान्तिधारा पुण्यार्जक श्री संदीप जी जैन राशि ₹. 21121.00
5. श्री जी की छत्र ढुलाई, पुण्यार्जक श्री मुकेश जी जैन राशि ₹. 16000.00
6. फोरम के सभी सदस्यों द्वारा सामूहिक रुप से क्षेत्र को दी जाने वाली दान राशि ₹. 103000.00
7. श्री महेश सिंघल जी द्वारा क्षेत्र को प्रदत्त राशि ₹.100000.00

कलशाभिषेक और शांति धारा के पश्चात चिंतामणी श्री 1008 पार्श्व नाथ भगवान का मंगल विधान का आयोजन श्रीमति आशा जैन, श्री आदेश जैन एवं श्री अनिल जैन, श्रीमति मीना जैन द्वारा प्रायोजित किया गया जिसमें सभी सदस्यों ने हिस्सा लेकर पुण्यार्जन किया। ये धार्मिक यात्रा बहुत सारी मधुर और संतोषजनक यादें संजोये हुए, मन में गुदगुदाते हुए हमेशा स्मरण में रहेगी। इस सम्पूर्ण यात्रा के प्रायोजक श्रावक श्रेष्ठी श्री महेश जी सिंगल रहे। रास्ते में भजन, गीतों, धार्मिक हाऊजी, धार्मिक अंत्याक्षरी का आयोजन श्री डी सी जैन श्री पवन जैन और ऋतिका जैन एवं श्रीमति आशा जैन के सहयोग ने यात्रा को और रोचक बना दिया.

राजेश जैन, सचिव

## Agra Unit: 15.10.2024

दिनांक 14.10.2024 दिन सोमवार को फोरम के सभी सदस्यों की एक साधारण सभा श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर, देवनगर, आगरा पर प्रातः 10.30 बजे से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता फोरम के अध्यक्ष श्री राजीव कुमार जैन द्वारा की गई।

बैठक का शुभारंभ श्री कमल कुमार जैन उपाध्यक्ष के द्वारा किये गये मंगलाचरण के साथ किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय संरक्षक श्री अरूण कुमार रपरिया एवं श्री अवनि कुमार जैन के साथ सभी सदस्यों ने परम पूज्य आचार्य 108 श्री ज्ञानसागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर उनको नमन किया । बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक श्री अरूण कुमार रपरिया एवं श्री अवनि कुमार जैन सहित कुल 17 सदस्य उपस्थित हुए । बैठक का कार्रवाई प्रारंभ करते हुए फोरम के मंत्री श्री जे बी जैन ने गत वर्ष 01 सितम्बर, 2023 से 31 अगस्त 2024 के दौरान फोरम द्वारा आयोजित सभी 18 कार्यक्रमों / गतिविधियों से सभी सदस्यों को अवगत कराया। इस हेतु मंत्री महोदय द्वारा सभी सदस्यों को उनके द्वारा तन-मन-धन से प्रदान किये गये सहयोग के लिए बहुत बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया और आशा प्रकट की कि भविष्य में भी उन सभी का सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा। इसके बाद बैठक के एजेण्डा नं0 2 के अनुरूप फोरम के चुनाव हेतु श्री अवधेश कुमार जैन, श्री अनिल कुमार जैन एवं श्री मुकेश चंद जैन को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। तत्पश्चात् चुनाव अधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों को निर्वाचित घोषित किया गया :-

1 श्री राजीव कुमार जैन अध्यक्ष
2 श्री कमल कुमार जैन कार्यकारी अध्यक्ष
3 श्री महेश चंद जैन मा० एस्टेट मंत्री
4 श्री रमेश चंद जैन कोषाध्यक्ष
5 श्री आजाद कुमार जैन संयुक्त मंत्री
6 श्री सत्येन्द्र कुमार जैन उपाध्यक्ष
7 श्री अनिल कुमार जैन उपाध्यक्ष
8 श्री मुकेश चंद जैन संगठन मंत्री
9 श्री एम सी जैन के के नगर प्रचार मंत्री
10 श्री अनिल कुमार जैन संयोजक
11 श्री अवधेश कुमार जैन संयोजक
12 श्री अजय कुमार जैन ऑडीटर
13 श्री जे बी जैन संरक्षक

निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् नई कार्यकारिणी को कार्यभार गृहण कराया गया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया । इसके पश्चात् राष्ट्रीय संरक्षक श्री अरूण कुमार रपरिया जी द्वारा फोरम के उद्देश्यों एवं इसके पीछे की भावना पर सभी सदस्यों को अवगत कराया एवं फोरम के द्वारा समाज के जरूरतमंद लोगों को जो आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है इस हेतु एक कमेटी के गठन का सुझाव दिया गया जो इस सम्बन्ध में नीति एवं नियमों को बनाये एवं उसी के अनुसार फोरम सहायता प्रदान करने के कार्यक्रम को जारी रखे। उनके इस सुझाव पर एक 8 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया जो इस सम्बन्ध में आवश्यक नियमावली बनायेगी।

1 श्री अरूण कुमार रपरिया
2 श्री अवनि कुमार जैन
3 श्री जे बी जैन
4 श्री कमल कुमार जैन
5 श्री मुकेश चंद जैन देव नगर
6 श्री राजीव कुमार जैन अध्यक्ष
7 श्री महेश चंद जैन मंत्री
8 श्री रमेश चंद जैन कोषाध्यक्ष

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा यह चिंता व्यक्त की गई कि फोरम की बैठकों में उपस्थित सदस्यों की संख्या में आशातीत वृद्धि नहीं हो पा रही है। हमें सभी सदस्यों से बात करते हुए उनसे बैठकों में उपस्थित होने की अपील करनी चाहिए एवं यह सुझाव दिया गया कि अगली बैठक में प्रत्येक सदस्य कम से कम एक और सदस्य को लेकर आने की जिम्मेदारी निभाये एवं यदि उन सदस्यों की कोई समस्या हो तो उसको दूर करने का प्रयास किया जाना चाहिए । फोरम के सदस्य श्री एम सी जैन, के के नगर द्वारा यह सुझाव दिया गया कि जैन समाज को अल्पसंख्यक वर्ग के अंतर्गत प्राप्त होने वाले लाभों का भी अध्ययन करना चाहिए एवं जो प्रावधान समय के लिए उपयोगी हों उनको समाज में प्रचारित-प्रसारित करना चाहिए जिससे अधिक के अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। इसके पश्चात् अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को बैठक में भाग लेने, बहुमूल्य सुझाव देने एवं बैठक को सफल बनाने हेतु धन्यवाद दिया। भगवान चन्द्रप्रभु के उद्घोष के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गई ।

## **Meerut Unit: 13.10.2024**

आज दिनांक 13 अक्टूबर 2024 को श्री 1008 भगवान महावीर जैन पंचायती मंदिर आर 2 डी ब्लॉक शास्त्री नगर मेरठ में विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन जैन बैंकर फोरम एवं श्री जैन समाज मेरठ पूर्व शास्त्री नगर मेरठ द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मेरठ एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रख्यात डॉक्टर ने भाग लिया जिसमें डॉ अमित जैन कैंसर रोग विशेषज्ञ MD DNB, डॉ अभिषेक जैन मूत्र एवं गुर्दा रोग विशेषज्ञMS Mch(Urology), डॉक्टर गौरव गर्ग पेट रोग विशेषज्ञ (MD, DM Gestroentrology), डॉक्टर

रामेंद्र सिंह हृदय एवं काय रोग विशेषज्ञ MBBS, MD ( मेडिसिन), डॉ अमित त्यागी त्वचा रोग विशेषज्ञ MBBS, MD, (Skin & V. D.), जिसमें ECG शुगर टेस्ट यूरोफ्लोमेट्री टेस्ट की सुविधा निशुल्क प्रदान की गई, जिसमें सभी वर्ग के व्यक्तियों द्वारा लाभ प्राप्त किया गया डॉक्टर के परामर्श पर उपरोक्त टेस्ट भी कराये गये. सभी डॉक्टर का कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया कार्यक्रम के अंत मे सभी अतिथियों को जलपान कराया गया तत्पश्चात अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम मेरठ शाखा की एक सभा आयोजित की गई जिसमें सर्दियों के मौसम में गरीब परिवारों के हेतु अनयूज़्ड कपड़े वितरित करना एवं करियर काउंसलिंग का विशाल आयोजन करने पर विचार विमर्श हुआ जिसमें सभी ने अपनी स्वीकृति प्रदान की सभा में अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम के 17 पदाधिकारीयों एवं सदस्यों ने भाग लिया सभा में मेडिकल कैंप पर आने वाले खर्च हेतु विचार विमर्श किया गया जिसमें निम्न सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया:-

| | |
|---|---|
| सुधीर कुमार जैन पीएनबी | 2100/- |
| जेके जैन पीएनबी | 1100/- |
| पायल जैन पीएनबी | 1100/- |
| विपिन जैन एसबीआई | 1100/- |
| विवेक जैन पीएनबी | 1100/- |
| अजय कुमार जैन पीएनबी | 1100/- |
| विकास जैन एसबीआई | 1100/- |
| अजय कुमार जैन सिंडिकेट बैंक | 1100/- |
| एम डी जैन एसबीआई | 1100/- |
| लोकेश जैन पीएनबी | 1100/- |
| सजल जैन पीएनबी | 500/- |
| प्रमोद कुमार जैन पीएनबी | 3100/- |

श्री सुधीर कुमार जैन वरिष्ठ प्रबंधक रिटायर्ड स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने फोरम द्वारा लगाए गए मेडिकल कैंप में ECG एवं शुगर टेस्ट मे आने वाले व्यय को वहन करने की घोषणा की है. हम फोरम के उपरोक्त सभी सदस्यों का सहयोग प्रदान करने पर हृदय से हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं. मेडिकल कैंप होने वाले आय व्यय का पूर्ण ब्यौरा विवरण सहित कोषाध्यक्ष द्वारा शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा.

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रमोद जैन | श्री सुधीर जैन | श्री सजल जैन |
| अध्यक्ष | मंत्री | कोषाध्यक्ष |

## Sagar Unit: 12.10.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की सागर इकाई का प्रथम स्नेह मिलन कार्यक्रम समाज सेवी/इतिहासविद् सेठ दामोदर जैन शाहगढ़ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें लॉयन सुरेश जैन (अध्यक्ष जैन मिलन, मकरोनिया) मुख्य अतिथि तथा मध्यांचल ग्रामीण बैंक के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक के सी जैन विशिष्ट अतिथि रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ अनुकांक्षा जैन द्वारा प्रस्तुत एकता पर आधारित नृत्य के साथ हुआ. कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए अनेक व्यक्तियों को सम्मानित किया गया. सम्मानित होने वाले प्रमुख व्यक्ति हैं; रानी अवंती बाई विश्व विद्यालय की कुलसचिव डॉ शक्ति जैन एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन (शिक्षा), पूर्व स्टेट बैंक अधिकारी मुन्ना लाल जैन एवं समाज सेवी लॉयन गुलझारी लाल जैन (समाज सेवा तथा यशवंत जैन (उत्कृष्ट बैंकिंग ग्राहक सेवा). दस लक्षण पर्व के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों सिद्धार्थ जैन (प्रथम), संतोष जैन (द्वितीय) एवं निधि राकेश जैन (तृतीय) को इस अवसर पर पारीतोशिक वितरण भी किया गया. संस्था के आजीवन सदस्य प्रमोद जैन, राज कुमार जैन, सुरभित जैन, सिल्की सेठ, वीरेंद्र प्रधान, राकेश सतभैया, के सी जैन इत्यादि को भी सम्मानित किया गया. संस्था के सचिव राजेश सिंघई ने फोरम के उद्देश्य, गठन एवं कार्य पद्धति इत्यादि विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला. कोषाध्यक्ष अशोक सेठ ने अपने विस्तृत उद्बोधन में इस प्रकार के आयोजनों की उपादेयता का महत्व बताया. कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने किया. पूरे कार्यक्रम में जैन मिलन के क्षेत्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष संजय जैन शक्कर, जैन संघटना के अध्यक्ष कमलेश चौधरी शामिल हुये।

## Ghaziabad Unit: 05.10.2024

We feel pleasure to inform you that a meeting of Ghaziabad unit was held today i.e. 5.10.24 Saturday at 11.15 am at Kavi Nagar Jain Mandir Ghaziabad Sabha Bhawan with 16 members attended this

meeting. Started the meeting with Namokar Mahamantra uchcharan. As per agenda last meeting proceedings was confirmed by the house. New member Sh. Sushil Kumar Jain Ex.RM Central Bank introduced himself and house welcomed him for joining the Forum. Thereafter annual Receipt and Payment for FY 23-24 was placed before the house and passed. We have discussed the unit future activities and decided as follows:- Medical checkup camp will be organised 2. Carrear counselling at Jainmati school 3. Old clothes and blankets distribution with tea and snacks at Ashry sthal Nasirpur railway crossing Ghaziabad. 4. Dharmayatra at nearby Jain tirth with spouse at appropriate time. These programs will be materialised upto December 24. Members suggested that Birthday data of members is to be collected so that they can wish each of them. House agreed for the same. Meeting was concluded at about 12.30 pm. Sh.S.K.Jain President gave vote of thanks to all members especially to Sh.A.K.Jain RBI for offering Snacks to the members.

V.K.Jain, Secretary

## Bhopal Unit: 24.09.2024

जैन बैंकर्स फोरम भोपाल के सदस्य श्री शैलेंद्र जैन द्वारा सागर में जगत पूज्य,तीर्थचक्रवर्ती,महान तपस्वी,मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी की छांव में मनाए दस लक्षण धर्म पर्व. जैसा कि हम सभी जानते हैं कि पूज्य गुरुदेव सुधा सागर जी के चातुर्मास स्थली में विगत कई वर्षों से श्रावक संस्कार शिविर आयोजित होता आ रहा है तो इसी श्रंखला मे इस वर्ष भी सागर में भाग्योदय परिसर में 31 वा शिविर 8 सितंबर से 17 सितंबर 2024 तक संपन्न हुआ। मैने भी विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिविर में शिवरार्थी बन कर अपने कर्मों की निर्जरा की. इसमें मेरी धर्मपत्नी और प्यारी बेटी का भी मुझे बहुत संबल रहा और उन्होंने भी मेरी इस साधना को संपन्न कराने मे खुले दिल से सहमति और सहयोग किया।

## Bhopal Unit: 19.09.2024

अनंत चतुर्थी के दिन जैन बैंकर्स फोरम भोपाल, के सौजन्य से "कंठ पाठ" कार्यक्रम का भव्य आयोजन बाबड़िया कलां जैन मंदिर में हुआ । 3 वर्ष से 12 वर्ष उम्र के बच्चों ने अपने मधुर कंठ से शानदार प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में तीन ग्रुप बनाए गए थे. अंत में विजेता एवम सभी प्रतिभागियों को पुरष्कृत किया गया। विगत दस दिनों में हमारे पुजारी श्री दीप कुमार जी व माली प्रिय राजकुमार जी को भी सम्मानित किया गया तथा पर्वकाल में उत्तम विवस्था बनाये रखनें वालों व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के अयोजकों के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## Jaipur Unit: 04.09.2024

श्री अशोक कुमार जी जैन पूर्व महाप्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज के 5 दिन के अर्ह स्वात्म साधना शिविर में हिस्सा लिया था। अर्ह ध्यान योग के साधना, समर्पण और स्वाध्याय के माध्यम से जन जन के आत्म कल्याण मिशन में सहभागी बनने की भावना से उन्होंने 2,51,000/- का सहयोग किया है। जैन बैंकर्स के संरक्षक श्री अशोक जैन को ॐ अर्हम सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के संरक्षक परिवार में सम्मिलित किया गया है।

भागचंद जैन मित्रपुरा

अध्यक्ष